नई दिल्ली
गुरुवार, 10 जुलाई 2025
आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा वर्ष : 29, अंक : 86
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com




**मौसम**
अधि. 32
न्यून. 27




## अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के तहत महिलाओं से केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने किया 'सहकार संवाद'

# गुजरात की डेयरी क्षेत्र से जुड़ी 36 लाख महिलाएं 80 हजार करोड़ रुपए का व्यापार कर रहीं

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के तहत आयोजित किए जा रहे कार्यक्रमों के अंतर्गत गुजरात के अहमदाबाद में गुजरात, मध्य प्रदेश और राजस्थान की सहकारिता क्षेत्र से जुड़ी महिलाओं व अन्य कार्यकर्ताओं के साथ 'सहकार संवाद' में हिस्सा लिया। अमित शाह ने कहा कि त्रिभुवनदास पटेल के नाम पर आणंद जिले में त्रिभुवन सहकारिता यूनिवर्सिटी का शिलान्यास हुआ है। सहकारिता क्षेत्र में युवा पेशेवर तैयार करने का मूल विचार त्रिभुवनदास का था और इसी उद्देश्य से इस यूनिवर्सिटी की स्थापना की जा रही है। त्रिभुवनदास ने ही सही मायने में कोऑपरेटिव की नींव डाली थी, जिसके कारण आज गुजरात की डेयरी क्षेत्र से जुड़ी 36 लाख महिलाएं 80 हजार करोड़ रुपए का व ▶▶ शेष पेज 5 पर



### नेचुरल फार्मिंग को लेकर शाह की 2 बड़ी बातें

1. प्राकृतिक खेती के लिए एक गाय ही काफी: जो प्राकृतिक खेती करते हैं, उनके खेत में केंचुए होते हैं। इससे मिट्टी की उर्वरकता भी बनी रहती है। बारिश होने पर पानी भी खेत से बाहर नहीं जाता है। लोगों को ये मालूम होना चाहिए कि केंचुए किसी भी उर्वरक के बराबर काम करते हैं। प्राकृतिक खेती के लिए एक गाय ही काफी है। इसके गोबर से तैयार होने वाली खाद से आप 21 एकड़ की खेती कर सकते हैं।
2. केंद्र सरकार ने इसके लिए को ऑपरेटिव बनाया है: भारत सरकार के सहकारिता मंत्रालय ने प्राकृतिक खेती के अनाज को खरीदने के लिए कोऑपरेटिव बनाई है। एक्सपोर्ट करने के लिए भी कोऑपरेटिव बनाई है। 8-10 साल में इसकी टेस्टिंग का काम शुरू हो जाएगा। अमूल की तर्ज पर मुनाफा मिलने लगेगा।

राजनीति के बाद यह करेंगे अमित शाह

## वेदों-उपनिषदों का अध्ययन करेंगे व प्राकृतिक खेती के लिए काम करेंगे

*केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने बताया कि राजनीति के बाद वे अपना जीवन प्राकृतिक खेती को समर्पित करेंगे। अहमदाबाद में एक कार्यक्रम में बोलते हुए शाह ने कहा कि वेदों-उपनिषदों का अध्ययन करेंगे और प्राकृतिक खेती के लिए काम करेंगे। उन्होंने प्राकृतिक खेती को वैज्ञानिक प्रयोग बताते हुए इसके फायदों पर जोर दिया। उन्होंने कहा है कि मैंने तय किया है कि राजनीति के बाद मैं बाकी का जीवन प्राकृतिक खेती के काम में लगा दूंगा। शाह ने कहा कि उर्वरक वाला गेहूं खाने से कैंसर होता है। बीपी बढ़ता है। थायरॉइड की प्रॉब्लम होती है। खाने वाले शख्स के शरीर को अच्छा बनाए रखने के लिए बिना फर्टिलाइजर वाला भोजन करना जरूरी है, अगर ऐसा होगा तो इसका मतलब दवाइयों की जरूरत ही नहीं होगी।*


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### 18 जुलाई को किसानों को मिलेगी 20वीं किस्त!



**नई दिल्ली।** पीएम किसान योजना के तहत 18 जुलाई को किसानों को 20 वीं किस्त जारी हो सकती है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत साल में तीन बार 2-2 हजार रुपए दिए जाते हैं। 18 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिहार के मोतिहारी जाएंगे। यहां वे गांधी मैदान में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। इसी कार्यक्रम में किस्त जारी होगी।

### मानसून सत्र में आएगा महाभियोग का प्रस्ताव



**नई दिल्ली।** घर में नकदी बरामद होने के आरोप में फंसे इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा को हटाने को लेकर सरकार प्रस्ताव ला सकती है। जस्टिस वर्मा को हटाने के लिए सरकार संसद के मानसून सत्र में प्रस्ताव ला सकती है। लोकसभा में प्रस्ताव के लिए कम से कम सौ सांसदों के हस्ताक्षर जरूरी हैं।

### इनस्पेस ने स्टारलिंक को दी लॉन्च की मंजूरी




**नई दिल्ली।** भारत में अब जल्द ही एलन मस्क की सैटेलाइट इंटरनेट सेवा स्टारलिंक लॉन्च होने वाला है। देश की अंतरिक्ष क्षेत्र की निगरानी और प्रमोशन करने वाली संस्था इनस्पेस ने स्टारलिंक सैटेलाइट कम्युनिकेशन्स को भारत में स्टारलिंक जेन1 कॉनस्टेलेशन के माध्यम से इंटरनेट सेवाएं शुरू करने की मंजूरी दे दी है। यह लाइसेंस पांच साल के लिए है।

## नामीबिया की राजधानी विंडहोक के स्टेट हाउस में प्रधानमंत्री मोदी और नामीबिया की राष्ट्रपति डॉ. नैदतवा के बीच हुई द्विपक्षीय बैठक से निकला यह महत्वपूर्ण निष्कर्ष

# आतंकवाद के खिलाफ जारी वैश्विक लड़ाई को मजबूत बनाएंगे भारत और नामीबिया

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अपनी पांच देशों की विदेश यात्रा के अंतिम पड़ाव नामीबिया की राजधानी विंडहोक के स्टेट हाउस में बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति डॉ. नटुम्बो नंदी नदैतवा के बीच एक महत्वपूर्ण प्रतिनिधिमंडल स्तर की द्विपक्षीय बैठक हुई। जिसमें दोनों की द्विपक्षीय भागीदारी के अलावा साझा हितों से जुड़े हुए वैश्विक मुद्दों पर भी गहनता के साथ चर्चा की गई। दोनों शीर्ष नेताओं ने अपनी बातचीत में आतंकवाद के मामले को भी प्रमुखता के साथ न केवल शामिल किया।

बल्कि इस वैश्विक चुनौती के विरूद्ध जारी अंतरराष्ट्रीय लड़ाई को मजबूती प्रदान करने के लिए भी अपनी सहमति जताई। नामीबिया ने भारत के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के तुरंत बाद भारत के लोगों को जो मजबूत समर्थन प्रदान किया था। उसके लिए पीएम मोदी ने उनके प्रति आभार व्यक्त किया। बैठक में दोनों नेताओं ने ग्लोबल साउथ के देशों की आवाज को बुलंद करने के लिए साथ मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता जाहिर की। प्रधानमंत्री मोदी ने नामीबिया की राष्ट्रपति को पारस्परिक रूप से सुविधाजनक समय पर भारत आने का निमंत्रण भी दिया। विदेश मंत्रालय ने 9 जुलाई को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी।

**पीएम मोदी ने भारत में चीता परियोजना में दिए सहयोग के लिए नामीबिया की राष्ट्रपति को धन्यवाद दिया**



दोनों देशों के बीच हुए दो एमओयू और तीन घोषणाएं की गई

### पीएम का रेड कार्पेट वेलकम

बीते 27 वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की नामीबिया की यह पहली यात्रा है। इसके अलावा इस साल मार्च में नामीबियाई राष्ट्रपति द्वारा पदभार ग्रहण करने के बाद की गई किसी विदेशी राष्ट्राध्यक्ष की उनके देश की यह पहली राजकीय यात्रा है। बैठक से पहले नामीबिया पहुंचने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हवाई अड्डे पर रेड कार्पेट वेलकम दिया गया, नामीबियाई सैन्य बलों ने उन्हें गार्ड ऑफ आनर दिया। इसके बाद भारतीय समुदाय के लोगों ने पीएम का जोरदार अंदाज में स्वागत किया।

### दो एमओयू पर किए गए हस्ताक्षर

मंत्रालय ने बताया कि बैठक के बाद भारत और नामीबिया के बीच स्वास्थ्य और उद्यमिता को लेकर कुल दो समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए और तीन घोषणाएं की गई। जिसमें नामीबिया ने भारत के आपदा रोधी अवसंरचना गठबंधन (सीडीआरआई), ग्लोबल बॉयोफ्यूल एलायंस से जुड़ने की घोषणा शामिल है। इसके अलावा तीसरी घोषणा के रूप में यह दक्षिणी अफ्रीकी देश दुनिया का ऐसा पहला देश बन गया है। जिसने यूपीआई तकनीक को अपनाने के लिए भारत के साथ लाइसेंसिंग समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

### पीएम ने सराहा प्रोजेक्ट चीता पर सहयोग



दोनों नेताओं की बातचीत में रक्षा, समुद्री सुरक्षा, डिजिटल प्रौद्योगिकी, यूपीआई, कृषि, स्वास्थ्य, फार्मा, ऊर्जा और महत्वपूर्ण खनिज जैसे क्षेत्रों को शामिल किया गया। इसके अलावा द्विपक्षीय सहयोग को और अधिक मजबूत बनाने पर भी दोनों नेताओं ने ध्यान केंद्रित किया। प्रधानमंत्री ने भारत की चीता संरक्षण परियोजना में नामीबिया के सहयोग के लिए राष्ट्रपति नंदी नदैतवा को धन्यवाद दिया। साथ ही उन्होंने नामीबिया को अंतरराष्ट्रीय बिग कैट एलायंस में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया।

### द्विपक्षीय व्यापार में वृद्धि संतोषजनक

प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति नदैतवा ने द्विपक्षीय व्यापार में वृद्धि पर संतोष जाहिर करते हुए इस ▶▶ शेष पेज 5 पर

अपने चिर-परिचित अंदाज में 140 करोड़ भारतीयों को समर्पित किया पीएम ने यह सम्मान

## नामीबिया के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दुनियाभर में बढ़ती लोकप्रियता का ग्राफ लगातार बढ़ता जा रहा है। जिसका प्रत्यक्ष नजारा बुधवार को दक्षिणी अफ्रीका के एक देश नामीबिया में देखने को मिला।

जहां नामीबियाई राष्ट्रपति डॉ.नेटुम्बो नंदी नदैतवा ने पीएम को अपने देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ऑर्डर ऑफ द मोस्ट एन्शिएंट वेल्वित्शिया मिराबिलिस' से सम्मानित किया। वह पहले भारतीय राजनेता हैं, जिन्हें नामीबिया ने ▶▶ शेष पेज 5 पर

### 1.4 बिलियन भारतीयों को समर्पित किया सम्मान

मंत्रालय ने बताया कि प्रधानमंत्री ने इस पुरस्कार को भारत की कुल करीब 140 करोड़ जनता और दोनों देशों की ऐतिहासिक और मजबूत संबंधों को समर्पित किया है। इसके अलावा उन्होंने इस सम्मान के लिए राष्ट्रपति डॉ.नदैतवा और उनके देश की आम जनता के प्रति हार्दिक आभार प्रकट किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पुरस्कार को ग्रहण करने के बाद दिए अपने संबोधन में कहा कि इस सम्मान से सम्मानित होना मेरे लिए अत्यंत सम्मान और गौरव की बात है। जिसके लिए मैं राष्ट्रपति नदैतवा और नामीबिया की जनता का आभारी हूं। यहां बता दें कि नामीबिया ने इस पुरस्कार की घोषणा वर्ष 1990 में अपनी स्वतंत्रता के बाद 1995 में की थी।

### द्विपक्षीय भागीदारी के लिए महत्वपूर्ण

मंत्रालय ने कहा, पीएम को दिया गया यह सम्मान भारत और नामीबिया के द्विपक्षीय संबंधों के मामले में एक मील के पत्थर के समान है। जो युवा पीढ़ी के लिए किसी प्रेरणा से कम नहीं है और इससे दोनों देशों की विशेष साझा भागीदारी को एक नई ऊंचाई तक ले जाने में भी मदद मिलेगी।

नड्डा ने हिमाचल प्रदेश के आपदा प्रभावित क्षेत्रों का किया दौरा

## जेपी नड्डा बोले - केंद्र राहत देने के लिए सदैव तत्पर

**भाजपा ने आपदा प्रभावित क्षेत्रों में सबसे पहले राहत पहुंचाने का काम किया: भाजपा अध्यक्ष**



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा अपने हिमाचल प्रदेश दौरे के दौरान मंडी जिला के उन क्षेत्रों में गए जहां भारी बारिश के कारण बहुत बड़ा नुकसान हुआ, नाचन, पंगलियूर, बागा, सैंज, थुनाग जैसे इलाके बहुत ▶▶ शेष पेज 5 पर

पाटिल के साथ नायब सैनी और भगवंत मान ने की चर्चा

## एसवाईएल को लेकर केंद्र के साथ मुख्यमंत्रियों की हुई बैठक

**अगली बैठक में बातचीत से अवश्य ही बेहतर हल निकलेगा: नायब**



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल के साथ बुधवार को नई दिल्ली में सतुलज यमुना लिंक (एसवाईएल) को लेकर हरियाणा और पंजाब के मुख्यमंत्रियों की बैठक हुई। बैठक में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के अलावा केन्द्रीय सचिव देबाश्री मुखर्जी, हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग ▶▶ शेष पेज 5 पर

मोरबी पुल हादसे के तीन साल बाद... | वडोदरा में महिसागर नदी पर बने गंभीरा पुल पर हादसा | 40 साल पुराना पुल था, पिछले साल मरम्मत भी हुई थी

## पुल का एक हिस्सा भरभराकर गिरा 5 वाहन नीचे गिरे, 10 की मौत हो गई

एजेंसी ▶▶ वडोदरा

गुजरात के वडोदरा जिले के पादरा तालुका में आणंद और पादरा को जोड़ने वाले एक पुल का हिस्सा ढह गया। पुल के टूटते ही कई वाहन महिसागर नदी में 5 वाहन गिर गए। बताया जा रहा है कि इस हादसे में 10 लोगों की मौत हो गई है, जबकि करीब 15 लोगों को बचा लिया गया है। यह पुल 40 साल पुराना था। पिछले साल ही इसकी मरम्मत हुई थी। इस पर भारी वाहन बैन थे, फिर भी चल रहे थे। बुधवार को इसका एक हिस्सा भरभराकर गिर गया। दो ट्रक, ▶▶ शेष पेज 5 पर



24 ट्रेड यूनियनों का 'भारत बंद' को मिला आंशिक समर्थन

## देशव्यापी हड़ताल से ठप रहे बैंक, बीमा डाक और पब्लिक ट्रांसपोर्ट जैसी सर्विसेज



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देशभर में मजदूरों के अधिकारों और केंद्र सरकार की आर्थिक नीतियों के विरोध में 24 केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के साथ बैंक कर्मचारियों यूनियंस ने भी 17 सूत्रीय मांगों को लेकर बुधवार को राष्ट्रव्यापी हड़ताल की। हालांकि इसका देशभर में आंशिक रूप से असर दिखा। ▶▶ शेष पेज 5 पर

### दावा : देशभर के 15 करोड़ से अधिक कर्मचारी अधिकारी शामिल रहे

ऑल इंडिया बैंक एम्प्लॉइज एसोसिएशन के कॉमरेड वीके शर्मा ने बताया कि बैंकिंग क्षेत्र के कई प्रमुख यूनियन जैसे एआईबीईए, एआईबीओए और बीइएफआई हड़ताल में शामिल हुए। उन्होंने दावा किया कि मध्यप्रदेश सहित देशभर के15 करोड़ से अधिक कर्मचारी, अधिकारियों ने इस आम हड़ताल में शामिल हुए और केंद्र सरकार की प्रो-कॉर्पोरेट और एंटी-लेबर नीतियों के खिलाफ विरोध दर्ज कराई।

### हड़तालियों की विभिन्न मांगें

चारों श्रम संहिताओं, लेबर कोड्स को खत्म करो। असंगठित क्षेत्र के मजदूरों, अनुबंध मजदूरों और योजना मजदूरों सहित सभी मजदूरों के लिए रुपए 26,000 रुपए प्रति माह का राष्ट्रीय न्यूनतम वेतन हो। किसी भी रूप में काम ▶▶ शेष पेज 5 पर

एचएसएल ने किया युद्धपोत का निर्माण, 10 हजार टन वजन और लंबाई 118 मीटर है

**डिजाइन और निर्माण स्वदेश में किया गया**

## नौसेना को मिला 'निस्तार' युद्धपोत, गहरे समुद्र में चलाए जाएंगे बचाव अभियान

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पहलगाम हमले के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच सीमा पर बने हुए तनावपूर्ण हालात के बीच हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड (एचएसएल) ने विशाखापत्तनम में आयोजित किए गए एक समारोह में नौसेना को गहरे समुद्र में गोताखोरी अभियान में बेहद मददगार पहला युद्धपोत 'निस्तार' सौंपा है। जिसका डिजाइन और निर्माण स्वदेश में किया गया है। वर्तमान में ऐसे युद्धपोत दुनिया के चंद देशों की नौसेनाओं के पास ही हैं। अब निस्तार के साथ ही भारतीय नौसेना भी विश्व के उन विशिष्ट देशों के समूह में शामिल हो गई है। रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी।



### युद्धपोत के नामकरण में संस्कृत का अहम योगदान

मंत्रालय ने कहा कि इस युद्धपोत का नाम निस्तार संस्कृत भाषा से लिया गया है। जिसका अर्थ मुक्ति, बचाव या मोक्ष होता है। इसकी लंबाई 118 मीटर और कुल वजन ▶▶ शेष पेज 5 पर

### डीएसआरवी के लिए मदर शिप

निस्तार गहरे जलमग्न बचाव पोत (डीएसआरवी) के लिए मदर शिप के रूप में भी काम करेगा। जिससे पानी के नीचे किसी पनडुब्बी में आपात स्थिति में कर्मचारियों को बचाया और निकाला जा सके। एचएसएल ने इस युद्धपोत को को एक हजार मीटर की गहराई तक गोताखोरी निगरानी और बचाव कार्यों को अंजाम देने के लिए दूर से संचालित वाहनों के संयोजन से सुसज्जित किया है। मंत्रालय ने कहा कि इसमें लगी हुई 75 फीसदी सामग्री स्वदेशी है। नौसेना के लिए यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। जिसमें केंद्र सरकार के आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया अभियान के दृष्टिकोण पर प्रमुखता से ध्यान केंद्रित किया गया है।

## खबर संक्षेप

### दिल्ली से चुराई लग्जरी कारें महाराष्ट्र और गोवा से बरामद

**नई दिल्ली।** दिल्ली से चुराई गई तीन लग्जरी कारें महाराष्ट्र और गोवा से अपराध शाखा ने बरामद की है। इस सिलसिले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। कोल्हापुर और गोवा से बरामद हुई इन कारों की कीमत 60 लाख रुपए बताई गई हैं। डीसीपी हर्ष इंदौरान के अनुसार इंस्पेक्टर अक्षय गहलोत, डब्लूआर-2, अपराध शाखा के नेतृत्व वाली टीम ने एक घोषित अपराधी को गिरफ्तार किया जो चोरी की लग्जरी कार सिंडिकेट का सदस्य है। इसका नाम यश देसाई (30) पुत्र प्रशांत देसाई बेलगाम, कर्नाटक है। जनवरी 2023 में पश्चिम विहार ईस्ट से एक फॉर्च्यूनर कार चोरी हो गई थी। मामले को आगे की जांच के लिए अपराध शाखा को ट्रांसफर किया गया और कार को पनवेल, महाराष्ट्र से बरामद किया गया। गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया गया था। बरामद कार का स्रोत यश देसाई 2023 से गिरफ्तारी से बच रहा था और उसे 2024 में भगौड़ा घोषित किया गया था। मामले की संवेदनशीलता को भांपते हुए आरोपी यश देसाई को गिरफ्तार करने के लिये एक टीम का गठन किया गया था। लगातार प्रयासों और मैनुअल व तकनीकी निगरानी के बाद आरोपी को चेन्नई से गिरफ्तार किया गया। आगे की जांच के दौरान 12 दिनों से अधिक समय तक चली छापेमारी में टीम ने सड़क मार्ग से 10,000 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय की और कोल्हापुर, महाराष्ट्र और गोवा से तीन चोरी की कारें बरामद की गई। ये सभी कारें दिल्ली के अलग-अलग इलाकों से चुराई गई थी। बरामद कारों में सेल्टोस, बलेनो और इनोवा क्रिस्टा कार शामिल है।

### सीआर पार्क में सेवानिवृत्त शिक्षक ने की खुदकुशी

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के कालकाजी इलाके में सेवानिवृत्त एक शिक्षक ने बुधवार सुबह अपने घर की छत से छलांग लगाकर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। मृतक अभिजीत गुप्ता (69) यहां अपनी बहन के साथ रहते थे। पुलिस को शुरुआती तफ्तीश में पता चला कि वह लंबे समय से तनाव में थे। सुबह करीब छह बजे तीन मंजिला इमारत की छत से उन्होंने छलांग लगा दी। पुलिस के अनुसार शुरुआती जांच में पता चला कि अभिजीत गुप्ता पुत्र देवेंद्र दास गुप्ता पॉकेट 40, सीआर पार्क, साउथ दिल्ली में रहते थे। उनका डिप्रेशन का इलाज चल रहा था। इस मामले में कुछ भी संदिग्ध नजर नहीं आ रहा है और सभी कानूनी औपचारिकताओं का पालन किया जा रहा है। शव को पोस्टमार्टम के लिए अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के शवगृह में रखवा दिया गया है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

### दोहरे हत्याकांड का आरोपी हल्द्वानी से गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने मजनूं का टीला इलाके में दोहरे हत्याकांड मामले के फरार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान निखिल (25) के रूप में हुई है और उसे उत्तराखंड के हल्द्वानी से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि अपनी पूर्व 22 वर्षीय 'लिव-इन पार्टनर' और छह महीने की बच्ची की कथित तौर पर हत्या करने के बाद निखिल ने घटनास्थल पर ही आत्महत्या करने की कोशिश की थी, लेकिन असफल रहा। इसके बाद वह अपने गृहनगर भाग गया। दिल्ली पुलिस की एक टीम ने उसका पता लगाया और उसे गिरफ्तार कर लिया। मामले की जांच के लिए उसे वापस लाने के प्रयास जारी हैं।

### विवेक विहार में सड़क दुर्घटना में व्यक्ति की मौत

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के विवेक विहार इलाके में बुधवार को आनंद विहार को सीमापुरी से जोड़ने वाली सड़क पर मोटरसाइकिल सवार एक व्यक्ति की डिवाइडर से टकराने के बाद बस ने नीचे आने से मौत हो गई। यह दुर्घटना सुबह करीब 6.20 बजे हुई। पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को मोर्चरी भिजवाया। मृतक की पहचान खबर लिखे जाने तक नहीं हुई थी। प्रत्यक्षदर्शियों ने पुलिस को बताया कि एक तेज गति से आ रही मोटरसाइकिल संतुलन बिगड़ने के बाद डिवाइडर से टकरा कर चलती बस के नीचे आ गई।

## जलभराव ने बढ़ाई परेशानी

# मानसून की पहली 100 मिली! झमाझम बारिश से पानी-पानी हुई राजधानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली में मानसून आने के करीब दस दिनों बाद बुधवार शाम करीब 100 मिमी से अधिक हुई पहली झमाझम बारिश से राजधानी पानी पानी हो गई। मूसलाधार बरसे पानी से जहां एक तरफ उमस व भीषण गर्मी झेल रही दिल्ली पूरी तरह तरबतर हो गई। वहीं दूसरी तरफ जगह जगह हुए जलभराव ने लोगों की परेशानियों को बढ़ा दिया। खासकर रात के समय झमाझम बारिश के चलते जगह जगह यातायात जाम के हालात पैदा होने से वाहन सड़कों पर रेंगने को मजबूर दिखाई दिए। हालांकि हर बार भारी बारिश में डूबने वाला मिंटो रोड़ ब्रिज इस बार खबर लिखे जाने तक सुचारू रूप से कार्य कर रहा था, यानी जलभराव नहीं होने से जहां लोगों को राहत मिली। बुधवार शाम करीब सात बजे शुरू हुई बारिश से करीब 7.35 बजे तक प्रगति मैदान में ही 40 मिमी से अधिक पानी बरसा। मौसम विभाग के अनुसार दिल्ली में पहले घंटे में जमकर हुई बारिश का आंकड़ा करीब 60 मिमी रहा जो भारी बारिश बताता है। जबकि खबर लिखे जाने तक देर रात अनुमान है कि 100 मिमी पानी बरसने का बड़ा आंकड़ा पार हो गया। मौसम विभाग के अनुसार यह बारिश दिल्ली के अलावा एनसीआर क्षेत्र गुरुग्राम, नोएडा, गाजियाबाद, लोनी, फरीदाबाद आदि जगहों पर भी जमकर पानी बरसा। जबकि भारी बारिश के चलते दिल्ली के कई क्षेत्रों में जलभराव देखने को मिला। जिसमें भैरव मार्ग, मथुरा रोड़ भारत मंडपम प्रगति मैदान, कालका जी, मुंडका रोड, पीरागढ़ी, पंजाबी बाग, आजाद मार्केट, जहांगीरपुरी से जीटीके डिपो की तरफ, किंग्सवे कैंप, बुराड़ी मेन रोड, मुकुंदपुर, भलस्वा डेयरी, मधुबन चौक, नारायणा, धौला कुआं, आईटीओ चौक, द्वारका के कई क्षेत्र, नजफगढ़, खानपुर सहित कई हिस्सों में जलभराव होना शामिल है। इससे पहले सुबह से ही दिल्ली का आसमान पूरी तरह से काले बादलों से घिरा हुआ था। दिन के समय सूरज भी निकला, लेकिन राजधानी के कई हिस्सों में बारिश भी दर्ज हुई। बाद में प्रादेशिक मौसम विभाग ने शाम को भारी बारिश का अनुमान लगाते हुए दो घंटे के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया था, यानी मानसून की पहली भारी बारिश कही जा सकती है, रातभर रह रहकर बारिश आती रही। मौसम विभाग के अनुसार दिन में अधिकतम तापमान 35.6 डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य से 1 डिग्री नीचे है। वहीं न्यूनतम तापमान 26.4 डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य से 1.5 डिग्री नीचे है।

### केजरीवाल द्वारा खुद के लिए नोबेल पुरस्कार की मांग करना हास्यास्पद : सचदेवा

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने बुधवार को कहा कि अरविंद केजरीवाल द्वारा खुद के लिए नोबेल पुरस्कार की मांग करना हास्यास्पद है एक भद्दा मजाक है। उन्होंने कहा कि जैसा की हम जानते हैं कि केजरीवाल युवा काल से ही विदेशी फंडों से देश में अराजकता फैलाते आये हैं। उनको मैगसेसे अवार्ड मिलना, उनके अमेरिका की फोर्ड फाउंडेशन से रिश्ते सब संदेहास्पद रहे हैं। सचदेवा ने कहा है कि दिल्ली वाले केजरीवाल की नोबल पुरस्कार की चाह को सुनकर स्तब्ध हैं, केजरीवाल जान लें कि उन्हे नोबेल पुरस्कार अवश्य मिलता यदि अकर्मण्यता, अराजकता एवं भ्रष्टाचार के लिए पुरस्कार देने की श्रेणी होतीं। केजरीवाल ध्यान रखें की दिल्ली वाले उनके महिला विरोधी कृत्यों जैसे असहाय महिला पेंशन घोटाला, महिला सुरक्षा से जुड़ पैनिक बटन घोटाला, महिला सहयोगियों से मारपीट के कृत्य, दिल्ली में जल बोर्ड घोटाला, निजी कंपनियों से मिलकर किये घोटाले, परिवहन घोटाले, लोक निर्माण विभाग में साढू के साथ किए घोटाले, स्कूल रूम घोटाले, कोविड काल घोटाले, जासूसी घोटाले शराब पॉलिसी घोटाले के अलावा शीश महल निर्माण घोटाले को भूले नहीं हैं। पर हमे केजरीवाल के लिए खेद है कि इन घोटालों के लिए नोबेल पुरस्कार नहीं जेल मिलती है। वैसे दिल्ली वाले उनकी गणतंत्र दिवस 2014 एवं स्वाधीनता दिवस 2024 से पूर्व एवं उपराज्यपाल निवास में घुस कर की अराजकता भी याद है लेकिन इनके लिए भी नोबेल पुरस्कार नहीं मिलता, इन सबकी सजा दिल्ली वाले फरवरी 2025 में दे चुके हैं।

### स्कूल-कॉलेजों से 100 मीटर तक न मिले तंबाकू उत्पाद : रविंद्र



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

स्कूल-कॉलेजों से 100 मीटर के दायरे में तंबाकू उत्पाद बिकता नहीं दिखाई दे। यह सख्त निर्देश बुधवार को दिल्ली के समाज कल्याण विभाग मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह ने एक समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए। गौरतलब है कि मंत्री इंद्राज ने बुधवार को नशामुक्ति अभियान की प्रगति को लेकर पूर्वी दिल्ली जिले के डीएम, पुलिस, स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो, समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों और इस क्षेत्र में कार्यरत एनजीओ के साथ समीक्षा बैठक की। मंत्री इंद्राज ने इस बैठक में नशे पर नियंत्रण के लिए चयनित डार्क स्पॉट्स, पार्क और टॉयलेट्स की निगरानी के निर्देश दिए। वहीं मंत्री इंद्राज ने मेडिकल स्टोर्स व अन्य जगहों पर ऐसे उत्पादों की बिक्री में सावधानी के लिए भी आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए, जो नशे के लिए प्रयुक्त हो रही हैं। नशे की रोकथाम पर जोर देते हुए समाज कल्याण मंत्री ने कहा कि युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाने के उपायों और प्रयासों पर अधिक जोर दिए जाने की जरूरत है। शैक्षणिक संस्थानों से 100 मीटर के दायरे में तंबाकू उत्पाद की बिक्री पर रोक इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा, पुलिस और शैक्षणिक संस्थान इसे जनसहयोग से नियंत्रित करने मे अहम योगदान दे सकते हैं। बैठक में पार्कों में ओपन जिम की सुविधा, स्किल डेवलपमेंट के प्रयासों, नए डिएडिक्शन सेंटर शुरू करने और जागरूकता कार्यक्रमों खासकर अभिभावकों को ड्रग लेने वाले बच्चों के लक्षणों को लेकर जागरूक करने पर चर्चा हुई। मंत्री रविंद्र इंद्राज ने कहा कि उन्होंने दिल्ली के सभी प्रमुख विश्वविद्यालयों से आग्रह किया है कि अपने परिसर में 'नशा मुक्ति क्लब' बनाएं और परिसर को ड्रग फ्री घोषित करें।

### तीनों नए कानून अब केवल सजा देने का नहीं बल्कि न्याय देने का हैं माध्यम : नित्यानंद




हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

नए तीनों कानून अब केवल सजा देने का नहीं बल्कि न्याय देने का माध्यम है। तीनों कानून जनता को न्याय में विश्वास दिलाने के उद्देश्य से तैयार किया गया है, जिसमें भ्रष्टाचार रहित, समयबद्ध और तकनीकी-सक्षम प्रणाली शामिल है। यह बातें बुधवार को केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने प्रगति मैदान के भारत मंडपम में नए आपराधिक कानूनों के सफलतापूर्वक एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित प्रदर्शनी के समापन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। गौरतलब है कि 'न्याय प्रणाली में विश्वास का स्वर्णिम वर्ष' कार्यक्रम में आयोजित प्रदर्शनी का आज भारत मंडपम, प्रगति मैदान में भव्य समापन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर भारत सरकार के गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, कैबिनेट मंत्री आशीष सूद, मुख्य सचिव धर्मेंद्र सहित पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। दिल्ली सरकार के गृह विभाग द्वारा आयोजित इस प्रदर्शनी का उद्देश्य नए आपराधिक कानूनों जिनमे भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) के प्रति नागरिकों में जागरूकता बढ़ाना था। ये कानून 1 जुलाई 2024 से लागू हुए हैं और दशकों पुराने औपनिवेशिक कानूनों की जगह अब एक समयबद्ध और नागरिक-केंद्रित न्याय प्रणाली देश में स्थापित की गई है। नित्यानंद राय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के नेतृत्व में भारतीय सरकार ने तीन प्रगतिशील कानूनों ने पारंपरिक दंडात्मक व्यवस्था को छोड़कर न्याय पर केंद्रित मंच तैयार किया है, जिसमें तकनीकी नवाचार के माध्यम से त्वरित, निष्पक्ष और पारदर्शी न्याय सुनिश्चित किया जाता है। उन्होंने कहा कि नए कानूनों में महिलाओं और बच्चों के खिलाफ होने वाले अपराधों को लेकर सख्त समय सीमा तय की गई है। जघन्य अपराध मामलों में 60 दिनों में आरोप तय और 45 दिनों में सुनवाई पूरी करने का कानून में प्रावधान किया गया है।

### एक्शन बालाजी अस्पताल में रख रखाव कार्य के दौरान दो मजदूरों की मौत



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

पश्चिम विहार स्थित एक्शन बालाजी अस्पताल में रख-रखाव कार्य के दौरान दो मजदूर बेहोश हो गए। उन्हें तुरंत उपचार के लिये ले जाया गया लेकिन तब तक उनकी मौत हो गई। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। मृतकों की पहचान उत्तर प्रदेश निवासी ब्रिजेश (26) और विक्रम (30) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार प्रारंभिक जांच में पता चला कि अस्पताल परिसर के अंदर कार्बन फिल्टर प्रणाली के रखरखाव यानि केमिकल ड्रम की सफाई के समय दोनों मजदूर बेहोश हो गए थे। रख-रखाव का कार्य कथित तौर पर वार्षिक अनुबंध के तहत एक ठेकेदार द्वारा कराया जा रहा था। अस्पताल से घटना की सूचना मिलने के बाद, पश्चिम विहार पूर्व थाने की एक टीम अस्पताल पहुंची और पाया कि डॉक्टरों ने दोनों मजदूरों को मृत घोषित कर दिया है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल भेजा गया है। पुलिस का कहना है कि घटनास्थल का निरीक्षण करने और साक्ष्य एकत्र करने के लिए अपराध टीम और फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला की टीम को बुलाया गया है। ठेकेदार की भूमिका और रख-रखाव कार्य के दौरान किए गए सुरक्षा उपायों की भी जांच की जा रही है। मौत के सही कारण का पता लगाने और किसी भी संभावित लापरवाही का पता लगाने के लिए जांच जारी है।

### आईजीआई हवाई अड्डे पर फर्जी पुलिसकर्मी दबोचा

**नई दिल्ली।** इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा (आईजीआई) पर एक 23 वर्षीय फर्जी पुलिसकर्मी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी व्यक्ति फर्जी पहचान पत्र और जाली नियुक्ति दस्तावेजों का इस्तेमाल कर दिल्ली पुलिस का सब इंस्पेक्टर बनकर ठगी कर रहा था। आरोपी का नाम साहिल कुमार बताया गया है। वह मूलरूप से राजस्थान के अलवर जिले में लाडपुर का रहने वाला है। आरोपी दिल्ली पुलिस कर्मियों समेत महिलाओं से दोस्ती करने और उन्हें निशाना बनाने के लिए इन फर्जी दस्तावेज का इस्तेमाल करता था। कुमार को सोमवार को जब हिरासत में लिया गया उस वक्त उसने दिल्ली पुलिस के लोगो वाली टी-शर्ट भी पहनी हुई थी। इसे टर्मिनल-3 पर नियमित निगरानी के दौरान सीआईएसएफ कर्मियों ने हिरासत में लिया। एडिशनल सीपी (आईजीआई) उषा रंगनानी के अनुसार पूछताछ करने पर वह अपनी कथित तैनाती के बारे में कोई विश्वसनीय स्पष्टीकरण नहीं दे पाया और गोलमोल जवाब देता रहा। इसके पास से दिल्ली पुलिस के पीएसआई का फर्जी पहचान पत्र मिला। बाद में इस कार्ड के साथ-साथ एक जाली नियुक्ति पत्र और एक हैंडबैग जिसमें खाली रोजनामचा और दिल्ली पुलिस अकादमी (डीपीए) से कथित तौर पर मुहर लगे पन्ने जैसे अन्य दस्तावेज शामिल थे भी बरामद हुये। सभी कागजातों को जब्त कर लिया गया है। सीआईएसएफ की शिकायत पर सात जुलाई को आईजीआई थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई। अधिकारी ने बताया कि कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया और जांच शुरू की गई। मामले की जांच के लिए एक विशेष जांच दल का गठन किया गया। कड़ी पूछताछ के दौरान कुमार ने कबूल किया कि उसने दिल्ली पुलिस की कर्मचारियों सहित महिलाओं को प्रभावित करने और धोखा देने के लिए खुद को 2024 बैच का उपनिरीक्षक बताया था।

## जिला परीक्षण कार्यक्रमों में पहुंचे दिग्गज नेता कांग्रेस सरकारों के विकास की चर्चा पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा चलाए जा रहे जिला कमेटी के प्रशिक्षण शिविर के तहत बुधवार को तीन जगह शिविर का आयोजन हुआ। इसमें कांग्रेस के कई आला नेता पहुंचे और उन्होंने कांग्रेस की तत्कालीन सरकार द्वारा किए गए अभूतपूर्व विकास पर लोगों के बीच चर्चा करने पर जोर दिया। आदर्श नगर जिला, करोल बाग जिला और बदरपुर जिला कांग्रेस के अलग अलग प्रशिक्षण शिविरों में कार्यकर्ताओं ने अपना दमखम दिखाने में कोई कमी नहीं छोड़ी। इन शिविरों में कांग्रेस कोषाध्यक्ष अजय माकन, अ भा क कमेटी के प्रभारी काजी निजामुद्दीन, सचिव प्रभारी सुखविंदर सिंह डैनी और दानिश अबरार, पूर्व विधायक राजेश लिलोठिया, पूर्व मंत्री मंगतराम सिंघल और डॉ नरेन्द्र नाथ, कम्युनिकेशन विभाग के चेयरमैन अनिल भारद्वाज सहित अन्य नेता शामिल रहे। आदर्श नगर जिला प्रशिक्षण शिविर में पहुंचे पूर्व माकन ने कहा कि केंद्र और दिल्ली की कांग्रेस सरकारों के कार्यकाल में हुए विकास के कामों की चर्चा भी करें और बताएं कि वर्तमान में दिखने वाला विकास कांग्रेस की सरकार की ही देन है। उन्होंने कहा कि हमें जनता के कल्याण और विकास के कार्यां पर पार्टी लाईन पर काम करके भाजपा द्वारा धर्म, जाति एवं समुदाय के आधार पर लोगों को बांटने के खिलाफ एकजुट होकर काम करना होगा। वहीं प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के कांग्रेस पार्टी को बूथ से लेकर ब्लॉक स्तर तक मजबूत बनाने के लिए पूरे 2025 वर्ष में संगठन सृजन अभियान के तहत दिल्ली कांग्रेस भी आगे बढ़ रही है। यादव ने कहा कि जिला प्रशिक्षण शिविरों में कांग्रेस के विजन, कांग्रेस के गौरवशाली इतिहास, बूथों, मंडलों, सेक्टरों, ब्लॉक अध्यक्षों, जिला पदाधिकारियों और पार्टी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियों पर विस्तृत चर्चा इसलिए भी की जा रही है। क्योंकि संगठन सृजन अभियान के तहत संगठन को मजबूत बनाने के लिए राहुल गांधी ने पार्टी में जिला अध्यक्षों की भूमिका को सशक्त बनाकर उन्हें संगठन को मजबूत बनाने की मुख्यधारा से जोड़ने और महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देने की बात कही है। प्रशिक्षण शिविर में पार्टी के आदर्शों, कार्यक्रमों और नीतियों को जमीनी स्तर तक प्रचार प्रसार करने का काम सौंपा जा रहा है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता जनता के कल्याण और विकास के कार्यां पर पार्टी लाईन पर काम करके भाजपा द्वारा धर्म, जाति एवं समुदाय के आधार पर लोगों को बांटने के खिलाफ एकजुट होकर काम करना होगा। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण शिविर में भाजपा के देश की एकता और अखंडता के हानिकारक एजेंडा लागू करने के लिए संवैधानिक पदों पर कब्जा करने की खतरनाक रणनीतियों का मुकाबला करने पर भी विचार-विमर्श किया गया।


## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82(2)(ii) Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **मो. फुरकान पुत्रः मो. मीया, पताः** मकान नं. 27/151, त्रिलोक पुरी, दिल्ली, **FIR No. E 967/2022, U/s 411 IPC,** थानाः शकर पुर, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मो. फुरकान** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मो. फुरकान** फरार हो गया हैं (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. E 967/2022, U/s 411 IPC,** थानाः शकर पुर, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **मो. फुरकान** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **05.12.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
पी. भार्गव राव
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–05
कोर्ट नं. 03, दूसरी मंजिल, कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/8880/ED/2025
(Court Matter)

## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **अमित उर्फ हैपी उर्फ हरी, पुत्रः अमर सिंह उर्फ अवतार सिंह,** पताः 60/61ए, विकास कुंज, उत्तम नगर, द्वारका, दिल्ली, ने **FIR No. 123/2024, U/S 25/54/59 आर्म्स एक्ट,** थानाः मंगोलपुरी, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अमित उर्फ हैपी उर्फ हरी,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अमित उर्फ हैपी उर्फ हरी,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 123/2024, U/S 25/54/59 आर्म्स एक्ट,** थानाः मंगोलपुरी, दिल्ली, के उक्त अभियुक्त **अमित उर्फ हैपी उर्फ हरी,** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **26.08.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री रीतिका जैन, एलडी.
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–05
(उत्तर–पश्चिम)
कमरा न. 105, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/8957/OD/2025
(Court Matter)

## MOHIT मोहित पेपर मिल्स लिमिटेड

CIN: L21093DL1992PLC116600
पंजी. कार्यालय : 15ए/13, अपर ग्राउंड फ्लोर, ईस्ट पटेल नगर, नई दिल्ली–110008
वर्क्स : 9 किमी. पत्थर, नगीना रोड, बिजनौर, यू.पी.–246701
Ph: 011-25886798, Website: www.mohitpaper.in, Email: investorsmohitpaper@gmail.com

### डाक मतदान/ई-वोटिंग की सूचना

सदस्यों को एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि कम्पनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियमों, 2014 ('प्रबंधन नियमों') के साथ पठित कम्पनी अधिनियम, 2013 ('दि एक्ट') की धारा 110 और 108 के प्रावधानों और अन्य लागू प्रावधानों तथा इंस्टीट्यूट ऑफ कम्पनी सैक्रेटरीज ऑफ इंडिया द्वारा जारी सामान्य बैठकों पर सचिवालयी मानक ('एसएस–2') और कम्पनी मामलों का मंत्रालय ('दि एमसीए/एमसीए सरकुलर्स'), भारत सरकार द्वारा जारी सामान्य सरकुलर नं. 14/2020 दिनांक 8 अप्रैल 2020, 17/2020 दिनांक 13 अप्रैल 2020, 20/2020 दिनांक 5 मई 2020, 22/2020 दिनांक 15 जून 2020, 33/2020 दिनांक 28 सितम्बर 2020, 39/2020 दिनांक 31 दिसम्बर 2020, 10/2021 दिनांक 23 जून 2021, 20/2021 दिनांक 8 दिसंबर 2021, 3/2022 दिनांक 5 मई 2022, 11/2022 दिनांक 28 दिसम्बर 2022 एवं 09/2023 दिनांक 25 सितम्बर 2023 और भारतीय प्रतिभूतियां एवं विनिमय बोर्ड के नियमन 44 (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस एवं डिस्क्लोजर आवश्यकताएं) नियमनों 2015 ("लिस्टिंग नियमनों") और कोई अन्य लागू कानून, नियमों, सरकुलर्स, अधिसूचनाओं (समय-समय पर लागू कोई वैधानिक संशोधन(ों) अथवा उनके पुनः क्रियान्वयन(ों) समेत) के अनुसरण में मोहित पेपर मिल्स लिमिटेड (दि 'कम्पनी') के सदस्यों का अनुमोदन दूरस्थ ई-वोटिंग ('ई-वोटिंग') प्रक्रिया द्वारा निम्नलिखित विशेष प्रस्ताव के लिए मांगा गया है :

| क्र.सं. | विवरण |
|---|---|
| 1. | एक गैर कार्यकारी स्वतंत्र निदेशक के तौर पर श्री प्रवीन गोयल (डीआईएन : 11104068) की नियुक्ति |

उपरोक्त अधिसूचनाओं / सरकुलर्स के अनुपालन में डाक मतदान की सूचना की इलैक्ट्रोनिक प्रति उन सभी सदस्यों को बुधवार 09 जुलाई 2025 को भेज दी गई है जिनके ई-मेल आईडीज कम्पनी/डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट(एस) के पास शुक्रवार, 04 जुलाई 2025 ('कट-ऑफ तिथि') के अनुसार पंजीकृत थे।

डाक मतदान की सूचना कम्पनी की वेबसाइट पर http://www.mohitpaper.in पर भी उपलब्ध है और स्टॉक एक्सचेंजेज की वेबसाइट पर www.bseindia.com और एमयूएफजी इनटाइम इंडिया प्रा. लि. ("आरटीए/एमयूएफजी") की वेबसाइट https://instavote.linkintime.co.in पर भी देखी जा सकती है।

एमसीए सरकुलर्स के प्रावधानों के अनुसार, सदस्य केवल ई-वोटिंग प्रक्रिया के माध्यम से मतदान कर सकते हैं। सदस्यों के मताधिकारों की गणना कट-ऑफ तिथि के अनुसार उनके द्वारा धारित कम्पनी के इक्विटी शेयरों के आधार पर की जाएगी। कोई व्यक्ति जो कट-ऑफ तिथि के अनुसार कम्पनी का शेयरधारक नहीं है, डाक मतदान सूचना को केवल जानकारी के प्रयोजन हेतु मानेगा।

अधिनियम की धारा 108 और लिस्टिंग नियमनों के नियमन 44 के साथ पठित उनके तहत बनाए गए नियमों के प्रावधानों के अनुपालन में सदस्यों को दूरस्थ ई-वोटिंग हेतु किसी भी स्थान से इलैक्ट्रोनिक वोटिंग प्रणाली का उपयोग करते हुए, सूचना में विनिर्दिष्ट सभी प्रस्तावों पर उनका मतदान करने के लिए एक सुविधा प्रदान की गई है। कम्पनी https://instavote.linkintime.co.in पर दूरस्थ ई-वोटिंग प्रणाली की सुविधा प्रदान करने के लिए एमयूएफजी को नियुक्त कर चुकी है। ई-वोटिंग सुविधा के प्रारम्भ और समाप्ति का कार्यक्रम निम्नानुसार है :-

| विवरण | दूरस्थ ई-वोटिंग |
|---|---|
| ई-वोटिंग का प्रारम्भ | बृहस्पतिवार, 10 जुलाई 2025 पूर्वा. 9.00 बजे आईएसटी |
| ई-वोटिंग का समापन | शुक्रवार, 08 अगस्त 2025 अप. 5.00 बजे आईएसटी |
| मतदान के लिए पात्रता की कट-ऑफ तिथि | शुक्रवार, 4 जुलाई 2025 |
| ई-वोटिंग सुविधा का वेब लिंक | https://instavote.linkintime.co.in |

दूरस्थ ई-वोटिंग हेतु विस्तृत निर्देश डाक मतदान सूचना में दिये गये हैं। ई-वोटिंग सुविधा शुक्रवार, 08 अगस्त 2025 को अप. 5.00 बजे आईएसटी के पश्चात एमयूएफजी द्वारा अयोग्य कर दी जाएगी।

सदस्य जो अपने ई-मेल पते अद्यतन नहीं करवा चुके हैं, से आग्रह किया जाता है कि इलैक्ट्रोनिक रूप में उनके द्वारा धारित शेयरों के सम्बन्ध में इनको अपने डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट के माध्यम से डिपॉजिटरी के पास पंजीकृत करवाएं और भौतिक रूप में धारित शेयरों के सम्बन्ध में कम्पनी के रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेंट (आरटीए), एमयूएफजी इनटाइम इंडिया प्राईवेट लिमिटेड (एलआईआईपीएल), नोबल हाइट्स, प्रथम तल, प्लॉट एनएच–2 सी–1, ब्लॉक एलएससी, निकट सावित्री मार्केट, जनकपुरी, नई दिल्ली–110058, (फोन नं. : +91–11–49411000, 41410592; फैक्स नं. +91–11–41410591; ई-मेल : delhi@in.mpms.mufg.com अथवा sunil.mishra@in.mpms.mufg.com) से सम्पर्क कर सकते हैं।

कम्पनी का निदेशक मंडल ('दि बोर्ड') निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से डाक मतदान / ई-वोटिंग प्रक्रिया आयोजित करने हेतु संवीक्षाकर्ता के तौर पर मै. अग्रवाल एस. एंड एसोसिएट्स, प्रैक्टिसिंग कम्पनी सैक्रेटरीज के पार्टनर, ('संवीक्षाकर्ता') श्री अंकित जैन (एसीएस–31103, सीपी 26724) को नियुक्त कर चुका है।

संवीक्षकर्ता कम्पनी के अध्यक्ष ('दि चेयरमैन') अथवा अध्यक्ष द्वारा अधिकृत किसी अन्य व्यक्ति को अपनी रिपोर्ट जमा करवाएंगे, और परिणाम ई-वोटिंग अवधि के समापन से दो कार्य दिवस के अंदर अर्थात सोमवार, 11 अगस्त, 2025 को अप. 5.00 बजे आईएसटी या इससे पूर्व घोषित किया जाएगा। संवीक्षाकर्ता की रिपोर्ट सहित घोषित परिणाम इस डाक मतदान सूचना में प्रदान किए गए तरीके से संचारित किया जाएगा। ई-वोटिंग की अन्तिम तिथि अर्थात शुक्रवार, 08 अगस्त 2025, और मतदान का परिणाम वह तिथि होगा जिसको प्रस्ताव पारित किया गया है, माना जाएगा, यदि अपेक्षित बहुमत द्वारा अनुमोदित किया गया है।

सदस्य कृपया ध्यान दें कि :

इलैक्ट्रोनिक मतदान की प्रक्रिया डाक मतदान की सूचना में प्रदान की गई है। कोई व्यक्ति जो कम्पनी के शेयर अर्जन करता है और डाक मतदान सूचना के प्रेषण के पश्चात कम्पनी का सदस्य बनता है तथा कट-ऑफ तिथि के अनुसार शेयर धारण करता है, आरटीए, एमयूएफजी इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एमयूएफजी), नोबल हाइट्स, प्रथम तल, प्लॉट एनएच 2 सी-1, ब्लॉक एलएससी, निकट सावित्री मार्केट, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058, (फोन नं. : +91-11-41410592; फैक्स नं. : +91-11-41410591) ई-मेल : delhi@in.mpms.mufg.com अथवा sunil.mishra@in.mpms.mufg.com) से [illegible] इलैक्ट्रोनिक मतदान के लिए लॉगिन आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकते हैं। [illegible] कम्पनी सचिव (फोन नं. +91-11-25886798 ; ई-मेल investorsmohitpaper@gmail.com) से सम्पर्क कर सकते हैं।

कृते मोहित पेपर मिल्स लिमिटेड
हस्ता/-
तनवी जैन
कम्पनी सचिव

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 09 जुलाई 2025

## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सिंचाई सिरसा | आरडी 240200 भाकरा मेन ब्रांच पर क्षतिग्रस्त लाइनिंग की मरम्मत + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 14.07.2025 | 2.19 लाख | hid.gov.in | 9996665761 xensrs.swd@gmail.com |
| 2 | सिंचाई सिरसा | प्रोटेक्शन वॉल के साथ-साथ आरडी 47530 से 52840 के बीच अबुतगढ़ के सर्विस रोड पर इंटरलॉकिंग पेवर ब्लॉक का निर्माण। | बंद होने की तिथि 24.07.2025 | 93.50 लाख | hid.gov.in | 9996665761 xensrs.swd@gmail.com |
| 3 | सिंचाई चरखी दादरी | सतनाली डिस्टी. के कि.मी. 4.000 आर/एस से गांव तालाब जरवा ऑफ टेकिंग के लिए आरसीसी पाइप लाइन बिछाना + 5 कार्य। | 07.07.2025 18.07.2025 | 94.69 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8059375563 xenmgcckd11@gmail.com |
| 4 | लोनिवि (भ व प) गुरूग्राम | गुरूग्राम में आयुक्त कार्यालय का पुनरोद्धार। | बंद होने की तिथि 14.07.2025 | 19.38 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 5 | लोनिवि (भ व प) गुरूग्राम | गुरूग्राम में द्रोणाचार्य राजकीय महाविद्यालय में सड़कों की विशेष मरम्मत। | बंद होने की तिथि 14.07.2025 | 24.78 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 6 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, नल्हार, नूह | शहीद हसन खान मेवाती राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार, नूह में डीजल जनरेटर (डीजी) सैट्स समेत वैद्युत सेवाओं के व्यापक रखरखाव अनुबंध (सीएमसी) हेतु निविदा। | 11.07.2025 28.07.2025 | 1.60 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 1267282007 tendergmcmewat@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच–11/2026/120/36435/I/88/7 दि. 09.07.25




## सीएम ने 'मुख्यमंत्री जनसेवा सदन' में की पहली जनसुनवाई, अधिकारियों के साथ तुरंत किया लोगों की समस्याओं का समाधान

# सरकार, शासन और जनता के बीच संवाद का सेतु है जन-सुनवाई : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली के लोगों की समस्याओं का लगातार निवारण कर रही मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता बुधवार को पहली बार 'मुख्यमंत्री जनसेवा सदन' में दिल्ली के लोगों से मिलीं और उनकी समस्याओं को सुनकर उन्हें दूर करने के लिए प्रभावी कदम उठाए। मुख्यमंत्री 2/8 सिविल लाइंस स्थित 'जनसेवा सदन' में नए रंग-रूप के साथ सुनवाई शुरू की। इसके लिए व्यापक तैयारियां की गई थीं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि आज लोगों की आंखों में उम्मीद की चमक और दिल में विश्वास देखा कि सरकार उनकी बात सुन- समझ रही है और समाधान निकालने की प्रक्रिया में जुटी है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता अभी तक शालीमार बाग स्थित अपने निवास पर ही जनसुनवाई कर रही थी। चूंकि यह रिहायशी इलाका था इसलिए वहां खूब भीड़ दिखती थी। मुख्यमंत्री को बाहर सड़क पर ही लोगों की समस्याओं को सुनना और उनका समाधान करना पड़ रहा था। इसके बावजूद उनकी जनसुनवाई जारी रही। अब उन्हें अधिकृत तौर पर सिविल लाइंस क्षेत्र में 'मुख्यमंत्री जनसेवा सदन' (कैंप कार्यालय) मिल गया है, जहां उन्होंने दिल्ली की लोगों की समस्याओं का हल निकालने के लिए प्रभावी तरीकों का प्रयोग किया। असल में जनसेवा सदन लोगों की समस्याओं को सुनने और उनका समाधान करने के लिए ही बनाया गया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता जनसेवा सदन में सुबह 8 से 10 बजे तक लोगों से मिली और अधिकारियों की उपस्थिति में उनकी समस्याओं का निपटारा किया। करीब एक दर्जन विभाग जैसे जल बोर्ड, शिक्षा, पुलिस, स्वास्थ्य, दिल्ली नगर निगम आदि के अधिकारी मौके पर ही मौजूद थे। लोगों ने अपनी समस्याएं, शिकायतें, सुझाव और ज़रूरतें सीधे मुख्यमंत्री और वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष रखी। मुख्यमंत्री ने संबद्ध अधिकारियों से उनको हल करने का आदेश जारी किया। अधिकतर शिकायतों में अपराध, पेयजल, दाखिला, स्वास्थ्य, सड़क, अतिक्रमण आदि से जुड़ी हुई थीं। सुनवाई के दौरान मुख्यमंत्री जनसेवा सदन में आने वाले नागरिकों के लिए विशेष इंतजाम किए थे। बैठने की व्यवस्था, पेयजल आदि की सुविधाएं सुनिश्चित की गई थीं।

प्रवेश प्रक्रिया को भी सरल बनाया गया है ताकि भीड़-भाड़ न हो और प्रत्येक नागरिक को अपनी बात कहने का अवसर प्राप्त हो। इस बात का पूरा ध्यान रखा गया कि समस्या लेकर आने वाले लोगों को किसी परेशानी का सामना न करना पड़े।

### जनता की सेवा करना हमारे जीवन का है संकल्प

जनसुनवाई पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि जनता की सेवा करना उनके जीवन का संकल्प है। जन सुनवाई उनके लिए मात्र एक सरकारी प्रक्रिया नहीं, बल्कि जनता से सीधे संवाद का माध्यम है। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई के दौरान उन्होंने आज लोगों की आंखों में उम्मीद की चमक और दिल में विश्वास देखा कि सरकार उनकी बात सुन-समझ रही है और समाधान निकालने की प्रक्रिया में जुटी है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार 'सुनवाई नहीं, समाधान' के सिद्धांत पर काम कर रही है। सुनवाई में लोगों ने विभिन्न मुद्दों को उठाया। उन्होंने हर मुद्दे को सुना और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि तय सीमा के भीतर उनका समाधान करे।

### हमारी सरकार दिल्ली को सशक्त और न्यायपूर्ण शहर चाहती है बनाना

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि हमारी सरकार दिल्ली को केवल एक राजधानी नहीं, बल्कि एक संवेदनशील, सशक्त और न्यायपूर्ण शहर बनाना चाहती है। इसके लिए हर नागरिक की भागीदारी आवश्यक है। जनता से सीधे मिलकर उनकी पीड़ा को जानना, उनकी परेशानियों को समझना और उसी के अनुरूप नीतियां बनाना ही लोकतंत्र की असली ताकत है। जन सुनवाई इस बात का प्रमाण है कि लोग लोकतंत्र में आस्था रखते हैं और सरकार से सकारात्मक बदलाव की उम्मीद करते हैं। हमने सुनने की संस्कृति को पुनः स्थापित किया है। जब सरकार और जनता एक-दूसरे की बात समझें, तो कोई भी समस्या असंभव नहीं रह जाती। हमारे प्रयासों का उद्देश्य केवल समस्या सुलझाना नहीं, बल्कि लोगों को यह विश्वास दिलाना भी है कि यह सरकार उनकी अपनी है। मुख्यमंत्री के अनुसार वह दिल्ली के हर नागरिक को विश्वास दिलाना चाहती हैं कि हमारी सरकार सत्ता चलाने के लिए नहीं, सेवा करने के लिए है। हम हर शिकायत को गंभीरता से लेंगे और हर मांग को यथासंभव पूरा करने का प्रयास करेंगे।

### पूर्व सरकारों व जनता के बीच हमेशा संवाद की रही कमी

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि दिल्ली की पूर्व सरकारों व जनता के बीच हमेशा संवाद की कमी रही है। पूर्व में लोगों को अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ता था, लेकिन 'मुख्यमंत्री जनसंवाद सदन' अब सरकार-शासन-जनता के बीच संवाद सेतु की भूमिका निभाएगा। मुख्यमंत्री का यह भी कहना है कि उनकी सरकार जनता की पीड़ा को अपनी पीड़ा मानती है। 'जनसेवा सदन' शासन को जनता के करीब लाएगा, साथ ही यह भी स्थापित करेगा कि मेरी सरकार एक उत्तरदायी, संवेदनशील और जनहित में गंभीरता से जुटी हुई है।

# शहीदी दिवस कार्यक्रम का आयोजन लाल किले पर होगा, कैबिनेट ने दी मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



इतिहास में पहली बार लाल किला पर गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी पर्व के उपलक्ष्य में दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसकी मंजूरी दिल्ली कैबिनेट ने दे दी है। इस बात की जानकारी देते हुए मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने बताया कि यह कार्यक्रम दिल्ली सरकार के कला, संस्कृति और भाषा विभाग द्वारा आयोजित किया जाएगा जिसमें खास लाइट एंड साउंड शो, कीर्तन दरबार, पैनल चर्चाएं, पेंटिंग और ऐतिहासिक दस्तावेजों की प्रदर्शनी और गुरु जी की शिक्षाओं का विभिन्न भारतीय भाषाओं में अनुवाद और सार्वजनिक पाठ शामिल होगा। सिरसा ने बताया कि यह आयोजन मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मैं मुख्यमंत्री और अपने कैबिनेट सहयोगियों को धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने इस ऐतिहासिक श्रद्धांजलि को मंजूरी दी। यह दिल्ली में अपनी तरह का पहला आयोजन होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेरणादायक मार्गदर्शन में और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के प्रभावशाली नेतृत्व के तहत, यह आयोजन दिल्ली और सिख विरासत के रिश्ते को सम्मान और स्थायित्व देगा। गुरु तेग बहादुर जी का बलिदान सिर्फ सिख इतिहास नहीं, बल्कि पूरे मानव समाज के लिए आजादी, सहिष्णुता और न्याय का संदेश है। सिरसा ने बताया कि दिल्ली के जैनपुर क्षेत्र में जो मियावाकी जंगल विकसित किया जा रहा है, वह गुरु तेग बहादुर को समर्पित किया जाएगा। जो प्रकृति और सेवा के प्रति सिख समुदाय की भावना का प्रतीक होगा। उन्होंने आगे कहा कि लाल किले पर होने वाला यह दो दिवसीय कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा। हम न सिर्फ उस स्थल पर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे जहां गुरु साहिब ने बलिदान दिया, बल्कि उनकी शिक्षाओं को हर नागरिक तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे।

# दिल्ली सरकार ने सीएम रेखा गुप्ता के सरकारी आवास की मरम्मत के लिए दिया ठेका किया रद्द

हरिभूमि न्यूज, नई दिल्ली।

दिल्ली सरकार ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के सरकारी आवास की मरम्मत और साज-सज्जा का ठेका प्रशासनिक कारणों का हवाला देते हुए रद्द कर दिया है। इससे संबंधित दस्तावेजों से यह खुलासा हुआ है। लोक निर्माण विभाग ने गुप्ता को राजनिवास मार्ग पर दो बंगले आवंटित किये थे, एक उनके निवास के लिए और दूसरा शिविर कार्यालय के लिए। गुप्ता ने पिछले सप्ताह शिविर कार्यालय का उद्घाटन किया था। दस्तावेजों के मुताबिक 60 लाख रुपये का ठेका रद्द कर दिया गया है। इसके तहत मुख्यमंत्री के आवास पर विभिन्न उपकरण भी लगाए जाने थे। इनमें 14 एयर कंडीशनर, टेलीविजन और बिजली के उपकरण शामिल थे।

## पुरानी गाड़ियों पर रोक की साजिश भाजपा-आम आदमी पार्टी की भागीदारी बराबर कीः यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने भाजपा व आम आदमी पार्टी को दिल्ली में पुराने वाहनों पर रोक के लिए जिम्मेदार ठहराया है। इस मुददे पर बोलते हुए यादव ने कहा कि प्रदूषण के नाम पर दिल्ली में पुरानी गाड़ियों पर रोक की साजिश में भाजपा के साथ आम आदमी पार्टी भी बराबर की भागीदार है। यादव ने बताया कि आम आदमी पार्टी तथा भाजपा की मिली भगत का खुलासा सी.ए.क्यू.एम की एडवाइजरी संख्या 16, 11 नवंबर 2024 से हो चुका है। जब दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार थी, न सिर्फ उन्होंने इस योजना पर सहमति जताई, बल्कि प्रधानमंत्री कार्यालय की निगरानी में बनी हाई-लेवल टास्क फोर्स की बैठकों में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया तथा योजना को अमली जामा पहनाया। उन्होंने खास तौर पर 13 अक्टूबर 2023, 23 सितंबर 2024 और 10 अक्टूबर 2024 को हुई हाई-लेवल टास्क फोर्स की बैठकों का उल्लेख करते हुए बताया कि पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति रोकने और पुराने वाहनों की पहचान के लिए 500 से ज्यादा पेट्रोल पंपों पर ए.एन.पी.आर. कैमरे लगाने का सुझाव भी केजरीवाल सरकार ने ही दिया था जिसकी पुष्टि सी.ए.क्यू.एम. की एडवाइजरी से होती है। यादव ने तंज कसते हुए कहा आज आम आदमी पार्टी जनता का हमदर्द बनने का ढोंग कर रही है, जबकि दिल्ली में इस नीति की जननी वही है। अब जब जनता का गुस्सा भड़क उठा है, तो खुद को पीड़ित दिखा रही है। प्रधानमंत्री कार्यालय की सहमति से चलाई जा रही नीति पर अब सिर्फ खोखले बयान दिए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता चाहे कुछ भी कहें, लेकिन प्रधानमंत्री कार्यालय के सामने वे कुछ कर नहीं सकतीं। अगर आम आदमी पार्टी ने प्रदूषण रोकथाम को लेकर विज्ञापन आधारित हवाई योजना बनाने की जगह कोई ठोस कदम उठाते तथा भ्रष्टाचार की जगह योजनाओं को अमलीजामा तैयार करते तो आज यह नौबत ही नहीं आती। यादव ने सवाल किया कि अगर केजरीवाल सरकार को सी.ए.क्यू.एम की सलाह से आपत्ति थी, तो उन्होंने उस समय अदालत का दरवाज़ा क्यों नहीं खटखटाया। उन्होंने कहा कि हालिया सी.ए.क्यू.एम बैठक में दिल्ली के मुख्य सचिव ने खुद मोटर व्हीकल एक्ट के तहत वाहनों की उम्र के बजाय उनकी फिटनेस के आधार पर मूल्यांकन की वकालत की थी, लेकिन इस पर प्रधानमंत्री कार्यालय से मिल रहे दबाव के बाद किसी प्रकार की कोई ठोस निर्णय की गुंजाइश कहां रहती है। यादव ने यह भी पूछा कि अगर अब एएनपीआर कैमरों की तकनीकी खराबी की बात की जा रही है, तो क्या इनकी खरीद में केजरीवाल सरकार के समय कोई घोटाला हुआ था।

# दिल्ली सरकार ने कांवड़ियों के सम्मान व स्वागत के लिए शुरू की तैयारियां : मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



■ मंत्री कपिल मिश्रा ने अप्सरा बॉर्डर से लेकर करोलबाग तक विभिन्न कांवड़ सेवा शिविरों का निरीक्षण जांची व्यवस्थाएं

दिल्ली सरकार ने सावन माह में कांवड़ यात्रा के दौरान कांवड़ियों (शिव भक्तों) के स्वागत, सुरक्षा एवं सेवा के लिए युद्धस्तर पर तैयारियां प्रारंभ कर दी हैं। इसी क्रम में बुधवार को दिल्ली के संस्कृति, पर्यटन और विकास मंत्री कपिल मिश्रा ने अप्सरा बॉर्डर से लेकर करोलबाग तक विभिन्न कांवड़ शिविरों का निरीक्षण कर वहां की जा रही व्यवस्थाओं को जांचा। गौरतलब है कि मंत्री कपिल मिश्रा की अगुवाई में निरीक्षण दल ने अप्सरा बॉर्डर स्थित दिलशाद गार्डन होते हुए सीलमपुर, शास्त्री पार्क, कश्मीरी गेट और करोलबाग जैसे प्रमुख जगहों पर लगने वाले कांवड़ शिविरों का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कपिल मिश्रा ने सड़कों पर ट्रैफिक की स्थिति का प्रत्यक्ष अवलोकन करते हुए निर्देश दिए कि यातायात की रफ्तार धीमी किए बिना कांवड़ यात्रा निर्बाध रूप से संपन्न होनी चाहिए। इस दौरान कपिल मिश्रा ने कहा कि दिल्ली सरकार शिव भक्तों की सेवा और उनकी आस्था के सम्मान में कोई कमी नहीं छोड़ेगी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के निर्देश पर यह निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है ताकि केवल फाइलों में नहीं बल्कि धरातल पर व्यवस्थाएं दिखें। हमारी प्राथमिकता है कि कांवड़ यात्रा दिल्ली में भव्य, सुरक्षित और श्रद्धा-युक्त रूप से सम्पन्न हो। दिल्ली की सीमाओं पर भव्य स्वागत द्वार बनाए जा रहे हैं, कांवड़ सेवा समितियों को सहायता राशि प्रदान की जा रही है और उनके शिविर स्थापित हो चुके हैं। मैं सभी समितियों से आग्रह करता हूँ कि प्रतियोगिता की भावना से सर्वश्रेष्ठ शिविर स्थापित करें ताकि दिल्ली की कांवड़ सेवा पूरे देश के लिए एक आदर्श बने।

निरीक्षण के दौरान मंत्री मिश्रा ने कहा कि दिल्ली इस बार भोले के रंग में डूबने को तैयार है। दिल्ली सरकार पूरी तरह संकल्पित है कि इस बार कांवड़ियों का स्वागत भव्य, ऐतिहासिक और दिव्य हो। पुष्पवर्षा से लेकर स्वच्छता, चिकित्सा, सुरक्षा, जल व्यवस्था और बैरिकेडिंग तक की हर सुविधा सुनिश्चित की जा रही है। हर वर्ष दिल्ली में लगभग 2.5 से 3 करोड़ कांवड़िए आते हैं और दिल्ली के लाखों श्रद्धालु भी इस यात्रा में सम्मिलित होते हैं। नगर निगम की सहायता से इन सभी के स्वागत की भव्य तैयारियां की गई हैं।

मंत्री मिश्रा ने कहा कि यह पहली बार है कि जब किसी मंत्री की अध्यक्षता में दिल्ली के चार विधायक अनिल शर्मा, तिलक राम गुप्ता, संजय गोयल, प्रदुम्न राजपूत के साथ एक संयुक्त निरीक्षण दल का गठन किया गया है, जो यह दर्शाता है कि दिल्ली सरकार कांवड़ियों की सेवा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## स्वास्थ्य मंत्री ने 11 वर्षों से क्षतिग्रस्त पड़ी मेन सीवरेज लाइन के पुनर्निर्माण कार्य का किया शुभारंभ

# जेजे कॉलोनी में रहने वालों की 11 साल से चली आ रही मांग हुई पूरी : डॉ. पंकज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने बुधवार को अपने विधानसभा क्षेत्र विकासपुरी इलाके के जेजे कॉलोनी ए-ब्लॉक पार्क में बीते 11 वर्षों से क्षतिग्रस्त पड़ी मेन सीवरेज लाइन के पुनर्निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। पिछली सरकार की लापरवाही के चलते जेजे कॉलोनी में रहने वाले लोग वर्षों से सीवर जाम और जलजमाव की समस्या से परेशान थे। मेन सीवर लाइन डालने की वर्षों पुरानी मांग पूरी होने से मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने कैबिनेट मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह को दिल खोलकर धन्यवाद दिया। विकास कार्यों के उद्घाटन के बाद मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने कहा कि जेजे कॉलोनी में रहने वाले स्थानीय लोग पिछली सरकार से सीवर लाइन डालने की बीते 11 सालों से मांग कर रहे थे। पिछली सरकार की नाकामियों के चलते स्थानीय लोगों को सीवर जाम होने के साथ बरसात के मौसम में जलजमाव होने से भारी परेशानी उठानी पड़ती थी। स्थानीय नागरिकों की परेशानी और उनकी वर्षों पुरानी मांग को देखते हुए जेजे कॉलोनी ए-ब्लॉक पार्क में मेन सीवर लाइन डालने का काम शुरू कर दिया गया है। बरसात के मौसम को देखते हुए दिल्ली जल बोर्ड समेत संबंधित विभाग के अधिकारियों को मंत्री डॉ. पंकज ने निर्देश दिया कि पूरे इलाके में कही भी जल जमाव की समस्या पैदा नहीं हो सके। ताकि बरसात के मौसम में जल-जनित बीमारियों जैसे डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया आदि की समयपूर्व रोकथाम हो सके। मंत्री डॉ. पंकज ने कहा कि जेजे कॉलोनी में रहने वाले लोगों को स्वच्छ जल-आपूर्ति, सीवरेज समेत सभी मूलभूत सुविधाएं पहुंचाने के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति और जल निकासी की व्यवस्था के साथ ही इलाके में बदहाल पड़े पार्कों के जीर्णोद्धार जैसे कई विकास के काम किए जा रहे हैं।

### मंत्री ने कैंप कार्यालय में किया जन संवाद

मंत्री डॉ. पंकज ने बुधवार को विकासपुरी के कैंप कार्यालय में स्थानीय जनता के साथ जन संवाद किया। स्थानीय लोगों ने मंत्री के समक्ष अपने-अपने सुझाव और समस्याएं रखी, जिनमें सड़कों के पुनर्निर्माण, पानी का कम प्रेशर, पार्कों का रखरखाव, सीवर की सफाई आदि कराने की मांग की। मंत्री ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश देकर सभी काम जल्द से जल्द करवाने का आदेश दिए और लोगों को भरोसा दिया कि किसी भी समस्या के समाधान के लिए कोई भी सीधे मुझसे या कैंप कार्यालय में जाकर संपर्क कर सकता है। विकासपुरी का विधायक होने के नाते लोगों की हर समस्या का समाधान करना मेरी प्राथमिकता है।

## जैन मंदिर विवेक विहार में हुई चातुर्मास की स्थापना, जैन संत करेगें अमृत वचन वर्षा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

जैन वर्ग के लिए चातुर्मास सबसे पवित्र समय माना जाता है, जिसकी शुरुआत हो चुकी है। यमुनापार के मंदिर विवेक विहार में हुई चातुर्मास की स्थापना हुई है। इस अवसर पर जैन धर्मावलंबियों के प्रमुख संतों के अलावा अनेक श्रद्धालु मौजूद थे। इस बारे में जैन समाज के वरिष्ठ नेता व भाजपा शाहदरा जिला अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष विपिन जैन ने बताया कि विवेक विहार स्थित जैन मंदिर में आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष चतुर्दशी (9 जुलाई ) के दिन अर्थात गुरु पूर्णिमा से एक दिन पूर्व ऋषभ जैन सभा के तत्वावधान में शुरुआत हुई है। आचार्य ज्ञान सागर महाराज के आशीर्वाद व आचार्य ज्ञेय सागर महाराज द्वारा दीक्षित आर्यिका सुज्ञानमति माताजी व दयामति माताजी के चार्तुमास की स्थापना हुई है। अपने अमृत वचनों में सुज्ञानमति माताजी ने बताया कि हम जितना अधिक संयम का अभ्यास करेंगे, उतना ही अहिंसा का विकास होगा। भगवान महावीर ने चातुर्मास काल में जिनवाणी द्वारा जीने की कला से विश्व को अवगत कराया है। अगर उसके अनुरूप हम चलें तो निश्चित ही यशस्वी मानव बन सकते हैं। ज्ञात रहे जप, तप, सत्संग आदि में समर्पित भाव से सहभागी बनने से ही चातुर्मास की विशेषता अक्षुण्ण रहेगी। वहीं दयामति माताजी ने अपने संबोधन में कहा कि चातुर्मास का महत्व लौकिक जगत में है तो आध्यात्मिक जगत में भी है। क्योंकि इसी अवधि में बार बार बादलों का योग बनता है, पानी की वृद्धि होती है, जो लौकिक समृद्धि का आधार है। लोकोत्तर जगत में इस अवधि में गुरु का योग बनता है,पानी की वृष्टि होती है, जो आध्यात्मिक समृद्धि का आधार है। इस चातुर्मास में लौकिक सृष्टी बदलती है तो आध्यात्मिक सृष्टि भी बदलती है। इस अवसर पर जैन समाज विवेक विहार के प्रधान नीरज जैन, वकील चंद जैन, मनीष जैन, मनोज जैन, लोकेश जैन सहित बाहरी राज्यों से श्रद्धालु दिल्ली पहुंचे।

KAMAL INSTITUTE OF HIGHER EDUCATION AND ADVANCE TECHNOLOGY
(Approved by AICTE and Affiliated to G.G.S.I.P. University, New Delhi.)
K-1 Extension, Mohan Garden, N.Delhi - 59

ADMISSION NOTICE
FOR MANAGEMENT QUOTA ACADEMIC SESSION-2025-26
Applications are now being accepted in both online and offline modes for the following courses:
(BBA ,BCA) Ist & IInd Shift
B.COM (H), B.Ed.
Prospective students can download the admission form from our website
URL: https://www.kamalinstitute.com/wp-content/uploads/2025/07/MQ-Admission-Form-2025-26.pdf
or collect them in person from the Institute Reception between 10:00 AM To 3:00 PM.
Eligibility & Reservations will be followed as per Statutory Policy of GNCT of Delhi / GGSIPU
Start date of issue of form: 11/07/2025
Last date of issue of form: 30/07/2025
Last date of form submission: 31/07/2025
For further Details, Pls.Contact us at:
info@kamalinstitute.com
kamalinstitutehighereducation@gmail.com
8851735219, 9716754246
www.kamalinstitute.com

# अध्यक्ष ने घोषित की भाजपा फरीदाबाद जिला पदाधिकारियों की एक मजबूत टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

भाजपा जिला पदाधिकारियों की घोषणा करने के पश्चात भाजपा फरीदाबाद के जिला अध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि एक विचार है, एक संस्कार है। पार्टी संगठन की मजबूती ही हमारा लक्ष्य है। भाजपा के मजबूत, सक्रिय और कर्मठ कार्यकर्ताओं को जिला कार्यकारिणी में पदाधिकारी नियुक्त कर जिले की एक बेहद मजबूत टीम तैयार कर उसकी घोषणा की गई है। इस टीम में महिलाओं और युवाओं को प्राथमिकता दी गई है। यह नई जिला टीम जनता हितैषी और संगठन प्रेरित कार्यों को प्राथमिकता देगी। यह टीम पूरी निष्ठा, ऊर्जा और समर्पण के साथ कार्य कर जिले में संगठन को मजबूत करेगी और भारतीय जनता पार्टी की नीति, नीयत और नेतृत्व को जनता तक मजबूती से पहुंचाएंगे। यह टीम न केवल संगठनात्मक कार्यों को गति देगी, बल्कि केंद्र और राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही जनहितकारी योजनाओं और विकास कार्यों की जानकारी भी जनता तक पहुंचाएगी। भाजपा जिला कार्यालय अटल कमल पर भाजपा जिला अध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल ने प्रेसवार्ता कर जिला पदाधिकारियों के नामों की औपचारिक घोषणा की। रामपाल ने कहा कि हमारे वरिष्ठ नेताओं, मंत्री, विधायकों से विचार विमर्श कर प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडौली एवं संगठन महामंत्री फणीन्द्रनाथ सरमा के निर्देशानुसार कुल 23 जिला पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई है।




## इस अवसर पर जिला संयोजक नियुक्त किया गया

भाजपा फरीदाबाद जिला संगठन में हरेन्द्र भडाना, गोल्डी अरोड़ा, मुकेश शर्मा, एडवोकेट विक्रम सिंह अरुआ, भारती भाकुनी, सीमा भारद्वाज, धर्मवीर भड़ाना को उपाध्यक्ष, प्रवीण चौधरी गर्ग एवं शोभित अरोड़ा को जिला महामंत्री, गिर्राज त्यागी, तरंजीत सिंह भाटिया, एडवोकेट मनीष छोंकर, सुनील कुमार,अनुराधा डंगवाल,आरती साह, पुनीता झा को ज़िला सचिव, राजन मुथरेजा को जिला कोषाध्यक्ष, राज मदान को कार्यालय सचिव, विनोद गुप्ता को जिला मीडिया प्रभारी, आभाष अग्रवाल को जिला प्रवक्ता, शिवम रत्न गुप्ता को आई टी प्रमुख, तनुज कोठारी को सोशल मीडिया प्रमुख और अरुणिमा सिंह को मन की बात का जिला संयोजक नियुक्त किया गया। इस अवसर पर पार्टी के जिला प्रभारी नरेंद्र वत्स, निर्वतमान जिला महामंत्री मनोज वशिष्ठ विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान काफी संख्या में कार्यकर्ता, पदाधिकारीगण एवं मीडिया प्रतिनिधि मौजूद रहे। इस अवसर पर उपस्थित सभी नवनियुक्त जिला पदाधिकारियों ने पार्टी शीर्ष एवं प्रदेश नेतृत्व, वरिष्ठ नेताओं, मंत्रियों, विधायकों, और जिला अध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल का आभार व्यक्त किया।

## खबर संक्षेप

### गुरु पूर्णिमा आजः शामिल होंगे हजारों श्रद्धालु



**गुरुग्राम।** विश्व धर्म चेतना मंच एनसीआर व दिल्ली के तत्वावधान एवं श्री सिद्धेश्वर तीर्थ ब्रह्मऋषि आश्रम, तिरुपति के सौजन्य से दिल्ली के तालकटोरा इंडोर स्टेडियम में 12 जुलाई को आयोजित होने वाले श्री गुरु पूर्णिमा महामहोत्सव 2025 को दिव्य और भव्य बनाने के लिए जोरशोर से तैयारियां की जा रही हैं। समाजसेविका अनीता लूथरा अग्रवाल व युवा समाजसेवी समर्थ अग्रवाल ने बताया कि सिद्धगुरुवर गुरुदेव अपनी दिव्य वाणी और शक्ति संचार से साधकों का मार्गदर्शन करेंगे।

### सिलेंडर में कालाबाजारी करते आरोपी काबू



**गुरुग्राम।** सीएम फ्लाइंग ने गुरुग्राम में गैस सिलेंडर की कालाबाजारी का भंडाफोड़ करते हुए एक आरोपी को काबू किया है। आरोपी रेवाड़ी से गुरुग्राम लाकर घरेलू सिलेंडर की कालाबाजारी करता था। टीम ने आरोपी को 100 गैस सिलेंडर के साथ काबू कर मानेसर थाना पुलिस को शिकायत देकर पुलिस के हवाले कर दिया है। दरअसल, सीएम फ्लाइंग की टीम को सूचना मिली थी कि एनएसजी के पास एक दिल्ली नंबर की लोडिंग गाड़ी में घरेलू गैस सिलेंडर की कालाबाजारी की जा रही है।

### कांवड़ यात्रा को लेकर बैठक आजोजित



**गाजियाबाद।** महात्मा गांधी सभागार, कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी दीपक मीणा की अध्यक्षता में कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने के मद्देनज़र सुपर जोनल मजिस्ट्रेटों, जोनल मजिस्ट्रेटों सेक्टर मजिस्ट्रेटों के साथ क्रियान्वयन बैठक आहूत हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी दीपक मीणा ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे सभी अपने-अपने क्षेत्रों का भ्रमण कर सुविधा व सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लें। मजिस्ट्रेटों को निर्देशित किया कि वे अपने क्षेत्रो में स्थलीय निरीक्षण करते हुए जनप्रतिनिधियों, दुकानदारों, सहयोग प्रदान करें।

### नगर निगम के तीनों जोन के मुख्य द्वार पर लटके ताले

# कर्मचारी व मजदूरों की देशव्यापी हड़ताल का जिले में व्याप्त असर रहा, कई विभागों में कामकाज ठप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

केंद्रीय ट्रेड यूनियनों और अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर आयोजित राष्ट्रव्यापी आम हड़ताल का सभी विभागों में व्याप्त असर रहेगा और दर्जनों विभागों में कामकाज बूरी तरह प्रभावित रहा। यह हड़ताल लेबर कोड्स को वापस लेने, ओपीएस बहाली, ठेका कर्मियों और आशा, आंगनवाड़ी, व मिड डे मील वर्करों को नियमित करने, निजीकरण पर रोक, 26 हजार रुपए न्यूनतम वेतन, आठवें पे कमीशन का गठन, पेंशनर्स की 65, 70, व 75 साल की उम्र में बेसिक पेंशन में 5 प्रतिशत बढ़ोतरी करने आदि मांगों को लेकर की गई थी। इस हड़ताल का रिटायर्ड कर्मचारी संघ हरियाणा व संयुक्त किसान मोर्चा ने भी पुरजोर समर्थन किया और प्रदर्शन में शामिल हुए। बैंकों, एलआईसी, जीआईसी, पोस्टल, आयकर व दूरसंचार विभाग में भी हड़ताल का व्यापक असर दिखाई दिया।

**खास बातें**

- बिजली निगम की कई सब डिवीजन व कंप्लेंट सेंटर पड़े रहे सूनसान
- बैंकों, एलआईसी, जीआईसी, पोस्टल, आयकर व दूरसंचार विभाग में भी हड़ताल का व्यापक असर
- हड़ताली कर्मचारियों ने बीके चौक नगर निगम मुख्यालय पर एकत्रित होकर किया प्रदर्शन

### अभियंताओं ने हड़ताल में काले बिल्ले लगाकर लंच टाइम में विरोध प्रकट किया






नगर निगम मुख्यालय सहित बल्लभगढ़ व ओल्ड जोन के कार्यालयों पर ताले लटके रहे और सफाई सहित पब्लिक डिलिंग का कोई काम नहीं हुआ। ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशनज वर्कर यूनियन के आह्वान पर हजारों की संख्या में बिजली कर्मचारी हड़ताल पर रहे। बिजली अभियंताओं ने भी हड़ताल का काले बिल्ले लगाकर लंज टाइम में विरोध प्रकट किया। हड़ताल के कारण बिजली के अधिकतर सब डिवीजन, डिवीजन, कंप्लेंट सेंटर सूनसान पड़े रहे। जिसके कारण कंज्यूमर के बिजली व बिल संबंधी कोई काम नहीं हुआ। हरियाणा टूरिज्म के लगभग शत-प्रतिशत कर्मचारियों के हड़ताल में शामिल होने के कारण बड़खल, मैगपाई, नाहर सिंह महल, सूरजकुंड, सनबर्ड, अरावली गोल्फ कोर्स आदि पर्यटन केंद्र के तंदूर ठंडे पड़े रहे। सिंचाई, पीडब्ल्यूडी बीएंडआर, पब्लिक हेल्थ, एचएसवीपीएवन आदि विभागों के कर्मचारी हड़ताल पर रहे। रोडवेज के अधिकतर कर्मचारियों के हड़ताल में शामिल होने के कारण अधिकांश बसों का संचालन नहीं हुआ। केवल रात को डिपो से बाहर खड़ी कुछ बसों का संचालन हुआ। सीटू हरियाणा से संबंधित आशा, आंगनवाड़ी व मिड डे मील वर्करों ने हजारों की संख्या में हड़ताल में भाग लिया।

### हजारों कर्मचारियों ने हड़ताल में भाग लिया

हड़ताली कर्मचारियों और मजदूरों ने बीके चौक नगर निगम मुख्यालय पर आम सभा का आयोजन किया। जिसमें हजारों की संख्या में कर्मचारियों ने भाग लिया। जिसमें आशा व आंगनबाड़ी वर्करों की उपस्थिति प्रभावशाली थी। सभा को अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुभाष लांबा, सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री, जिला प्रधान करतार सिंह, सचिव युद्धवीर सिंह खत्री, बलबीर सिंह बालगुहेर, सीटू के जिला प्रधान निरंतर पाराशर, सचिव वीरेंद्र डंगवाल, एचएमएस के प्रधान एसडी त्यागी, जिला प्रधान राजपाल डांगी, एटक के चेयरमैन बेचुगिरी, आर एन सिंह, इंटक से हुक्म चंद बेनीवाल, एएचपीसी वर्कर यूनियन के नेता शब्बीर अहमद गनी, रामचरण, मनोज जाखड़, किसान नेता सतपाल नरवत, बैंक से कृपा राम पूनिया, भोले सिंह, रिटायर्ड कर्मचारी संघ से नवल सिंह नरवत, आशा शर्मा, यूएम खान, आशा वर्कर यूनियन की प्रधान हेमलता, सचिव सुधा, आंगनवाड़ी यूनियन की प्रधान देवेन्द्री शर्मा, मिड डे मील से कमलेश आदि ने संबोधित किया ।

### अनुपलब्धता प्रमाण पत्र कार्यालय द्वारा दिया जाएगा

## निर्वाचन आयोग के निर्देशों की अवेहलना कर गैस्ट टीचर को बनाया बीएलओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

जिले में गैस्ट टीचर को विभिन्न बूथों पर बूथ लेवल अधिकारी लगाया गया है। भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के आदेश के निर्देशानुसार ग्रुप सी या उससे ऊपर के नियमित कर्मचारी को ही बीएलओ लगाया जाना है। जिस कार्यालय में नियमित कर्मचारी नहीं है तो उस अवस्था में आंगनवाड़ी, संविदा शिक्षक या कांट्रैक्ट कर्मचारी को बीएलओ बनाया जा सकता है। जिसके लिए नियमित कर्मचारी का अनुपलब्धता प्रमाण पत्र कार्यालय द्वारा दिया जाएगा।

जिले के विद्यालयों में नियमित शिक्षक होने के बावजूद बूथों पर गैस्ट टीचर की नियुक्ति कर दी गई है। अतिथि अध्यापक संघ के जिला प्रधान रघु वत्स ने बताया कि अधिकतर बूथों पर गैस्ट टीचर को बीएलओ नियुक्त कर दिया गया है, जबकि विद्यालयों में कई-कई नियमित शिक्षक हैं फिर भी गैस्ट टीचर को बीएलओ बनाया गया है जोकि चुनाव आयोग के निर्देशों की अवहेलना है।

विद्यालयों में पहले से ही नियमित शिक्षक हैं तो गैस्ट की ड्यूटी न लगाई जाए। नियमित शिक्षक न होने की अवस्था में ही गैस्ट टीचर को बीएलओ बनाया जाए।

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक**

**अभियोग संख्या 210 दिनांक 05.07.2025 धारा 127(6) BNS 2023 थाना आई एम टी रोहतक ।**

**गुमशुदा की पहचान बारे**



नाम - कोमल
पिता/पति- पुत्री अमन
पता - निवासी गांव बलियाणा रोहतक
उम्र- 24 वर्ष
कद- 5 फुट 2 ईंच ।
हुलिया - रंग गोरा, गोल चेहरा।
पहनावा पता नहीं।

दिनांक 05.07.25 को कोमल पुत्री अमन निवासी गांव बलियाणा रोहतक बिना किसी को बताए कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उचित इनाम भी दिया जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना आई एम टी रोहतक- 7082999124
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,999646400
3. अनुसंधानकर्ता थाना थाना आई एम टी रोहतक- 8053455648

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक**

**अभियोग संख्या 194 दिनांक 07.07.2025 धारा 140(3) BNS 2023 थाना सदर रोहतक ।**

**गुमशुदा की पहचान बारे**



नाम- मयंक
पिता/पति- पुत्र अशोक
पता - निवासी गांव ब्रामणवास जिला रोहतक
उम्र- 13.5 वर्ष
कद- 3 फुट 5 ईंच ।
हुलिया - रंग गोरा, दुबला पतला शरीर, लम्बूतरा चेहरा, पतला फुर्तीला शरीर ।
पहनावा- काले रंग की टी शर्ट, नीले रंग की जींस की पैंट व पैरों में जूते पहने हुए है।

दिनांक 07.07.25 को मयंक पुत्र अशोक निवासी गांव ब्रामणवास जिला रोहतक बिना किसी को बताए कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उचित इनाम भी दिया जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना सदर रोहतक- 7082999123
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,999646400
3. अनुसंधानकर्ता थाना सदर रोहतक- 9991309543

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक**

**अभियोग संख्या 293 दिनांक 08.07.2025 धारा 127(6) BNS 2023 थाना शिवाजी कालोनी रोहतक ।**

**गुमशुदा की पहचान बारे –**



नाम - प्रशांत
पिता/पति- पुत्र स्वर्गीय मनीष
पता- निवासी शुगर मील कालोनी रोहतक
उम्र-30 वर्ष
कद - 5 फुट 8 इंच ।
हुलिया - रंग सांवला, लम्बूतरा चेहरा, हष्ट पुष्ट शरीर ।
पहनावा- काले रंग की टी शर्ट, काले रंग की लोवर, व पैरों में जूते पहने हुए है।

दिनांक 08.07.25 को प्रशांत पुत्र स्वर्गीय मनीष निवासी शुगर मील कालोनी रोहतक बिना किसी को बताए कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है । यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उचित इनाम भी दिया जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना शिवाजी कालोनी रोहतक- 7082999119
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,999646400
3. अनुसंधानकर्ता थाना शिवाजी कालोनी रोहतक- 7015596082

पीआरडीएच-1084/11/3623/2026/36427/88/7 दि. 09.07.2025

### मंत्री शर्मा ने कहा-जीवन को बचाना है पौधा जरूर लगाना है

# ‘एक पेड़ मां के नाम’ 2.0 महाअभियान में लगाए गए 11 लाख से ज्यादा पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आह्वान पर बुधवार को दिल्ली से सटे गाजियाबाद में पौधारोपण पेड़ मां के नाम 2.0 महाअभियान चलाया गया। इस मौके पर सरकारी विभागों द्वारा 11 लाख 47हजार 980 पौधे आरोपित किए गए। महा अभियान के तहत प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सुनील कुमार शर्मा, सांसद अतुल गर्ग, विधायक सदर संजीव शर्मा की उपस्थिति में सामाजिक वानिकी प्रभाग, गाजियाबाद द्वारा रक्षा भूमि राइफल रेंज, विजयनगर में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न हुआ। सुनील कुमार शर्मा कैबिनेट मंत्री ने कहा कि वर्तमान समय में हर क्षेत्र में वायुप्रदूषण निरंतर बढ़ता जा रहा है। जो कि जीवन के लिए खतरा है। अगर हमें जीवन को बचाना है तो पौधा जरूर लगाना है। पौधरोपण करने के पश्चात हमें इस बात का भी ध्यान रखना है कि उसका संरक्षण करना भी हम सभी की जिम्मेदारी है।




**पौधे की देखभाल करें**

यदि आपको अपने आपपास कोई पौधा सूखता नज़र आता है तो आप उसे पानी जरूर दें और पौधे की देखभाल करें। जब आज हम उसकी देखभाल करेंगे तो आने वाले समय में वह हमारा जीवन का सहारा बनेगा, हमें आक्सीजन, फल, बीज, औषधि सहित अन्य लाभकारी चीजे प्रदान करेगा। सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि पौधा रोपण व संरक्षण करना हम सभी की जिम्मेदारी है, वर्तमान सरकार निरंतर पौधारोपण व संरक्षण पर ध्यान दे रही है, और इस प्रकार के महाअभियान एक दिन उत्तर प्रदेश को हरा भरा प्रदेश बनाएगें। सदर विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि पौधरोपण के इस महाअभियान के उपरान्त आपको कहीं ना कहीं कोई न कोई पौधा मुर्झाता हुआ अवश्य दिखेगा।

### कांग्रेसः सतीश त्यागी चेयरमैन बने, किया स्वागत

**गाजियाबाद।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व सदस्य तथा विधानसभा के चुनाव लड़ चुके वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सतीश त्यागी को जिला कांग्रेस कमेटी अनुशासन समिति का चेयरमैन बनाया गया है । उनकी नियुक्ति पर कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा (डासना) व अन्य कांग्रेसियों ने जिला कांग्रेस कार्यालय पर स्वागत किया।

इस मौके पर सतीश शर्मा डासना ने कहा कि सतीश त्यागी के अनुशासन समिति का चैयरमेन बनने के बाद निश्चित तौर पर पार्टी में मजबूती आएगी और अनुशासन भी कायम रहेगा। उन्होंने कहा कि सतीश त्यागी पार्टी के बड़े नेता हैं उनका सदुपयोग पार्टी के लिए लाभप्रद होगा। इस मौके पर कांग्रेस नेता सुशांत गोयल, लोकेश चौधरी, डॉ. रत्नाकर पांडेय,कांग्रेस नेता सुरेंद्र शर्मा, राजेन्द्र शर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## मोदीनगर में कांवड़ खंडित होने से गुस्साए कांवड़ियों ने किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

मोदीनगर में मंगलवार की रात में दिल्ली-मेरठ हाईवे पर एक कार की टक्कर से कांवड़ खंडित होने से गुस्साए कावड़ियों ने जमकर बवाल किया। कावड़ियों ने कार चालक के साथ जमकर मारपीट की और गाड़ी में तोड़ दी और जाम लगा दिया। पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुँचकर गुस्साए कावड़ियों को शांत किया। मंगलवार रात में मोदीनगर के राज चौपला क्षेत्र में हरिद्वार से गंगाजल लेकर अनुज, ओम और हरकेश व अन्य कावड़ियामेवात व राजस्थान जा रहे थे। तभी एक तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी जिससे उनकी कांवड़ खंडित हो गई। जिससे नाराज कांवड़ियों ने कार को रोककर उसमें तोड़फोड़ शुरू कर दी और चालक के साथ मारपीट की। बवाल बढ़ता देख स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी।इतना ही नहीं कांवड़ियों ने दिल्ली-मेरठ मार्ग पर जाम लगा दिया, जिससे सड़क पर वाहनों की लंबी लाइन लग गई। सूचना पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और कांवड़ियों को समझा-बुझाकर शांत कराया। पुलिस ने घायल कार चालक को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया। जहां उसकी हालत गंभीर बनी बनी हुई है।

उधर पुलिस कमिश्नर जे. रविंदर गौड ने बताया कि कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए गाजियाबाद कमिश्नरेट पुलिस ने व्यापक इंतजाम किए हैं। उन्होंने कहा, “हर थाने में 50-50 लीटर गंगाजल उपलब्ध कराया गया है।

### प्रेसवार्ता के आयोजन में दी जानकारी, महापंचायत की रूपरेखा की तैयारियां शुरू

# 13 जुलाई को गांव अनंगपुर में होगी महापंचायत, लाखों लोग करेंगे शिरकतः विजय प्रताप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

अनंगपुर गांव सहित अरावली वन क्षेत्र में हुई तोड़फोड़ को लेकर बनाई गई अनंगपुर संघर्ष समिति ने बुधवार को नीलम बाटा रोड स्थित होटल राजमंदिर में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया। जिसमें 13 जुलाई को होने वाली महापंचायत की रूपरेखा एवं उसकी तैयारी को लेकर विस्तार से जानकारी दी गई। प्रेस वार्ता को कमेटी के चेयरमेन अतर सिंह, विजय प्रताप, पूर्व मेयर देवेंद्र भड़ाना, पूर्व पार्षद कैलाश बैंसला, प्रेम किशन आर्य पप्पी आदि ने संबोधित किया। विजय प्रताप ने अपने संबोधन में कहा कि शहर में हो रही तोड़फोड़ से लोगो में भय फैला हुआ है। कानून व्यवस्था की धज्जिया उड़ाई जा रही है पिछले कुछ समय से तोड़फोड़ की गई है।



**हम शांतिपूर्ण आंदोलन करेंगे**

गांव अनंगपुर में फार्म हाउस सहित 6.5 हजार से ज्यादा निर्माणों को तोड़ा जाना है, जिनको नोटिस भिजवाए गए हैं। इस मामले में बड़खल के विधायक से तो कोई उम्मीद नही थी, इसलिए सांसद और केंद्रीय राज्य मंत्री के पी गुर्जर के निवास पर गांव के लोग एकत्रित होकर गए और उनसे मिलें, जिन्होंने आश्वासन दिया। लेकिन, उनके कहने के बावजूद अनंगपुर में तोड़फोड़ दस्ता पहुंचा और घरों को तोड़ा गया। विजय प्रताप ने कहा देश में और भी जगह पहाड़ है पर इस तरह की कोई तोड़फोड़. कहीं नही है। पीएलपीए और अरावली का डर दिखा कर तोड़ फोड़ की जा रही है। उन्होंने कहा कि ये आंदोलन किसी एक का नही बल्कि पूरे देश का है। लोगों में अविश्वास पैदा होने के बाद हमने कमेटी बनाई है। हमारा निर्णय है कि हम शांतिपूर्ण आंदोलन करेंगे। आने वाली 13 जुलाई को गांव अनंगपुर में विशाल महापंचायत होगी और इसमें देशभर से लाखों लोग शिरकत करेंगे।

खबर संक्षेप

### टंकी में सफाई के लिए उतरे, 3 की गई जान



**समस्तीपुर।** समस्तीपुर में शौचालय की टंकी की सफाई के दौरान दम घुटने से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई। इस घटना के बाद गांव में मातम पसर गया। हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। बिथान प्रखंड के लरझा घाट थाना अंतर्गत सलहा बुजुर्ग गांव में शौचालय की टंकी की सफाई के दौरान 3 लोगों की दम घुटने से मौत हो गई।

### बड़े ने छोटे भाई को कुल्हाड़ी से काटा, फरार



**लखनऊ।** जलीलपुर क्षेत्र के गांव भोगपुर में जमीन के विवाद को लेकर बड़े भाई मदन ने छोटे भाई कमल (48) की कुल्हाड़ी से हमला कर हत्या कर दी। वारदात के बाद मौके से भाग निकला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच शुरू कर दी है। आरोपी की तलाश की जा रही है। मकान में उनका बड़ा बेटा मदन सिंह अपने परिवार व छोटे भाई कमल तथा मां के साथ रहता है।

### 14 वर्षीय नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म, जांच शुरू

**वैशाली।** पुलिस ने बताया कि नाबालिग लड़की से सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है।



हमने तत्काल जांच शुरू कर दी है और एफएसएल की टीम घटनास्थल पर सबूत जुटा रही है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम गठित की गई है। वैशाली जिले के बिदुपुर थाना क्षेत्र में एक 14 वर्षीय नाबालिग लड़की से सामूहिक दुष्कर्म की दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है।

# अयोध्या में विराजमान रामलला के लिए सागौन की लकड़ी से बनेगा भव्य मंदिर

अयोध्या राम मंदिर में विराजमान रामलला की स्मृति में बनने वाला मेक शिफ्ट स्ट्रक्चर का प्रतिरूप सागौन की लकड़ियों का ही बनेगा। इसके लिए यह लकड़ियां महाराष्ट्र के अलावा दक्षिण एशिया व अफ्रीका एवं अन्य कैरेबियन देशों से मंगाई जाएंगी

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

अयोध्या राम मंदिर में विराजमान रामलला की स्मृति में बनने वाला मेक शिफ्ट स्ट्रक्चर का प्रतिरूप सागौन की लकड़ियों का ही बनेगा। इसके लिए यह लकड़ियां महाराष्ट्र के अलावा दक्षिण एशिया व अफ्रीका एवं अन्य कैरेबियन देशों से मंगाई जाएंगी। फिलहाल इस मेक शिफ्ट स्ट्रक्चर का ले-आउट तैयार है लेकिन प्रतिकृति की डिजाइन को आर्किटेक्टों के द्वारा डिजाइन किया जा रहा है। इसके चलते फिलहाल मेक शिफ्ट स्ट्रक्चर के स्थान पर पुराने स्ट्रक्चर को हटाकर नींव का उत्खनन कराया गया लेकिन पुनः वहां मिट्टी की पटाई कर जमीन को समतल कर छोड़ा गया है। इसके साथ इस जमीन पर लगातार पानी डालकर मिट्टी को बैठाने की कोशिश की जा रही है। जानकार सूत्रों ने बताया कि दक्षिण-पूर्व एशिया के देशों सागौन की लकड़ियां बहुतायत है। इसके अलावा सागौन की लकड़ी अफ्रीका और कैरीबियाई देशों में भी मिलती है। इसे प्रतिबंधित श्रेणी में रखा गया है।

**खास बातें**

- सागौन की लकड़ी महाराष्ट्र के अलावा दक्षिण एशिया व अफ्रीका से मंगाई जाएंगी
- कन्याकुमारी के कारीगर करेंगे प्रतिकृति का निर्माण
- राम मंदिर के 98 मंदिरों का निर्माण किया जाएगा



**हैदराबाद की अनुराधा टिंबर कंपनी करेगी प्रतिकृति का निर्माण**

मेक शिफ्ट स्ट्रक्चर का ले-आउट तैयार

राम मंदिर की प्रतिकृति के निर्माण की जिम्मेदारी तेलंगाना हैदराबाद की इंटरनेशनल फर्नीचर कंपनी मेसर्स अनुराधा टिम्बर को सौंपी गयी है। यह निर्माण एजेंसी यहां पहले से कार्यरत हैं। इसी एजेंसी के द्वारा राम मंदिर के सभी 98 दरवाजों का निर्माण किया गया है। इसके अलावा भूतल के सभी दरवाजों को गोल्ड प्लेटेड भी इसी एजेंसी ने कराया था। इस एजेंसी की ओर से भेजी भगवान राम की लकड़ी की करीब छह फुट ऊंची प्रतिमा भी इस एजेंसी ने श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र को भेंट में दी थी जिसे तीर्थ क्षेत्र की ओर से विराजमान रामलला के मेक शिफ्ट स्ट्रक्चर के ही रास्ते में रखवाई गयी है।

## मुख्यमंत्री ने पौधे के साथ ली सेल्फी

# अयोध्या में सीएम योगी ने किया पौधरोपण बोले- हीटवेव से ग्रीनवेव की तरफ बढ़ा यूपी

अयोध्या/आजमगढ़/हापुड़/बाराबंकी

यूपी में बुधवार को पौधरोपण महाभियान 2025 का शुभारंभ हो गया। 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत प्रदेश के कई जिलों में करोड़ों पौधे रोपे गए। इस क्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को रामपुर हलवारा में सरयू नदी के किनारे त्रिवेणी वाटिका में बरगद, नीम और पीपल के पौधे रोपकर भगवान श्रीराम, धरती माता और जन्मदायिनी माता को समर्पित किया।

अयोध्या में आयोजित एक जनसभा में सीएम योगी ने पर्यावरण संरक्षण और जलवायु परिवर्तन के खिलाफ इस अभियान की महत्ता पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने बताया कि पिछले आठ वर्षों में उत्तर प्रदेश ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अभूतपूर्व प्रगति की है। इस दौरान 204 करोड़ पौधों का रोपण किया गया, जिनमें से 75 प्रतिशत पौधे जीवित हैं। इसके परिणामस्वरूप राज्य में 5 लाख एकड़ क्षेत्र में वनाच्छादन बढ़ा है। सीएम योगी ने कहा कि हमने हीटवेव को ग्रीनवेव में बदला है।

यह प्रयास न केवल पर्यावरण को स्वच्छ रखने में सहायक है, बल्कि जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों को कम करने में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। उन्होंने वैज्ञानिक जगदीश चंद्र बसु का उल्लेख करते हुए कहा कि पेड़ों में भी जीवन है और ये छाया, फल, मृदा संरक्षण और प्रदूषण नियंत्रण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को सरयू नदी के किनारे त्रिवेणी वाटिका में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत किया पौधरोपण




**अयोध्या को देश की पहली सोलर सिटी बनाने का सपना साकार**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या के बदलते स्वरूप पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि यह प्राचीन नगरी आज देश-दुनिया के लिए आकर्षण का केंद्र बन रही है। उन्होंने कहा कि जो अयोध्या कभी वीरान थी, वह आज त्रेतायुगीन वैभव की ओर अग्रसर है। अयोध्या को देश की पहली सोलर सिटी बनाने का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि इंटरनेशनल एयरपोर्ट और मियावाकी पद्धति से वन विकास जैसे प्रयास इसे और समृद्ध कर रहे हैं। तिलोदकी नदी के पुनरोद्धार में योगदान देने वालों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री सूर्य प्रताप शाही, डॉ. अरुण कुमार, महापौर गिरीशपति त्रिपाठी, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, अमित सिंह चौहान, रामचंद्र यादव, अभय सिंह, चंद्रभानु पासवान, एमएलसी हरिओम पांडेय, पूर्व सांसद लल्लू सिंह, बीजेपी जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, प्रमुख सचिव पर्यावरण एवं वन अनिल कुमार सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

**52 करोड़ पौधे तैयार**

मुख्यमंत्री ने जलवायु परिवर्तन को वैश्विक चुनौती बताते हुए कहा कि अतिवृष्टि, अनावृष्टि और बादल फटने जैसी घटनाएं अनियोजित विकास का परिणाम हैं। उन्होंने अमेरिका के टेक्सास में हाल ही में हुई एक घटना का जिक्र किया, जहां अचानक आई बाढ़ में सैकड़ों बच्चे लापता हो गए। सीएम योगी ने कहा कि नियोजित और वैज्ञानिक प्रयासों से विकास और पर्यावरण संरक्षण में संतुलन स्थापित किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि आठ साल पहले शुरू हुए इस अभियान में शुरुआत में केवल 5 करोड़ पौधे उपलब्ध थे, लेकिन वन विभाग, मनरेगा और निजी क्षेत्र के सहयोग से 52 करोड़ पौधे तैयार किए गए हैं।

## कोठी में 6 जर्मन शेफर्ड व घोड़े मिले बाथरूम में कई विदेशी सामान मिला

# दूसरे दिन भी छांगुर बाबा की कोठी पर चला बुलडोजर



एजेंसी ▶▶ लखनऊ

यूपी में धर्मांतरण के मास्टरमाइंड जलालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा की कोठी पर दूसरे दिन भी बुलडोजर चला। प्रशासन को कोठी के अंदर एक मिनी पावर हाउस मिला है। बाथरूम में भी विदेशी ब्रांड के सामान मिले हैं। इसके अलावा, कोठी के अंदर एक घोड़ा भी बंधा मिला। तहसीलदार राजेंद्र बहादुर ने बताया मंगलवार और बुधवार दो दिन की कार्रवाई में 1500 स्क्वायर फीट में बने अवैध निर्माण को ध्वस्त किया गया है। 2041 स्क्वायर फीट में हुए निर्माण को प्रशासन ने अवैध बताया था। अभी 500 स्क्वायर फीट में अवैध निर्माण गिराया जाना बाकी है, जिसे गुरुवार को गिराया जाएगा।

छांगुर बाबा ने 6 जर्मन शेफर्ड कुत्ते भी पाल रखे थे, जिन्हें गांव वाले उठा ले गए थे। हालांकि, जब पुलिस ने सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी, तो गांव वालों ने कुत्ते वापस सौंप दिए। बलरामपुर के उतरौला में बुधवार सुबह 10 बजे प्रशासन की टीम बुलडोजर लेकर कोठी पर पहुंची। कोठी में जहां लाल निशान लगा था, उसे तोड़ना शुरू किया।

**एक जल्लाद गिरफ्तार किया**

बलरामपुर में हमने एक जल्लाद को गिरफ्तार किया है। आपने देखा होगा कि वह कैसे हिंदू बहन-बेटियों की इज्जत के साथ खिलवाड़ करता था। पैसे में सौदेबाजी करता था, लेकिन ऐसे राष्ट्र विरोधी तत्वों को चकनाचूर करके रहेंगे। वहीं, डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने लखनऊ में कहा- छांगुर बाबा जैसे लोग कलंक हैं। इससे भी बुरा हश्र होगा

## पेज एक का शेष

### गुजरात की डेयरी ....

यापार कर रही हैं। उन्होंने कहा कि जब सहकारी यूनिवर्सिटी का नाम त्रिभुवनदास के नाम पर रखने की घोषणा संसद में की गई तो सवाल उठा कि यह व्यक्ति कौन है। एक मायने में यह सवाल ठीक नहीं था। मगर उस व्यक्ति के लिए बहुत बड़ी बात है कि बड़ा काम करने के बाद भी उन्होंने अपना कोई प्रचार नहीं किया और केवल काम करते रहे। शाह ने कहा कि विपक्ष के विरोध के बावजूद हमने यूनिवर्सिटी का नाम त्रिभुवनदास पटेल के नाम पर रखा, क्योंकि अब उन्हें प्रसिद्धि पाने का अधिकार है।

### द्विपक्षीय व्यापार में ...

बात पर जोर दिया कि इस बाबत अब भी पूरी क्षमता का उपयोग किया जाना बाकी है। उन्होंने भारत-एसएसीयू पीटीए पर चर्चा में तेजी लाने का आह्वान किया। पीएम ने कहा कि भारत नामीबियाई विशेषज्ञों के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रमों के जरिए विकास सहयोग के प्रयासों को बढ़ाएगा और नामीबिया में विनिर्माण संयंत्रों की स्थापना में साझेदारी की संभावनाओं का पता लगाएगा। उन्होंने कृषि, सूचना प्रौद्योगिकी, साइबर सुरक्षा, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण और बाल कल्याण के क्षेत्रों में त्वरित प्रभा व विकास परियोजनाओं के लिए भारत के समर्थन की पेशकश की। साथ ही कृषि कार्यों के लिए ड्रोन के उपयोग में भारत के अनुभव को साझा किया। ये एक ऐसी परियोजना है, जो नामीबिया के लिए लाभकारी सिद्ध हो सकती है।

### नामीबिया के सर्वोच्च ....

अपने शीर्ष नागरिक सम्मान से सम्मानित किया है। इस पुरस्कार का नाम नामीबिया में पाए जाने वाले एक अनोखे और प्राचीन रेगिस्तानी पौधे वेल्वित्शिया मिराबिलिस के नाम पर रखा गया है। पुरस्कार को नामीबियाई लोगों की दीर्घायु, लचीलेपन और स्थायी भावना का प्रतीक माना जाता है। विदेश मंत्रालय एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। बताते चलें कि वर्ष 2014 में पहली बार भारत का प्रधानमंत्री बनने के बाद से लेकर अब तक उन्हें विश्व के कुल 27 देश अपने सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित कर चुके हैं। वहीं, उनके मौजूदा पांच दिवसीय विदेश दौरे में मिला यह चौथा बड़ा सम्मान है। नामीबिया पीएम मोदी की यात्रा का अंतिम पड़ाव है। जिसके बाद वह स्वदेश पहुंचेंगे।

**वैश्विक शांति-न्याय में निभाई अहम भूमिकाः** प्रधानमंत्री को इस सम्मान से सम्मानित करते हुए नामीबिया की राष्ट्रपति डॉ. नेटुम्बो नंदी नदैतवा ने कहा कि मुझे देश के संविधान द्वारा प्रदत शक्तियों के आधार पर इस प्रतिष्ठित सम्मान से भारत के प्रधानमंत्री को सम्मानित करने का गौरव हासिल हुआ है। जिन्होंने हमारे देश के साथ ही दुनियाभर में सामाजिक-आर्थिक विकास और सामाजिक न्याय-शांति को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

### जेपी नड्डा बोले...

महत्वपूर्ण है। आपदा प्रभावित क्षेत्रों के दौरे के दौरान नड्डा ने उन लोगों के साथ मुलाकात की, जो अपना 100 फीसद घर जमीन खो चुके हैं और ऐसी भी लोग जिन्होंने इस त्रासदी के दौरान अपने माता-पिता को खो दिए। इसका एक उद्धरण नाचन विधान सभा क्षेत्र के पुष्प राज और तिलक राज है। इस दौरान जगत प्रकाश नड्डा उन कैंपों में भी गए जहां पर तरसती प्रभावित लोग रह रहे हैं। इस अवसर पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा की सबसे पहले अगर किसी राजनीतिक दल ने जनता को राहत पहुंचाने का काम किया तो वह भाजपा है, सारे प्रदेश ने मिलकर इस राहत कार्य में अपना अंशदान दिया है। जनता के सहयोग से विभिन्न सेवा केंद्र चल रहे हैं और भाजपा ने अग्रिम भूमिका में रहते हुए अन्न, ठहराव, रोजमर्रा की वस्तुओं का तीव्र गति से एकत्रीकरण कर प्रभावितों को पहुंचाने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि अगर राहत की बात करें तो भारत सरकार इस कार्य में हमेशा तत्पर है, आर्थिक मदद की दृष्टि से भारत सरकार हिमाचल प्रदेश के साथ पहले भी खड़ी थी और आगे भी खड़ी रहेगी। 2023 को याद दिलाते हुए नड्डा ने कहा कि उसे समय मंडी एवं कुल्लू में त्रासदी आई थी और मैं तीन बार हिमाचल प्रदेश आया था, मुझे याद है कि उस समय 3146 करोड़ की राहत हमने केंद्र सरकार के द्वारा हिमाचल प्रदेश को पहुंचाई थी। अभी भी पुनर्वास के लिए केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 2006 करोड़ एनडीआरएफ के तहत हिमाचल प्रदेश के लिए जारी किया है, अगर इसका जोड़ करें तो कुल 5152 करोड़ बनता है। आर्थिक दृष्टि से बात करें तो मदद के रूप में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 1 लाख से अधिक घर, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत 3000 करोड़ से अधिक सड़के केंद्र सरकार ने हिमाचल को दी है।

### एसवाईएल को लेकर...

रस्तोगी, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अनुराग अग्रवाल सहित सिंचाई विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में निर्णय लिया गया कि अगली बैठक 5 अगस्त को होगी। बुधवार की बैठक बेनतीजा रही। सैनी ने उम्मीद जतायी कि अगली बैठक में समाधान निकलेगा। आगामी 13 अगस्त को एसवाईएल मामले में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होनी है। केंद्र सरकार को सुनवाई के दौरान जवाब दाखिल करना है। सूत्रों का कहना है कि बैठक में पंजाब के सीएम भगवंत मान ने फिर दोहराया कि पंजाब के पानी देने के लिए पानी नहीं है। उन्होंने केंद्र से मांग की है कि पंजाब को चिनाब नदी का पानी दिलवाया जाए।

बैठक के उपरांत मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि आज की बैठक में सार्थक चर्चा हुई है और पंजाब के मुख्यमंत्री ने भी यह कहा है कि यह मुद्दा खत्म होना चाहिए, क्योंकि ज्यादा लंबा समय हो चुका है। उन्होंने कहा कि इस विषय पर सही परिणाम अवश्य निकलेंगे। पंजाब व हरियाणा दोनों भाई हैं और आज भी आपसी प्यार व भाईचारे के साथ एक ही आंगन में रहते हैं। अगली बैठक में बातचीत से अवश्य ही बेहतर हल निकलेगा और इसके सकारात्मक परिणाम आयेंगे। सूत्रों का कहना है कि भगवंत मान ने बैठक में यह भी कहा कि अगर चिनाब का पानी मिलता है तो फिर हरियाणा के लिए एसवाईएल नहर खोदने की जरूरत भी नहीं पड़ेगी, इसके लिए दूसरा विकल्प भी अपनाया जा सकता है। बैठक में मान ने कहा कि सिंधु जल संधि रद्द होने के बाद चिनाब व रावी चैनल से पंजाब को मिलने वाले 23 मिलियन एकड़ फीट (एमएएफ) पानी में से अपना हिस्सा लेकर हरियाणा, राजस्थान और मध्यप्रदेश तक पानी देने में उन्हें कोई आपत्ति नहीं है। एसवाईएल नहर विवाद पर बैठक के बाद सीएम मान ने कहा कि उन्होंने केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल से भाखड़ा ब्यास मैनेजमेंट बोर्ड (बीबीएमबी) की शिकायत की है। उन्होंने मंत्री को बताया कि किस प्रकार बीबीएमबी पंजाब के हितों का हनन कर रहा है। पंजाब के अधिकार क्षेत्र को खत्म करने के आदेश जारी किए जा रहे हैं। वह पंजाब के हितों के लिए किसी भी सूरत में समझौता नहीं करेंगे। 2022 तक सत्ता में आने तक राज्य में केवल 22 प्रतिशत तक नहरी पानी का उपयोग किया जा रहा था जो 61 प्रतिशत तक पहुंच चुका है।

### पुल का एक...

एक बोलेरो एसयूवी और एक पिकअप वैन सहित 5 वाहन पुल पार कर रहे थे, तभी अचानक यह ढह गया। एक टैंकर पुल के टूटे हिस्से में अटककर लटक गया। पीएम नरेंद्र मोदी ने हादसे पर दुख जताया है। पीएम मोदी ने हादसे के शिकार हुए लोगों के लिए मुआवजे का भी ऐलान किया है। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से प्रत्येक मृतक के परिजनों को दो लाख रुपए और घायलों को 50,000 रुपए दिए जाएंगे। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने दुख जताया और घायलों के जल्द ठीक होने की कामना की है। मुख्यमंत्री ने एक उच्च स्तरीय समिति को घटनास्थल पर भेजकर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है।

### प्रदेशव्यापी हड़ताल से ...

दिल्ली, हरियाणा, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और राजस्थान समेत उत्तर, मध्य और पश्चिम भारत में बंद बिल्कुल बेअसर रहा। इन इलाकों में सामान्य जनजीवन सुचारू रूप से चला। बैंक, बीमा, डाक और पब्लिक ट्रांसपोर्ट जैसी सर्विसेज पूर्णतः ठप रही है। केंद्रीय ट्रेड यूनियन ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन किया। ओडिशा के भुवनेश्वर में कई पेट्रोल पंप बंद नजर आए। कर्नाटक के हुबली में भारत बंद रखा। कोलकाता में वामपंथी दलों के यूनियन ने जादवपुर में पैदल मार्च निकालकर 'भारत बंद' में भाग लिया। पश्चिम बंगाल के हल्दिया में बंदर रेलवे स्टेशन पर भारत बंद के आह्वान में माकपा समर्थकों ने ट्रैक पर प्रदर्शन किया। पुलिस ने कई प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया। केरल में बसें नहीं चलीं, दुकानें और शॉपिंग मॉल बंद रहे। तमिलनाडु में 'भारत बंद' का असर नहीं दिखा।

### हड़तालियों की विभिन्न ....

का आकस्मिककरण जैसे कि आउटसोर्स, निश्चित अवधि का रोजगार, अप्रेंटिसशिप, प्रशिक्षु आदि विभिन्न योजनाओं और बहानों के तहत न किया जाए। ठेका कर्मचारियों के लिए समान कार्य के लिए समान वेतन तुरंत लागू किया जाए।

### युद्धपोत के नामकरण...

10 हजार टन है। निस्तार गोताखोरी के अत्याधुनिक उपकरणों से लैस है। साथ ही यह समुद्र में 300 मीटर की गहराई तक गोताखोरी करने में भी पूरी तरह से सक्षम है और इसमें 75 मीटर की गहराई तक गोताखोरी करने के लिए एक साइड डाइविंग स्टेज भी मौजूद है।

## डीबीटी के माध्यम से पहुंचे 23 करोड़ रुपए

# रांची जिले में 2 लाख से ज्यादा लाभुकों को पेंशन का वितरण

एजेंसी ▶▶ रांची

झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी सर्वजन पेंशन योजना के तहत रांची जिले के 2 लाख 37 हजार 555 लाभुकों को जुलाई की पेंशन राशि का भुगतान किया गया। डीसी मंजूनाथ भजन्त्री के निर्देश पर यह राशि डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से लाभुकों के बैंक खातों में ट्रांसफर की गई है। इसके अंतर्गत 23 करोड़ 75 लाख 55 हजार रुपए की राशि का वितरण किया गया।



पेंशन को लेकर जानकारी देते हुए रांची के डीसी मंजूनाथ भजन्त्री ने कहा कि यदि किसी लाभुक को जुलाई की पेंशन राशि प्राप्त नहीं हुई है तो वे जिला प्रशासन के व्हाट्सऐप नंबर अबुआ साथी के 9430328080 पर शिकायत दर्ज कर सकते हैं। प्राप्त शिकायतों पर सामाजिक सुरक्षा कार्यालय द्वारा त्वरित कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद योग्य लाभार्थियों के खातों में पेंशन का पैसा पहुंच जाएगा। लेकिन इसके लिए उन्हें पहले शिकायत करनी पड़ेगी।

मुख्यमंत्री राज्य आदिम जनजाति पेंशन योजना, एचआईवी/एड्स पीड़ित व्यक्ति सहायतार्थ पेंशन योजना, मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना, मुख्यमंत्री राज्य निराश्रित महिला सम्मान पेंशन योजना, स्वामी विवेकानंन निःशक्त स्वावलंबन प्रोत्साहन योजना, ट्रांसजेंडर/तृतीय लिंग के व्यक्तियों हेतु मुख्यमंत्री राज्य सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना अंतर्गत लाभुकों के बैंक खाते में एक-एक हजार रुपए का भुगतान किया गया।

## रेलवे अस्पताल में ऑपरेशन के दौरान हादसा

# छत तोड़कर डॉक्टर के ऊपर गिरा कुत्ता बीच में रोकी सर्जरी, मरीज किया शिफ्ट

एजेंसी ▶▶ रांची

दुनिया चांद पर पहुंच गई है, लेकिन झारखंड की स्वास्थ्य गर्त में चली गई है। धनबाद के रेलवे अस्पताल में ऐसा मामला सामने आया है, जिसे सुनकर आप समझ नहीं पाएंगे कि हंसा जाए या इस हालत पर तरस खाया जाए। दरअसल मंगलवार को सुबह करीब 11 बज रहे थे। रेलवे अस्पताल के ऑर्थो विभाग के ऑपरेशन थिएटर में ऑपरेशन चल रहा था। डॉ. पीआर ठाकुर एक मरीज के ऑपरेशन में लीन थे। इसी बीच ऑपरेशन थिएटर की फॉल्स सीलिंग का हिस्सा तेज आवाज के साथ जमीन पर गिर पड़ा। फॉल्स सीलिंग के टुकड़े के साथ एक कुत्ता भी गिरा। ऑपरेशन में सहायक की भूमिका निभा रहीं अंजलि घायल हो गईं। आनन-फानन में ऑपरेशन रोक कर मरीज को दूसरी जगह शिफ्ट किया गया। ऑपरेशन के बाद



स्लैब और प्लास्टर की तैयारी में जुटी एचएम अंजलि का उपचार किया गया। उन्हें कंधे और गर्दन में भी चोट आई है। घटना से जहां अस्पताल के डॉक्टर और कर्मचारी हतप्रभ हैं, मरीज इंतजाम को लेकर सशंकित और भयभीत हो गए हैं। यह स्थिति तब है, जब हाल ही में ऑपरेशन थिएटर का जीर्णोद्धार हुआ है। अस्पताल प्रबंधन ने इंजीनियरिंग विभाग को मामले की जानकारी दे दी है। घटना के चार घंटे बीतने के बावजूद इंजीनियर विभाग से कोई भी कर्मचारी ओटी का हाल जानने नहीं पहुंचा।

## वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ

# जयंत चौधरी की मैंगो पार्टी में मची लूट, आम जेबों में भरते नजर आए रालोद और भाजपा कार्यकर्ता

एजेंसी ▶▶ मेरठ

यूपी के मेरठ में केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी की मैंगो पार्टी में आम की जमकर लूट मच गई। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ। वीडियो में रालोद और भाजपा कार्यकर्ताओं में आम लूटने को लेकर मारामारी देखी जा सकती है। दरअसल मैंगो पार्टी के दौरान कैरेट में भरकर आम रखे गए थे। सभी कैरेट को व्यवस्थित रूप से रखा गया था, लेकिन भीड़ अधिक होने के चलते भीड़ इन पर टूट पड़ी। कार्यकर्ताओं ने अपनी जेबों तक में आम भर लिए। काफी देर तक बाग में अफरातफरी का



माहौल रहा। सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम के बाद सभी नेता पाबली खास रोड स्थित आम के बाग में दावत के लिए पहुंचे। जाम को देखते हुए पुलिस ने बैरिकेडिंग लगाकर वाहनों के लिए बाग से पहले ही जगह बनाई थी। सीओ सरधना संजय जायसवाल ने राष्ट्रीय लोकदल के सिवाल ख़ास विधायक गुलाम मोहम्मद और भाजपा नेता अजय भराला की गाड़ी को भी रोक दिया।

रालोद विधायक ने इंतजार करने के बाद प्रोटोकॉल का हवाला दिया लेकिन सीओ सरधना ने उन्हें आगे नहीं जाने दिया। इस बात को लेकर रालोद विधायक गुस्सा हो गए और उनकी सीओ सरधना से तीखी नोकझोंक हो गई। विधायक के काफिले ने वापस अपनी गाड़ी मोड़ ली तब जाकर सीओ सरधना संजय जयसवाल बैक फुट पर आए और उन्होंने विधायक की गाड़ी को आगे जाने दिया।

**पीलीभीत में बच्चों के साथ मिलकर की आम पार्टी**

वहीं दूसरी ओर पीलीभीत में नारायण सेवा ट्रस्ट के संदीप खंडेलवाल ने हर वर्ष की तरह सोमवार को दर्जन में बच्चों के साथ में मैंगो पार्टी की। उन्होंने सांवरिया स्टेट कालोनी के ब्रह्मदेव स्थल पर दर्जनों बच्चों के साथ इसका आयोजन किया। मैंगो पार्टी की सभी ने फलों के राजा आम का जमकर लुत्फ उठाया। इस दौरान छोटे बच्चों के अलावा अन्य कई लोग मौजूद रहे। बच्चों ने जी भरकर आम के स्वाद का मजा लिया। उनके चेहरों पर खुशी देखी गई।



# मानसून में स्किन प्रॉब्लम्स बचाव के लिए बरतें सावधानी

मानसून में नमी की अधिकता की वजह से स्किन इंफेक्शंस की संभावना बहुत बढ़ जाती है। ये कौन सी समस्याएं हैं, इनके कारण, लक्षण क्या हैं और इससे बचाव के लिए आपको किन उपायों पर अमल करना होगा, बता रहे हैं आपको।

**सीजनल डिजीज**

चेतना झा



तपती गर्मी के बाद बारिश की फुहारें राहत तो देती हैं, लेकिन बारिश का मौसम हमारी त्वचा और बालों के लिए कई समस्याएं भी उत्पन्न कर सकता है। इस मौसम की नमी स्किन इंफेक्शन और दूसरी तमाम समस्याओं की वजह बनती है। इनसे बचाव के लिए प्रयास करने जरूरी हैं।

**अधिक पसीना:** वातावरण में नमी की अधिकता के कारण मानसून के मौसम में पसीने की समस्या होती है और यह स्किन इंफेक्शन का एक बड़ा कारण होता है। इससे त्वचा में खुजली की समस्या होती है और फिर इससे कई समस्याएं परेशान करती हैं।

**मुंहासे:** मुंहासे और त्वचा पर चकत्ते होना, अन्य समस्याएं हैं, जिनका सामना ज्यादातर लोग मानसून के मौसम में करते हैं। खासतौर पर उन लोगों को जिनकी त्वचा पहले ही अधिक ऑयली होती है, नमी बढ़ने से त्वचा अधिक सीबम का उत्पादन करने लगती है। इससे ऑयल अधिक बनने लगता है और यह बैक्टीरिया का बसेरा सा बन जाता है। चिपचिपी त्वचा पर धूल, गंदगी और पसीना लंबे समय तक चिपके रहते हैं, जिसकी वजह से स्किन पोर्स बंद हो जाते हैं। ऐसे में एक्ने और पिंपल्स निकलने लगते हैं।

**एग्जिमा:** एग्जिमा आसानी से ठीक नहीं होने वाला त्वचा रोग है। यह त्वचा संबंधी उन समस्याओं में से एक है, जो केवल मानसून के मौसम में होती है। एग्जिमा विभिन्न जटिलताओं जैसे चकत्ते, खुजली, लालिमा और त्वचा में इसी तरह की समस्याओं का कारण बनता है। यह समस्या उन लोगों में आम है, जिनकी त्वचा संवेदनशील होती है।



**टिनिआ:** यह भी मानसून में हमारी त्वचा को परेशान करने वाला एक फंगल संक्रमण है। इससे अत्यधिक खुजली होती है और असहज महसूस होता है। यह आपके सिर की त्वचा को भी संक्रमित कर सकता है। उसमें भी खुजली होती है।

**स्केबीज:** स्केबीज एक अन्य त्वचा रोग है, जो मुख्य रूप से घुन के प्रवेश के कारण होता है। इसको कुछ इस तरह समझिए कि इसमें परजीवी जीवाणु अंडे देते हैं और आपकी त्वचा में घोंसला भी बनाते हैं, जिससे संक्रमण बढ़ता है। इससे त्वचा में खुजली होती है और लालिमा भी नजर आती है। इससे रोगी को काफी तकलीफ महसूस होती है।

**फोलिक्युलाइटिस या लोम:** यह बाल कूप, बाल रोम या हेयर फॉलिकल का एक और जीवाणु संक्रमण है, जो मानसून के दौरान होता है। बता दें कि बालों के रोम दरअसल, हमारी त्वचा की रक्षा के लिए होते हैं। इससे हमारी त्वचा ढंकी रहती है। बैक्टीरिया और पसीने के बीच का स्पर्श त्वचा संबंधी समस्याओं का कारण बनता है और फॉलिक्युलाइटिस का कारण भी बनता है। फॉलिक्युलाइटिस की वजह से पीड़ित की त्वचा पर बालों के रोम में सूजन हो जाती है। त्वचा की यह समस्या आमतौर पर जांघों, बगलों, नितंबों और गर्दन के आस-पास देखी जाती है। हल्के मामलों के लिए, स्थिति कुछ दिनों में ठीक हो सकती है, लेकिन गंभीर स्थितियों के लिए आपको चिकित्सकीय ट्रीटमेंट लेने की आवश्यकता हो सकती है।

**दाद:** दाद या रिंग वॉर्म त्वचा पर एक छल्ले के आकार में दिखाई देता है। जब आप इसे खुजलाते हैं, तो कई बार आपकी त्वचा पर मिनटों में दाने निकल आते हैं और उनसे पानी भी निकल सकता है। इसे एक संक्रामक फंगल संक्रमण भी माना जाता है, जो रोगी के दूसरों अंगों तक और दूसरे व्यक्ति को भी फैल सकता है।

**ऐसे करें बचाव:** इन बरसाती रोगों से बचाव के लिए इस मौसम में त्वचा को भीतर-बाहर से हाइड्रेट करने की उतनी ही जरुरत है, जितनी किसी और मौसम में होती है। इसलिए भरपूर पानी पिएं। साथ ही नॉन स्टिकी लाइटवेट मॉयश्चराइजर लगाएं। दो-तीन लीटर पानी प्रतिदिन सेवन करने से कोलेजन बनता है, जिससे ये रोग होने की आशंका कम हो जाती है। त्वचा की नियमित सफाई करें। इससे बैक्टीरिया और सीबम दोनों में कमी आती है। इस मौसम में फेस स्टीम यानी चेहरे पर भाप लेना भी लाभदायक है। इससे रोमछिद्र खुलते हैं और मृत त्वचा हटती है। भाप लेने से त्वचा पर रक्त प्रवाह बढ़ता है, जो त्वचा में ग्लो लाता है। समस्या होने पर बजाय इंटरनेट पर समाधान ढूंढ़ने के नजदीकी डर्मेटोलॉजिस्ट से संपर्क करें, वे आपकी त्वचा के प्रकार और शारीरिक अवस्था के अनुरूप समस्या का समाधान बताएंगे।

मानसून में खास ध्यान रखें कि चेहरे को टच करने से पहले हाथ धुला हो। चेहरे पर कोई क्रीम, मॉयश्चराइजर आदि लगाने से पहले भी हाथ धुले हों। इससे बैक्टीरिया के फैलाव से बचाव होता है। ऑयली फूड्स जैसे फ्रेंच फ्राइज, चिप्स, समोसे आदि खाने से बचें। इससे एक्ने-मुंहासे की समस्या बढ़ सकती है। *

**(डर्मेटोलॉजिस्ट डॉ. सरोज राय से बातचीत पर आधारित)**

---

**मेंटल हेल्थ**

शिखर चंद जैन

# अच्छे स्वास्थ्य के चार मीत रंग-कविता-कला-संगीत

इन दिनों देश ही नहीं पूरी दुनिया में बेशुमार लोग मेंटल प्रॉब्लम्स से ग्रस्त हो रहे हैं। इसकी अनेक वजहें हो सकती हैं। लेकिन अगर आप अपनी डेली रूटीन लाइफ में कुछ एक्टिविटीज को शामिल कर लें तो बहुत हद तक इन मेंटल प्रॉब्लम्स से बच सकते हैं। ऐसी ही चार एक्टिविटीज और उनसे होने वाले फायदों के बारे में हम आपको बता रहे हैं।





आने वाले समय में कला का प्रयोग मानसिक सेहत को संवारने में व्यापक तौर पर किया जाएगा। अमेरिका की फ्लोरिडा यूनिवर्सिटी के आर्ट्स इन मेडिसिन सेंटर में रिसर्च डायरेक्टर जिल सोनके कहते हैं, 'हमें बचपन की क्रिएटिव राइटिंग, ड्राइंग, सिंगिंग और डांसिंग से आगे चलकर भी जुड़े रहना चाहिए। आप बड़े होकर इनसे दूर हो रहे हैं तो यह गलत है। आपको म्यूजियम (कला के लिए), आर्ट गैलरीज, एग्जिबिशंस, कंसर्ट (म्यूजिक के लिए) आदि भी समय-समय पर जरूर अटेंड करने चाहिए।'

इस स्टडी के आधार पर मेंटल हेल्थ एक्सपर्ट्स मानसिक सेहत को खुशमिजाजी और सुकून की खुराक देने के लिए कुछ एक्टिविटीज को अपनी डेली लाइफ में शामिल करने की सलाह देते हैं।

## म्यूजिक सुनें

कई ऐसे अनुसंधान हो चुके हैं, जिनमें पता चला है कि गाना गाने, गाना सुनने और वाद्य यंत्र बजाने से कई तरह के फायदे हैं। गाने से स्ट्रेस हार्मोन कार्टीसोल का लेवल कम होता है। नवजात शिशुओं की मां गुनगुनाती है तो उनमें एंजायटी कम होती है। न्यूरोलॉजिस्ट सूजन मैग्सेमैन कहती हैं कि म्यूजिक से स्ट्रेस कम होने की वजह यह है कि रिद्म, लिरिक्स और कॉर्ड्स रिपीट करते समय हमारे दिमाग के कई हिस्से एक साथ एक्टिव हो जाते हैं।

यूरोप के एक विश्वविद्यालय में हुए शोध से पता चला है कि म्यूजिक थेरेपी डिमेंशिया या याददाश्त की समस्याओं से जूझ रहे लोगों के लिए बहुत फायदेमंद होती है। इसके अलावा यह दर्द कम करने और अवसाद से मुक्ति दिलाने में भी सहायक है। यह कई अनुसंधानों के नतीजे में बताया जा चुका है। यही वजह है कि संगीत का उपयोग उपचार के लिए भी कई जगह किया जा रहा है। वैज्ञानिकों की माने तो म्यूजिक थेरेपी कैंसर के इलाज से लेकर पोस्ट स्ट्रोक ब्रेन के इंप्रूवमेंट में भी काफी मददगार साबित हो रही है। यूरोप के संगीत एंगिला रस्किन विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने पता लगाया है कि म्यूजिक थेरेपी से मस्तिष्क के कई क्षेत्रों में सकारात्मक असर पड़ता है। संगीत, मस्तिष्क और उसके कनेक्शन को पुनर्जीवित करने में मदद कर सकता है।



## थ्री ड्रॉइंग टेक्निक की प्रैक्टिस

अमेरिका में स्थित सेंटर ऑफ माइंड बॉडी मेडिसिन के संस्थापक-मनोचिकित्सक डॉक्टर जेम्स गार्डन ने थ्री ड्राॅइंग तकनीक बनाई है। इसके लिए आपको ड्रॉइंग एक्सपर्ट होने की जरूरत नहीं है। बस कोशिश करनी है। सबसे पहले आप खुद की कोई ड्रॉइंग बनाएं। फिर अगली ड्रॉइंग में खुद को अपनी सबसे बड़ी समस्या के साथ दिखाना होगा। और तीसरी ड्रॉइंग में आपको समस्या हल होने के बाद खुद को दर्शाना होगा। यह एक्सरसाइज सेल्फ डिस्कवरी को प्रोत्साहन देने के लिए है। इससे आपको अपनी समस्या का पता चलता है और संभावित हल पर विचार करने का अवसर मिलता है। साथ ही स्वयं में अंतर महसूस होता है। जॉन हॉपकिंस यूनिवर्सिटी स्कूल आफ मेडिसिन में न्यूरोलॉजी की असिस्टेंट प्रोफेसर सूजैन मैग्सेमैन कहती हैं कि आप इस तकनीक से खुद ही अपने हीलर बन सकते हैं। इसके लिए आपको किसी थैरेपिस्ट की जरूरत भी नहीं है।

## कलरिंग कीजिए

एंजायटी से उबरने के लिए अपने बचपन की कलरिंग एक्टिविटीज को फिर से सक्रिय कीजिए। किसी किताब, अखबार या पत्रिका में बने रेखाचित्रों में या खुद के बनाए रेखाचित्रों में रंग भरें। वैज्ञानिकों ने शोध में पाया है कि रोजाना 20 मिनट ज्योमैट्रिकल डिजाइन में रंग भरना एंजायटी को कम करने के लिए बहुत प्रभावी तकनीक है। क्लीवलैंड क्लिनिक में क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट और पुस्तक '50 वेज टू सूद योरसेल्फ विदाउट फूड' की लेखिका सूजेन अल्बर्ट्स कहती हैं, कलरिंग करना मिनी मेंटल वेकेशन जैसा है। जब हम किसी कागज पर बनी आकृतियों और रेखाचित्रों में अपने पसंदीदा रंग भरते हैं तो हमें आत्मसंतुष्टि मिलती है और साथ ही तमाम समस्याओं और चिंताओं से हमारा ध्यान बंटता है और मन को शांति मिलती है। यह एक प्रकार का मेडिटेशन ही है। इससे स्ट्रेस लेवल कम होता है और हमारी मेंटल हेल्थ इंप्रूव होती है।



## कविता लिखें

साइकोलॉजिस्ट डॉक्टर फ्रैंक क्लार्क अकसर कविताएं लिखते हैं। वह कोई कवि नहीं है लेकिन अपने दिल की भावनाओं को कागज पर कलम से उकेरना उन्हें सुकून देता है। वह इस प्रयोग के माध्यम से डिप्रेशन से उबर चुके हैं। वह कहते हैं, 'आप हाईकू से शुरू कर सकते हैं। इसमें अपने दोस्तों को भी शामिल कीजिए। नए-नए प्रयोग कीजिए, प्रतियोगिताएं कीजिए। यह आपके मनोरंजन का एक बेहतरीन तरीका बन सकता है।'

जर्नल आफ मेडिसिन ह्यूमैनिटीज में प्रकाशित एक शोध की रिपोर्ट बताती है कि कविताओं में हीलिंग पावर होती है। दोस्तों के साथ इन्हें शेयर करने के बहुआयामी लाभ हो सकते हैं। *

---

**डॉक्टर्स सजेशन**



डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

# बरसात में जब करे अपच-एसिडिटी परेशान

**मेरी उम्र 34 वर्ष है। बरसात के मौसम में अकसर अपच और एसिडिटी होने लगती है। कृपया कुछ ऐसा बताएं, जिससे मुझे यह प्रॉब्लम न हो।**

**-आदित्य, हिसार**

बरसात के मौसम में सबसे ज्यादा समस्या वाटर बॉर्न डिजीजेज की होती है। कई बार सप्लाई में या अन्य जगह दूषित पानी आता है और लोग इसे पीते हैं, जिससे इस तरह की प्रॉब्लम शुरू हो जाती हैं। आपकी समस्या सुनकर ऐसा ही लग रहा है कि आपका डाइजेशन सिस्टम गड़बड़ हो जाता है। इससे बचने के लिए आप बाहर का पानी न पिएं। अपना पानी घर से लेकर निकलें। इसके साथ ही बाहर के कटे हुए फल और अन्य खुले में बिकने वाले फूड्स या फ्रूट्स का सेवन बिल्कुल ही बंद कर दें। इन बातों पर अमल करने से आपको समस्या से राहत मिलेगी।

**मेरी उम्र 62 वर्ष है। एक साल पहले मैंने अपने घुटने का ऑपरेशन करवाया था। पिछले एक-डेढ़ महीने से मुझे फिर से चलने-फिरने के दौरान घुटनों में दर्द हो रहा है। ऐसे में मुझे क्या करना चाहिए?**

**-प्रमोद, भोपाल**

सामान्यतः इसके दो कारण हो सकते हैं। कई बार मौसम बदलते समय ऐसी दिक्कत शुरू होती है तो कभी-कभार चोट लगने से भी ऐसी तकलीफ होने लगती है। लेकिन बेहतर होगा कि आप उन्हीं डॉक्टर से संपर्क करें, जिन्होंने सर्जरी की है। वह जांच कर इसकी वजह बताएंगे और ट्रीटमेंट करेंगे। बगैर जांच करे कोई भी ट्रीटमेंट न लें।



**मेरी उम्र 52 वर्ष है। पिछले पंद्रह दिनों से मेरे सिर में हल्का दर्द बना रहता है। कभी-कभी यह दर्द बहुत तेज हो जाता है। कृपया मेरी इस समस्या का समाधान बताएं।**

**-अखिल, धमतरी**

इस तरह के दर्द की वजह कोई चोट हो सकती है या आंखों का कमजोर होना भी वजह बन जाती है। लेकिन अगर आपको चोट नहीं लगी और आंखें ठीक हैं तो आपको जरूर एक बार डॉक्टर से संपर्क कर लेना चाहिए। बगैर जांच किए कुछ भी कहना ठीक नहीं होगा।

**मेरी उम्र 29 वर्ष है। मुझे बहुत वीकनेस लगती है इसलिए मैं कुछ वीक्स से मल्टीविटामिन कैपस्यूल लेता हूं। कृपया बताएं कि यह कितना सेफ है? इसके कोई साइड इफेक्ट्स तो नहीं होंगे?**

**-सुदेश, बिलासपुर**

मल्टीविटामिन कैप्सूल खाना तो ठीक है लेकिन आपको वीकनेस आने का कारण पता लगाना चाहिए कि इसकी वजह क्या है? क्या शरीर में खून की कमी है? बेहतर होगा कि डॉक्टर से संपर्क कर अच्छी तरह जांच कराएं। अगर सब कुछ ठीक है तो विटामिन कैप्सूल के साथ आप नेचुरल प्रोटीन और विटामिन वाले फूड्स अधिक लें।

**मेरी उम्र 48 वर्ष है। बरसात के मौसम में मेरे बाल बहुत झड़ते हैं। कृपया बताएं कि ऐसा क्यों होता है और इससे कैसे छुटकारा पाया जाए?**

**-दीपक, कोंडागांव**

बारिश के मौसम में त्वचा और बालों की समस्या के लिए गंदे पानी का इस्तेमाल एक बड़ा कारण हो सकता है। दूषित पानी से जहां त्वचा रोग होता है, वहीं बाल झड़ने की समस्या भी शुरू होती है। इसलिए आप कोशिश करें कि साफ पानी से ही नहाएं। साबुन और शैंपू का इस्तेमाल डॉक्टर की सलाह के बाद ही करें। इससे आपको समस्या से राहत मिलेगी। *

**प्रस्तुतिः रिचा पांडे**

---

# बारिश में संक्रमणों से बचाए कच्ची हल्दी

**हर्बल जोन/ रेखा देशराज**

कच्ची हल्दी या फ्रेश टर्मरिक रूट एक अत्यंत प्रभावी और पारंपरिक प्राकृतिक औषधि है, विशेषकर बरसात के मौसम में जब संक्रमण, अपच और त्वचा संबंधी समस्याएं बढ़ जाती हैं। ऐसे में कच्ची हल्दी का औषधि के रूप में इस्तेमाल बहुत प्रभावी है।



**मौसमी बीमारियों से बचाए:** कच्ची हल्दी में मौजूद करक्यूमिन शक्तिशाली एंटीबैक्टीरियल, एंटीवायरल और एंटीफंगल तत्व होता है। यह करक्यूमिन मौसम बदलने के समय होने वाली जुकाम, खांसी, गले की खराश और बुखार आदि से रक्षा करता है। बरसात के मौसम में लोगों का अकसर पाचन तंत्र कमजोर हो जाता है। इन दिनों कच्ची हल्दी का इस्तेमाल पाचन संबंधी सक्रियता बढ़ाती है। कच्ची हल्दी के इस्तेमाल से गैस, अपच और पेट फूलने जैसी समस्याएं नहीं होती हैं।

**इम्यूनिटी को मजबूत करे:** कच्ची हल्दी एक नेचुरल इम्यूनिटी बूस्टर है। मानसून में जब रोग प्रतिरोधक क्षमता घट जाती है, तब यह कच्ची हल्दी इसे पुनः सक्रिय करने में मददगार साबित होती है। यह त्वचा के संक्रमण और फंगल रोगों से भी बचाव करती है। कच्ची हल्दी गठिया और जोड़ों के दर्द में राहत देती है।

**ऐसे करें इस्तेमाल:** मानसून के दिनों में कच्ची हल्दी को दूध में आसानी से लिया जा सकता है। इसके लिए एक से दो इंच कद्दूकस की हुई कच्ची हल्दी को एक कप गर्म दूध में डालें और रात में पीएं। इसे शहद में भी लिया जा सकता है। एक चम्मच कद्दूकस की हुई कच्ची हल्दी में एक चम्मच शुद्ध शहद मिलाकर सुबह खाली पेट लें। एक अन्य तरीका है कि कच्ची हल्दी वाली चाय या काढ़ा पिया जाए। अगर फंगल संक्रमण है तो इसका पेस्ट बनाकर उस जगह पर लगाएं, तुरंत राहत मिलेगी।

**बरतें सावधानियां:** एक बार में कभी भी तीन या चार इंच से ज्यादा कच्ची हल्दी का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। इससे गैस या जलन हो सकती है। जिन लोगों को पित्त की समस्या हो, उन लोगों को कच्ची हल्दी का इस्तेमाल करते हुए संयम बरतना चाहिए। यदि आप ब्लड थिनर या शुगर की दवाएं ले रहे हैं, तो इसका सेवन डॉक्टर की सलाह के बिना न करें। *






## खबर संक्षेप



### गांवों में होगी स्वच्छता रेटिंग, रोजाना होगा कचरा कलेक्शन

**भोपाल।** शहरों की स्वच्छता में रेटिंग के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में भी स्वच्छता रेटिंग को लेकर काम शुरु कर दिया गया है। जिसके तहत गांवों में कचरा कलेक्शन वाहनों से रोजाना कचरा कलेक्शन किया जाएगा। जिले की पंचायतों में ईकेवायसी का काम 10 दिन में प्राथमिकता से पूरा किया जाए। यह बात जिला पंचायत सीईओ इला तिवारी ने मंगलवार को समीक्षा बैठक के दौरान कही। जिला पंचायत सीईओ इला तिवारी ने स्वच्छता सर्वेक्षण ग्रामीण-2025 के तहत सिटीजन फीडबैक, दीवार लेखन, कचरा गाड़ी संचालन करने की बात कही। उन्होंने कहा कि सर्वेक्षण में आने वाले गांवों में सामुदायिक शौचालय, सेग्रीग्रेशन शेड का संचालन, शासकीय संस्थाओं में शौचालय की क्रियाशीलता, नालों, सिल्ट चैंबरों की साफ-सफाई के कार्यों पर विशेष ध्यान दिया जाए।

### निगम की परिषद बैठक में झंडे खरीदी का होगा हिसाब-किताब

**भोपाल।** नगर निगम वार्ड 50 कार्यालय के पीछे राष्ट्रीय ध्वज जलाने की घटना को लेकर राजनीतिक माहौल गरमा गया है। इस मामले में कांग्रेस ने नगर निगम प्रशासन और भाजपा पार्षदों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि नगर निगम इस मामले को दबाने की कोशिश कर रहा है, लेकिन परिषद की अगली बैठक में झंडों की खरीदी और उनके इस्तेमाल का पूरा हिसाब लिया जाएगा। कांग्रेस पार्षद दल का कहना है कि राष्ट्रीय ध्वज के अपमान का मामला किसी भी हाल में दबाने नहीं दिया जाएगा और इसके पीछे जो भी जिम्मेदार हैं, उन्हें जनता के सामने लाया जाएगा। महापौर मालती राय का कहना है कि वार्ड पार्षद ने इस मामले को लेकर थाने में शिकायत दर्ज करवाई है। दोषियों को इसकी सजा जरूर मिलेगी।

केंद्रीय गृह मंत्री, रक्षा मंत्री सहित अन्य मंत्रियों से मिले सीएम और प्रदेश अध्यक्ष

# उज्जैन में शीघ्र शुरू होगा आकाशवाणी केंद्र, रेल कोच विनिर्माण संयंत्र के शिलान्यास के लिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से अनुरोध




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को नई दिल्ली में गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह, केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित अनेक वरिष्ठ केंद्रीय मंत्रियों से भेंट की। मुख्यमंत्री ने सिंहस्थः 2028 के दृष्टिगत अधोसंरचनात्मक विकास और महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात एवं चर्चा की।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विधि एवं न्याय राज्यमंत्री अर्जुन राम मेघवाल, केंद्रीय कोयला, खान मंत्री जी. किशन रेड्डी, केंद्रीय जनजातीय कार्य राज्य मंत्री दुर्गादास उइके से भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि उज्जैन में आकाशवाणी केंद्र शुरू किए जाने की सैद्धांतिक सहमति बन गई है। आकाशवाणी स्टूडियो का निर्माण होने तक उज्जैन केंद्र के प्रसारण की व्यवस्था आकाशवाणी केन्द्र इंदौर के माध्यम से किए जाने के प्रयास भी किए जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंगलवार को नई दिल्ली में केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल मुरूगन से भेंट में सिंहस्थ 2028 के दृष्टिगत उज्जैन में शीघ्र आकाशवाणी केंद्र प्रारंभ करवाने का अनुरोध किया। केन्द्रीय राज्य मंत्री डॉ. मुरूगन ने इसकी सहमति एवं प्रक्रिया प्रारंभ करवाने के लिए आश्वस्त किया।

### केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल मुरूगन, केंद्रीय मंत्री मेघवाल और उइके से भी की सौजन्य भेंट





### रायसेन में बनेगा अत्याधुनिक रेल कोच संयंत्र



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों में मंत्रियों से भेंट के बाद जानकारी दी कि भारत सरकार के उपक्रम बैंगलुर के बीईएमएल लिमिटेड के अत्याधुनिक रेल कोच विनिर्माण संयंत्र का शिलान्यास प्रदेश के रायसेन जिले में शीघ्र किया जाएगा। इसके लिए लगभग 1800 करोड़ रुपए का निवेश किया जा रहा है। संयंत्र में मप्र सरकार रेल मंत्रालय और रक्षा मंत्रालय की भागीदारी रहेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से इस संयंत्र के शिलान्यास का अनुरोध किया गया है। यह संयंत्र लगभग डेढ़ हजार लोगों को रोजगार दिलवाने में भी सहायक होगा, साथ ही देश के रेल कोच संयंत्रों के मानचित्र में विशेष स्थान बनाएगा।

### उप्र के साथ 2 हजार मेगावाट से सोलर एनर्जी के स्रोत विकसित होंगे



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि केन्द्रीय नवकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी से चर्चा हुई और उम्मीद है कि नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में और अच्छी प्रगति होने वाली है। भविष्य में स्थापित होने वाले सोलर पार्क, जो लगभग 4200 मेगावाट क्षमता के होंगे, नवकरणीय ऊर्जा क्षेत्र की महत्वपूर्ण उपलब्धि बनेंगे। इसके अलावा उत्तरप्रदेश के साथ 2 हजार मेगावाट से सोलर एनर्जी के स्रोत विकसित होंगे जिससे दोनों राज्य 6-6 महीने आपस में बिजली का बंटवारा भी करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सरकार ने नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में बड़ा काम किया जा रहा है। सभी प्रकार की नवकरणीय ऊर्जा जैसे सौर, पवन और पंप स्टोरेज सभी पर काम कर रहे हैं।

## देश के हर मेडिकल कॉलेज में रेजिडेंट डॉक्टर्स को रोहतक मॉडल पर दें अवकाश : डॉ व्यास

**नई दिल्ली।** यूडीएफ (यूनाइटेड डॉक्टर्स फ्रंट) ने रेजिडेंट डॉक्टरों को नियमानुसार साप्ताहिक और आकस्मिक अवकाश दिए जाने की पुरजोर मांग की है। इस संदर्भ में रोहतक स्थित पंडित बी.डी. शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय द्वारा 5 फरवरी को जारी आदेश की सराहना की गई है, जिसको देखते हुए हरियाणा के मेडिकल कॉलेजों ने उसे जमीनी स्तर पर लागू करने का निर्णय लिया है,जिसमें सभी रेजिडेंट डॉक्टरों को प्रतिवर्ष 52 साप्ताहिक अवकाश और 20 आकस्मिक अवकाश देने की स्वीकृति दी गई है। उक्त आदेश में



यह भी स्पष्ट किया गया है कि रेजिडेंट डॉक्टरों को वर्ष में 10 रविवारों को सेवाएं देनी होंगी, जिनके बदले उन्हें अन्य दिनों में वैकल्पिक अवकाश प्रदान किया जाएगा। इन वैकल्पिक अवकाशों का उद्देश्य डॉक्टरों के मानसिक स्वास्थ्य का संरक्षण करना तथा उन्हें पारिवारिक जीवन से जुड़े रहने का अवसर प्रदान करना है।यह आदेश नेशनल मेडिकल कमीशन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप है। इसके बावजूद, देश के कई मेडिकल कॉलेजों में आज भी पीजी मेडिकल छात्रों को निर्धारित अवकाश नहीं दिए जा रहे, जिससे उन्हें मानसिक तनाव और व्यावसायिक थकावट झेलनी पड़ रही है।यूडीएफ ने उठाया था मामलायूडीएफ हरियाणा प्रदेशाध्यक्ष डॉ अमित व्यास के नेतृत्व में इस विषय को प्रमुखता से उठाया गया।

## मछुआरों की सुरक्षा, मत्स्य बीज संचयन की निगरानी के लिए हाईटेक ड्रोन व जीपीएस प्रणाली, ट्रांजिट हाउस, फ्लोटिंग प्लेटफार्म व अत्याधुनिक केवट प्रशिक्षण संस्थान बनेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मछुआरों की सुरक्षा और समृद्धि सरकार की प्राथमिकता है। उनकी सुरक्षा की दिशा में जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में कंट्रोल कमांड सेंटर और ट्रांजिट हाउस जैसी पहल की जा रही हैं। राज्य के बड़े जलाशयों में मछुआरों की सुरक्षा और मत्स्य बीज संचयन निगरानी के लिए आधुनिक तकनीक का सहारा लिया जा रहा है।

### ड्रोन के जरिए की जाएगी जल क्षेत्र की मॉनिटरिंग

मप्र मत्स्य महासंघ की ओर से पायलट प्रोजेक्ट के तहत देश के सबसे बड़े जलाशयों में शामिल इंदिरा सागर में ड्रोन, जीपीएस और सीसीटीवी युक्त आधुनिक कमांड कंट्रोल रूम की स्थापना की जा रही है। आपात स्थिति में इस प्रणाली से मछुआरों को शीघ्र सहायता पहुंचाई जा सकेगी। ये पहल ब्रीडिंग ग्राउंड के चिन्हांकन के साथ मत्स्य आखेट पर निगरानी को और ज़्यादा आसान, सुलभ और प्रभावशाली बनाएगी।

### मछुआरों की सुविधा को बेहतर बनाएगी सरकार

मत्स्य महासंघ के जलाशयों में कार्यरत मछुआरों को कई बार 15 दिन से लेकर एक महीने तक खुले टापुओं या जलाशय के किनारों पर अपनी नावों में रात्रि विश्राम करना पड़ता है। वर्षा ऋतु में टापुओं का जलस्तर बढ़ जाता है, ऐसे में मछुआरों को जलीय जीव-जंतुओं से जान-माल की हानि की आशंका बनी रहती है।

## एमएसएमई हैकाथॉनः इनोवेटिव आइडिया दें और पाएं 15 लाख तक का अनुदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मंत्रालय द्वारा विकसित भारत-2047 के निर्माण में देश के नवप्रवर्तकों के योगदान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एमएसएमई हैकाथॉन 5.0 का आयोजन किया जा रहा है।

हैकाथॉन में भाग लेने की अंतिम तिथि 14 जुलाई 2025 है। यह प्रतिभाशाली व्यक्तियों को अपने अभिनव विचारों को वास्तविकता में बदलने और रुपए 15 लाख तक का अनुदान प्राप्त करने का एक अवसर प्रदान करता है।

### मैनिट को मिला होस्ट इंस्टीट्यूट का दर्जा

हाल ही में एमएसएमइ मंत्रालय ने मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (मैनिट) के मैनेट रोल्टा इनोवेशन एंड इंक्यूबेशन फाउंडेशन सेंटर को होस्ट इंस्टीट्यूट के रूप में अनुमोदित किया है। जनवरी 2025 में एमएसएमइ की टीम द्वारा संस्थान की अनुसंधान प्रयोगशालाओं और संसाधनों का निरीक्षण करने के बाद यह मान्यता दी गई थी। मैनिट के निदेशक प्रोफेसर केके शुक्ल ने बताया कि यह योजना मैनिट के छात्रों, फैकल्टी और स्टाफ के लिए लाभकारी होगी। वे विचारों को प्रोटोटाइप में बदलने के लिए इनक्यूवेशन सेंटर से जुड़ सकेंगे।

## महानदी का जलस्तर बढ़ा आपदा प्रबंधन टीमें अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदा बाजार

जिले में पिछले तीन दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण महानदी का जलस्तर बढ़ गया है। जुलाई के पहले सप्ताह में आमतौर पर शांत रहने वाली महानदी इस बार लबालब भर चुकी है। क्षेत्र में नदी का जलस्तर सामान्य से 10 से 15 फीट तक ऊपर पहुंच गया है, जिससे अमेठी एनीकट पुल पूरी तरह जलमग्न हो गया है। अमेठी एनीकट से होकर कसडोल विकासखंड और महासमुंद जिले की ओर जाने वाले राहगीरों को भारी कठिनाइयों का सामना करना



पड़ रहा है। पुल के डूब जाने से दोनों तरफ बसे ग्रामीणों की आवाजाही पूरी तरह से ठप हो गई है। जानकारी के अनुसार, जलस्तर में तेजी से हुई वृद्धि के चलते एनीकट पर लगभग 3 से 4 फीट तक पानी बह रहा है।

## विद्यार्थी परिषद गुरुग्राम महानगर ने मनाया 77वां स्थापना दिवस

- प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन,
- नवीन इकाई की घोषणा-डॉ. योगिता राघव पुन: बनी महानगर अध्यक्ष

**गुरुग्राम।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद गुरुग्राम महानगर ने बुधवार को बड़े हर्षोल्लास और समर्पण के साथ अपना 77वां राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस एवं स्थापना दिवस मनाया। इस पावन अवसर पर, द्रोणाचार्य महाविद्यालय, आर के ऑडिटोरियम, गुरुग्राम में एक भव्य 'प्रतिभा सम्मान समारोह' का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। विशेष रूप से, गुरुग्राम के स्कूलों के टॉपर्स बच्चों को इस समारोह में सम्मानित किया गया। इस समारोह की मुख्य अतिथि नगर निगम गुरुग्राम की महापौर, श्रीमती राजरानी मल्होत्रा जी रहीं, जिन्होंने अपने उद्बोधन में छात्रों को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री पृथ्वीराज जी, शिक्षाविद एवं DIET आचार्य, गुरुग्राम; डॉ. प्रिंसी जी, शिक्षाविद एवं राष्ट्रीय पोषण समिति सदस्य और श्री हिमांशु वर्मा जी, पूर्व विभाग संयोजक एबीवीपी उपस्थित रहे। उन्होंने छात्रों का मार्गदर्शन किया और ABVP के मूल्यों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती पुष्पा अंतिल, प्रधानाचार्या द्रोणाचार्य राजकीय महाविद्यालय ने की, जिन्होंने छात्रों को शिक्षा और अनुशासन के महत्व पर जोर दिया।



### नई कार्यकारिणी में ये शामिल

नई कार्यकारिणी में अध्यक्ष डॉ. योगिता राघव, उपाध्यक्ष डॉ. पल्लवी पांडे आई आई एल एम विश्वविद्यालय, डॉ. अमन के आर मंगलम विश्वविधाल्य, डॉ. ज्योति यादव द्रोणाचार्य कॉलेज व डॉ. परवीन खिंची को बनाया गया वहीं मंत्री तरुण शाह, सह मंत्री पवन राणा, रूकसार ख़ान, पूजा रानी, अक्षित गुप्ता व यश कौशिक को बनाया गया। परिषद का कोषाध्यक्ष डॉ. प्रदीप कुमार, एस.एफ.एस. संयोजक अंजलि, एस.एफ.एस. सह संयोजक काशिश यादव, एस.एफ.डी. संयोजक शिव बामन, एस.एफ.डी. सह संयोजक दीपक वर्मा, आर.के.एम. संयोजक कीर्ति, आर.के.एम. सह संयोजक प्रिया, खेलो भारत संयोजक सुशांत, खेलो भारत सह संयोजक सुधीर कुमार, सोशल मीडिया संयोजक आस्था, सोशल मीडिया सह संयोजक रियल, मीडिया संयोजक दीपांशु राघव, एन.एस.एस. संयोजक दीपक यादव, निजी विश्वविद्यालय संयोजक नवीन रेहू, निजी विश्वविद्यालय सह संयोजक जतिन राणा को बनाया गया।

## आकाशीय बिजली गिरने से दो महिलाओं की मौत

**कबीरधाम।** कबीरधाम जिले में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से दो महिलाओं की मौत हो गई है। यह घटना कुकदूर थाना क्षेत्र के रुखमीदादर की है। इस घटना के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया और महिलाओं के परिजनों को रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस की टीम मौके पर पहुंचकर दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मिली जानकारी अनुसार तिहरी उम्र 45 व रामबाई उम्र 32 निवासी ग्राम बाहपानी ये दोनों जंगल में भाजी तोड़ने के लिए गई थी। इसी दौरान अचानक मौसम बिगड़ गया और तेज बिजली कड़कने लगी। कुछ ही देर के बाद बिजली गिरी और दोनों महिलाएं उसकी चपेट में आ गई। घटना के बाद पुलिस को जानकारी दी गई। दोपहर को दोनों के शव को कुकदूर के सरकारी अस्पताल में लाया गया है, जहां पीएम के बाद शव को परिजनों को सौंपा जाएगा। बता दें कि कबीरधाम जिले में इस मानसून सीजन में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से यह पहली घटना है।


### महत्वपूर्ण सूचना

### कांवड़ मेला-2025 के लिए विशेष व्यवस्था (11.07.2025 से 23.07.2025)

कांवड़ मेला-2025 के दौरान कांवड़ियों की सुविधा के लिए उत्तर रेलवे द्वारा कुछ नामित रेल सेवाओं को हरिद्वार तक विस्तार करने, निम्नलिखित कांवड़ विशेष रेलगाड़ियों का संचालन करने और वर्तमान में संचालित की जा रही, कुछ रेलगाड़ियों को अस्थायी तौर पर नये ठहराव प्रदान करने का निर्णय लिया गया है, जिनका विवरण निम्नानुसार है:-

**रेलगाड़ी संख्या 74023/74022 दिल्ली-शामली-दिल्ली डीईएमयू का हरिद्वार तक विस्तार**

| रेलगाड़ी सं.: 74023 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 74022 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 20:00 | दिल्ली | 09:25 | ---- |
| 22:50 | 22:55 | शामली | 06:25 | 06:30 |
| 23:20 | 23:22 | थाना भवन | 05:25 | 05:27 |
| 23:44 | 23:46 | रामपुर मनिहारान | 05:02 | 05:04 |
| 00:15 | 00:17 | टपरी | 04:46 | 04:48 |
| 00:56 | 00:58 | रुड़की | 04:17 | 04:19 |
| 01:38 | 01:40 | ज्वालापुर | 03:15 | 03:17 |
| 01:55 | ---- | हरिद्वार | ---- | 03:05 |

चलने की तिथि: 74023 दिल्ली से 11.07.2025 से 24.07.2025 और 74022 हरिद्वार से 12.07.2025 से 25.07.2025 तक।
स्थान: सामान्य।

**रेलगाड़ी संख्या 64557/64558 दिल्ली-सहारनपुर-दिल्ली एमईएमयू का हरिद्वार तक विस्तार**

| रेलगाड़ी सं.: 64557 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 64558 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 16:25 | दिल्ली | 08:45 | ---- |
| 20:50 | 21:10 | सहारनपुर | 03:40 | 04:20 |
| 21:48 | 21:50 | रुड़की | 02:53 | 02:55 |
| 22:25 | 22:27 | ज्वालापुर | 02:10 | 02:12 |
| 22:50 | ---- | हरिद्वार | ---- | 02:00 |

चलने की तिथि: 64557 दिल्ली से 11.07.2025 से 24.07.2025 और 64558 हरिद्वार से 12.07.2025 से 25.07.2025 तक।
स्थान: सामान्य।

**मेला विशेष रेलगाड़ियो का निम्न समय सारणी के अनुसार संचालन**

**रेलगाड़ी संख्या 04311/04312 मुरादाबाद-लक्सर-मुरादाबाद अनारक्षित मेला विशेष रेलगाड़ी**

| रेलगाड़ी सं.: 04311 | | ↑ स्टेशन ↓ | रेलगाड़ी सं.: 04312 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| 07:15 | ---- | लक्सर | ---- | 12:00 |
| ---- | 04:15 | मुरादाबाद | 15:15 | ---- |

चलने के दिन: 04311 मुरादाबाद एवं 04312 लक्सर से 11.07.2025 से 25.07.2025 तक।
ठहराव: बालावाली, मुअज़्ज़मपुर नारायण, नजीबाबाद, नगीना, धामपुर, स्योहारा एवं काँठ स्टेशन।
स्थान: सामान्य।

**रेलगाड़ी संख्या 04314/04313 हरिद्वार-दिल्ली शाहदरा-हरिद्वार अनारक्षित मेला विशेष रेलगाड़ी**

| रेलगाड़ी सं.: 04314 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 04313 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 15:30 | हरिद्वार | 04:25 | ---- |
| 20:30 | ---- | दिल्ली शाहदरा | ---- | 22:25 |

चलने के दिन: 04314 हरिद्वार एवं 04313 दिल्ली शाहदरा से 11.07.2025 से 24.07.2025 तक।
ठहराव: ज्वालापुर, रुड़की, टपरी, मुज़फ्फरनगर, मेरठ सिटी, एवं गाजियाबाद स्टेशन।
स्थान: सामान्य।

**रेलगाड़ी संख्या 04316/04315 योग नगरी ऋषिकेश-दिल्ली शाहदरा-योग नगरी ऋषिकेश अनारक्षित मेला विशेष रेलगाड़ी**

| रेलगाड़ी सं.: 04316 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 04315 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 20:35 | योग नगरी ऋषिकेश | 11:00 | ---- |
| 03:50 | ---- | दिल्ली शाहदरा | ---- | 04:20 |

चलने के दिन: 04316 योग नगरी ऋषिकेश से 11.07.2025 से 24.07.2025 एवं 04315 दिल्ली शाहदरा से 12.07.2025 से 25.07.2025 तक।
ठहराव: रायवाला, मोतीचूर, हरिद्वार, ज्वालापुर, रुड़की, टपरी एवं शामली स्टेशन।
स्थान: सामान्य।

**रेलगाड़ी संख्या 04318/04317 योग नगरी ऋषिकेश-आलमनगर-योग नगरी ऋषिकेश अनारक्षित मेला विशेष रेलगाड़ी**

| रेलगाड़ी सं.: 04318 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं.: 04317 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 19:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 23:00 | ---- |
| 10:45 | ---- | आलमनगर | ---- | 12:05 |

चलने के दिन: 04318 योग नगरी ऋषिकेश से 11.07.2025 से 09.08.2025 एवं 04317 आलमनगर से 12.07.2025 से 10.08.2025 तक।
ठहराव: रायवाला, मोतीचूर, हरिद्वार, ज्वालापुर, लक्सर, बालावाली, मुअज़्ज़मपुर नारायण, नजीबाबाद, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली एवं शाहजहाँपुर स्टेशन।
स्थान: सामान्य।

**दिनांक 11.07.2025 से 24.07.2025 तक रेलगाड़ियों का अस्थाई ठहराव**

| रेलगाड़ी संख्या एवं नाम | आवृत्ति | अस्थाई ठहराव | समय-सारणी आगमन | समय-सारणी प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| 14113 सुबेदारगंज – देहरादून एक्सप्रेस | प्रतिदिन | ज्वालापुर | 10:43 | 10:45 |
| | | मोतीचूर | 11:04 | 11:06 |
| | | रायवाला | 11:14 | 11:16 |
| 14114 देहरादून – सुबेदारगंज एक्सप्रेस | प्रतिदिन | रायवाला | 14:15 | 14:17 |
| | | मोतीचूर | 14:34 | 14:36 |
| | | ज्वालापुर | 15:15 | 15:17 |
| 14309 उज्जैन – देहरादून एक्सप्रेस | सप्ताह में दो दिन | ज्वालापुर | 15:53 | 15:55 |
| | | मोतीचूर | 17:00 | 17:02 |
| | | रायवाला | 17:35 | 17:37 |
| 14310 देहरादून – उज्जैन एक्सप्रेस | सप्ताह में दो दिन | रायवाला | 07:08 | 07:10 |
| | | मोतीचूर | 07:24 | 07:26 |
| | | ज्वालापुर | 07:52 | 07:54 |
| 14317 इंदौर – देहरादून एक्सप्रेस | सप्ताह में दो दिन | ज्वालापुर | 15:53 | 15:55 |
| | | मोतीचूर | 17:00 | 17:02 |
| | | रायवाला | 17:35 | 17:37 |
| 14318 देहरादून – इंदौर एक्सप्रेस | सप्ताह में दो दिन | रायवाला | 07:08 | 07:10 |
| | | मोतीचूर | 07:24 | 07:26 |
| | | ज्वालापुर | 07:52 | 07:54 |
| 19565 ओखा – देहरादून एक्सप्रेस | साप्ताहिक | ज्वालापुर | 15:53 | 15:55 |
| | | मोतीचूर | 17:00 | 17:02 |
| | | रायवाला | 17:35 | 17:37 |
| 19566 देहरादून – ओखा एक्सप्रेस | साप्ताहिक | रायवाला | 07:08 | 07:10 |
| | | मोतीचूर | 07:24 | 07:26 |
| | | ज्वालापुर | 07:52 | 07:54 |
| 22659 कोच्चुवेली – योग नगरी ऋषिकेश सुपरफास्ट एक्सप्रेस | साप्ताहिक | ज्वालापुर | 12:08 | 12:10 |
| | | मोतीचूर | 12:45 | 12:47 |
| | | रायवाला | 13:00 | 13:02 |
| 22660 योग नगरी ऋषिकेश – कोच्चुवेली सुपरफास्ट एक्सप्रेस | साप्ताहिक | रायवाला | 07:08 | 07:10 |
| | | मोतीचूर | 07:24 | 07:26 |
| | | ज्वालापुर | 07:52 | 07:54 |
| 14610 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा – योग नगरी ऋषिकेश हेमकुण्ड एक्सप्रेस | प्रतिदिन | ज्वालापुर | 06:48 | 06:50 |
| | | मोतीचूर | 07:20 | 07:22 |
| 14609 योग नगरी ऋषिकेश – श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा हेमकुण्ड एक्सप्रेस | प्रतिदिन | ज्वालापुर | 18:31 | 18:33 |
| 54075 बरेली – दिल्ली स्पेशल एक्सप्रेस | प्रतिदिन | कांकाठेर | 23:36 | 23:38 |
| 54076 दिल्ली – बरेली स्पेशल एक्सप्रेस | प्रतिदिन | कांकाठेर | 02:40 | 02:42 |

विस्तृत जानकारी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा पूछताछ वेबसाइट: www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।

रेलमदद वेबसाइट देखें:- www.railmadad.indianrailways.gov.in रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा – हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## चिंतन

# बार-बार क्रैश क्यों हो रहे हैं वायुसेना के लड़ाकू जगुआर

सैनिक की देश की सुरक्षा में सबसे अहम कड़ी है। एक सैनिक को खोना महज किसी एक व्यक्ति की जान जाना नहीं, बल्कि सुरक्षा रूपी चैन की एक कड़ी टूटने जैसा होता है। इससे एक- एक परिवार, एक समाज और एक देश को नुकसान होता है। अगर सैनिक की जान दुश्मन से युद्ध करते हुए जाए जो शहादत कहलाती है। जिस पर पूरे देश को गर्व होता है, लेकिन अगर देश में ही किसी हादसे में सैनिक को खो दिया जाए तो आघात से कम नहीं होता। आजकल देश को ऐसे ही आघात भारतीय वायुसेना का लड़ाकू विमान जगुआर दे रहा है। मंगलवार को एक और जगुआर राजस्थान के चुरू जिले में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस साल जगुआर विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने की यह तीसरी घटना है। इससे जगुआर विमानों के बेड़े की सुरक्षा पर सवाल उठ रहे हैं। पहले मार्च में हरियाणा के पंचकुला में और अप्रैल में गुजरात के जामनगर के पास ऐसे हादसे हुए थे। जगुआर विमान पिछले 40 सालों से भारतीय वायुसेना का हिस्सा हैं। विमानों के पुराने होने और बार-बार दुर्घटनाओं के कारण इनकी उपयोगिता पर सवाल उठ रहे हैं। असल में, जगुआर विमानों के बार-बार दुर्घटनाग्रस्त होने से इनकी सुरक्षा और इस्तेमाल पर चिंता बढ़ गई है। ये विमान 40 साल से भी ज़्यादा समय से इंडियन एयरफोर्स में हैं। जगुआर को 1960 के दशक में बनाया गया था। यह दो इंजन वाला, सुपरसोनिक हमला करने वाला विमान है। एक समय में यह एयरफोर्स का मुख्य विमान था। भारतीय वायुसेना में कुल 145 जगुआर विमान शामिल किए गए थे। पहले 40 विमान 1979 में ब्रिटेन से लाए गए थे। इन विमानों को शमशेर नाम दिया गया था, जिसका मतलब है न्याय की तलवार। बाकी विमानों को हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड ने बनाया। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड ने यह काम ब्रिटेन से तकनीक लेकर किया था। 2008 तक भारत में जगुआर विमान बनते रहे, लेकिन वो चल अब तक रहे हैं। माना जा रहा है कि तकनीक पुरानी होने के कारण जगुआर अब मिग-21 जैसा हो गया है और वायुसेना के पायलटों के लिए काल बनता जा रहा है। जगुआर विमानों के इंजन ठीक से काम नहीं करते हैं और इस वजह से कई दुर्घटनाएं हुई हैं। कई पायलटों और रक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि जगुआर विमानों में लगे रोल्स-रॉयस-टर्बोमेका अदौर एमके 811 इंजन की वजह से ऐसा होता है। इन इंजनों में पर्याप्त शक्ति नहीं है, जिससे विमान की गति, मुड़ने की क्षमता और हथियार ले जाने की क्षमता प्रभावित होती है। यही कारण है कि बीते महज पांच माह में ही 3 जगुआर क्रैश हो चुके हैं। जो विमान दुश्मनों को लोहे के चने चबवाने के लिए लिया गया हो और वो अपने ही सैनिक की सुरक्षा के लिए खतरा बन जाए तो विषय और भी गंभीर हो जाता है। लगातार सवाल उठ रहा है कि क्या यह विमान समय के साथ अपनी उपयोगिता खो चुका है? लगातार हो रही तकनीकी दिक्कतें और दुर्घटनाएं इस ओर इशारा कर रही हैं कि जगुआर जैसे पुराने विमानों को सेवा से हटाने का समय आ गया है। हर हादसे के बाद वायुसेना तकनीकी जांच कराती है और रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाती है। इस हादसे की जांच रिपोर्ट के बाद ही साफ हो पाएगा कि हादसे की वजह पायलट की त्रुटि थी, तकनीकी खामी या कोई और कारण। लेकिन यह तय है कि एक ही साल में तीन बार एक ही श्रेणी का विमान दुर्घटनाग्रस्त होना सामान्य बात नहीं है। सरकार को इस पर गंभीरता से विचार करना होगा, क्योंकि देश अपने सैनिकों की सुरक्षा से समझौता नहीं कर सकता।

# रिश्वत के बदले मान्यता बेहद गंभीर मामला



विचार
डॉ. संजय शुक्ला

चिकित्सा क्षेत्र को एक बेहद संवेदनशील और गंभीर क्षेत्र माना जाता है जहां गुणवत्ता से कतई समझौता नहीं किया जा सकता लेकिन भारत में यह क्षेत्र लगातार भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रहा है। हाल ही में सीबीआई ने छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के एक निजी मेडिकल कॉलेज सहित मध्यप्रदेश, कर्नाटक, राजस्थान, उत्तरप्रदेश और दिल्ली के 40 मेडिकल कॉलेजों में छापेमारी कर मान्यता के बदले नेशनल मेडिकल कमीशन यानि 'एनएमसी' के निरीक्षण टीम को रिश्वत लेने और देने के आरोप में 3 एसेसर्स सहित 6 लोगों को गिरफ्तार किया है। एनएमसी ने रिश्वत लेने वाले तीनों मूल्यांकनकर्ता डॉक्टरों को ब्लैक लिस्टेड कर दिया है। सीबीआई छापे के मद्देनजर संबंधित मेडिकल कॉलेजों में इस वर्ष जीरो ईयर घोषित होने की संभावना है। मतलब इस सत्र में इन कॉलेजों को एमबीबीएस के प्रथम वर्ष में दाखिले की अनुमति नहीं मिलेगी जो सीधे तौर पर नीट चयनित छात्रों और उनके अभिभावकों के लिए निराशाजनक है।

घूस के बदले मान्यता से जुड़े इस मामले में सीबीआई ने जिन लोगों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया है उसमें केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के 11 अधिकारी सहित तीन धर्मगुरू भी शामिल हैं। भविष्य में इस मामले में अनेक रसूखदारों के गिरफ्तारी की संभावना है। खबरों के मुताबिक यह घोटाला लगभग 1300 करोड़ रुपए से अधिक का हो सकता है। दूसरी और सीबीआई ने मान्यता के लिए रिश्वत के मामले में फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष डॉ. मोंटू पटेल के ठिकानों पर भी छापेमारी की है।चेयरमैन डॉ. पटेल पर आरोप है कि उन्होंने देश के 12 हजार से ज्यादा फार्मेसी कॉलेजों को अनुमति देने के लिए 54 सौ करोड़ रुपए से अधिक का घोटाला किया है। सीबीआई ने इन छापों के बाद खुलासा किया है कि मेडिकल शिक्षा से जुड़े भ्रष्टाचार में स्वास्थ्य मंत्रालय, राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग 'एनएमसी', निजी मेडिकल कॉलेजों के प्रतिनिधि और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग 'यूजीसी' के पूर्व अध्यक्ष की संलिप्तता है।

अलबत्ता यह पहला मामला नहीं है जब देश में किसी कॉलेज को दाखिले के लिए मान्यता अथवा रैंकिंग देने के लिए रिश्वत लेने का मामला सामने आया हो बल्कि पहले भी मेडिकल, नर्सिंग, फार्मेसी, फिजियोथेरेपी, डेंटल सहित इंजीनियरिंग और यूनिवर्सिटी तथा कॉलेजों की मान्यता या अच्छा रेटिंग देने के लिए रिश्वत का मामला उजागर हुआ था। बीते फरवरी में सीबीआई ने राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद 'नैक' के निरीक्षण टीम के अध्यक्ष और सदस्यों को एक विश्वविद्यालय को रिश्वत के बदले अच्छी रेटिंग देने के मामले में गिरफ्तार किया था। इस मामले में सीबीआई ने 20 स्थानों पर छापेमारी की थी तथा 37 लाख नगद और सोना बरामद किया था। बेहतर रेटिंग के लिए रिश्वत के मामले पर उठे विवाद के बाद नैक ने इस निरीक्षण समिति के सभी सदस्यों पर जहां आजीवन प्रतिबंध लगा दिया वहीं आरोपी विश्वविद्यालय को मान्यता के लिए आवेदन करने से पांच साल तक रोक लगा दिया है। कालांतर में छत्तीसगढ़ सहित अनेक राज्यों में सीबीआई ने इंजीनियरिंग कॉलेजों में दाखिले के लिए निरीक्षण टीम को रिश्वत देने के मामले में गिरफ्तारियां की थी।अलबत्ता ऐसी घटनाएं उच्च शिक्षा संस्थानों में जारी भ्रष्टाचार के साथ ही नैक जैसी स्वायत्तशासी संस्था की विश्वसनीयता की भी पोल खोलता है।




बहरहाल मेडिकल कॉलेजों के स्थापना, दाखिले के लिए अनुमति और सीटों में बढ़ोतरी के लिए रिश्वत और फर्जीवाड़े के मामले पहले भी उजागर हुए हैं जिसके चलते चिकित्सा जैसा मुकद्दस पेशा बदनाम हुआ है। मान्यता के लिए निरीक्षण के दौरान कॉलेज प्रबंधन द्वारा टीचिंग के लिए घोस्ट फैकल्टी यानि कागज पर शिक्षक तथा अस्पतालों में नकली मरीज भर्ती करने का सिलसिला काफी दिनों से जारी है। साल 2010 में मेडिकल कौंसिल ऑफ इंडिया 'एमसीआई' के अध्यक्ष डॉ केतन देसाई पर एक मेडिकल कॉलेज को मान्यता देने के ऐवज में 20 लाख रुपए रिश्वत लेने का आरोप लगा था। सीबीआई को जांच के दौरान डॉ. देसाई से डेढ़ किलो सोना और अस्सी किलो चांदी तथा कई आलिशान घर मिला जो घोटाले से हासिल किया गया था। जांच में आगे यह भी पता चला कि डॉ. केतन ने अन्य डॉक्टरों के साथ मिलकर एक कॉलेज को अनुमति देने के ऐवज में 2 करोड़ की रिश्वत मांगी थी। डॉ. देसाई सहित अन्य डॉक्टरों को सीबीआई ने इस मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया था। मेडिकल कॉलेजों में दाखिले के लिए रिश्वत के मामले में कौंसिल के अध्यक्ष सहित उनके सहयोगियों की गिरफ्तारी हुई लेकिन तकनीकी वजहों से वे बाद में बरी हो गए।

मेडिकल कौंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष डॉ. केतन देसाई सहित अन्य सदस्यों के काले कारनामों से मचे बवाल के बाद भारत सरकार ने 25 सितंबर 2020 में 'एमसीआई' को भंग कर दिया और इसकी जगह राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग 'एनएमसी' की स्थापना किया। केंद्र सरकार ने साल 2020 से 2023 के बीच संसद के जरिए अधिनियम पारित कर एलोपैथी, डेंटल और आयुष शिक्षा से जुड़े कॉलेजों को मान्यता देने और चिकित्सा व्यवसाय को अधिनियमित करने के लिए आयोगों का गठन किया है। वर्तमान में एलोपैथी के लिए राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग 'एनएमसी', आयुर्वेद, यूनानी, सिद्ध और सोवा- रिग्पा के लिए केंद्रीय राष्ट्रीय चिकित्सा पद्धति आयोग 'एनसीआईएसएम', दंत चिकित्सा के लिए राष्ट्रीय दंत चिकित्सा आयोग 'एनडीसी' तथा होम्योपैथी के लिए राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग ' एनसीएच' जैसे आयोग स्थापित हैं।

विचारणीय है कि भारत सरकार ने मेडिकल सहित सभी प्रोफेशनल कोर्सेज के शिक्षण संस्थानों में छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त हो इस लिहाज से कॉलेजों को मान्यता देने की प्रक्रिया में पारदर्शिता और शुचिता कायम करने के लिए उपरोक्त आयोगों का गठन किया है। विडंबना है कि सरकार और समाज के उद्देश्यों को आयोग से जुड़े पदाधिकारी और मूल्यांकन कर्ता ही पलीता लगा रहे हैं जो निश्चित ही चिंतनीय है। मेडिकल शिक्षा से लेकर तमाम संस्थाओं में मानक के अनुरूप मानव संसाधन, अधोभूत संरचना, सुविधाएं , मशीन - उपकरण, लाइब्रेरी में पुस्तकों की समुचित उपलब्धता के निरीक्षण के लिए इन नियामक संस्थाओं द्वारा संबंधित संस्थानों में निरीक्षण टीम भेजी जाती है। निरीक्षण टीम के रिपोर्ट के आधार पर ही संबंधित संस्थानों में छात्रों के दाखिले के लिए जहां मान्यता मिलती है वहीं सीटों में बढ़ोतरी की जाती है।

हालिया मामले पर गौर करें तो जिन मेडिकल कॉलेजों और उच्च शिक्षा संस्थानों में सीबीआई ने छापेमारी की है वहां मापदंडों के अनुसार शिक्षक एवं अन्य मानव संसाधन तथा सुविधाएं नहीं थी। आलम यह की शिक्षक जहां केवल कागज पर काम कर रहे हैं वहीं अस्पतालों में किराए के मरीज भर्ती किए जा रहे हैं। तमाम कमियों के बावजूद आयोग और परिषद के अधिकारियों, निरीक्षण टीम के सदस्यों और कॉलेज प्रबंधन के बीच करोड़ों रुपए के रिश्वत के बदले अनुकूल रिपोर्ट देने के प्रयास किया गया जो चिकित्सा जैसे क्षेत्र में शिक्षा की गुणवत्ता और भ्रष्टाचार की पोल खोलता है। बिलाशक आज भी मेडिकल एक ऐसा क्षेत्र है जिसके प्रति अभिभावकों और छात्रों का काफी रूझान है फलस्वरूप देश में निजी मेडिकल कॉलेजों का बाजार लगातार बढ़ रहा है। निजी मेडिकल कॉलेजों में सीधे तौर पर राजनीतिक रसूखदारों और कार्पोरेट घरानों ने भारी निवेश किया है फलस्वरूप उन्हें आसानी से राजनीतिक और आर्थिक संरक्षण प्राप्त हो रहा है।दरअसल राजनीतिक और आर्थिक संरक्षण का खामियाजा उन छात्रों को होता है जो मोटी फीस देकर उन कॉलेजों में एडमिशन लेते हैं जहां न तो शिक्षण के लिए हायर फैकल्टी यानि प्रोफेसर और एसोसिएट प्रोफेसर होते हैं और न ही प्रशिक्षण के लिए अस्पतालों में मरीज होते हैं। अलबत्ता ऊंची फीस देकर पढ़ाई करने वाले छात्र बतौर चिकित्सक अपने पेशे में मरीजों के जेब के प्रति कितना संवेदनशील होंगे? बिना संसाधन के काबिल होंगे? यह सोचनीय प्रश्न है। विचारणीय यह भी कि देश में जिस तरह से

धड़ल्ले से मेडिकल कॉलेज खुल रहे हैं उस लिहाज से मेडिकल शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार परिलक्षित नहीं हो रहा है। इसकी मुख्य वजह मेडिकल शिक्षा के लिए जरूरी मानव संसाधन और अधोसंरचना की अनुपलब्धता है बावजूद ऐसे कॉलेजों को मान्यता मिलना जनस्वास्थ्य के लिहाज से चिंताजनक है। बहरहाल सरकार से यह अपेक्षा है कि वह चिकित्सा जैसे पवित्र पेशे में जारी भ्रष्टाचार और फर्जीवाड़े पर लगाम लगाने के लिए दृढ़ इच्छाशक्ति प्रदर्शित करे ताकि देश और समाज को काबिल और संवेदनशील डॉक्टर मिल सके।

## गुरु पूर्णिमा

अखिलेश आर्येन्दु




# वैदिक ऋषियों, गुरुओं के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने का पर्व

कहा जाता है भारत पर्वों, त्योहारों और उत्सवों का देश है। वर्ष के बारह महीने हर दिन कोई न कोई पर्व, त्योहार या उत्सव होता ही है। इसी में गुरु पूर्णिमा भी एक है। गुरु पूर्णिमा आध्यात्मिक गुरु के साथ-साथ अकादमिक गुरुओं के सम्मान में मनाया जाने वाला पर्व या उत्सव है। आषाढ़ मास की पूर्णिमा के दिन मनाये जाने वाले इस पवित्र उत्सव में विद्या और ज्ञान के महत्व को प्रकट किया जाता है। मान्यताओं के अनुसार महर्षि वेद व्यास को विष्णु ने चारों वेदों का ज्ञान दिया था। इसलिए संसार का प्रथम गुरु वेद व्यास को माना जाता है। ऐसा माना जाता है कि पूर्णिमा के दिन गुरु की पूजा, सेवा और आशीर्वाद से व्यक्ति का जीवन सफल हो जाता है। लोक मान्यताओं के अनुसार इस दिन महर्षि वेद व्यास का जन्म हुआ था, इसलिए इसे वेद व्यास पूर्णिमा भी कहा जाता है। बौद्ध मतानुयायी भगवान बुद्ध की याद में गुरु पूर्णिमा को मनाते हैं। इस दिन बुद्ध ने पहली बार सार नाथ वाराणसी में उपदेश दिया था। पौराणिक कथा है कि भगवान शिव ने शप्तऋषिओं को इसी दिन उपदेश दिया था। इस तरह तमाम पौराणिक और ऐतिहासिक संदर्भ गुरुपूर्णिमा से ताल्लुक रखते हैं। ज्ञान, विद्या, धर्म और सांस्कृतिक सम्बन्धों में ये पर्व और उत्सव अपनी खास अहमियत रखते हैं। सबसे अहम बात यह है कि ये पर्व व उत्सव किसी न किसी खास विषय से जुड़े हुए हैं। गुरु पूर्णिमा या व्यास पूर्णिमा भी एक ऐसा ही पर्व और उत्सव है जो विद्या देने वाले गुरु और विद्या ग्रहण करने वाले शिष्य के पावन सम्बन्धों की पावन अभिव्यक्ति है। मनुस्मृति में इस दिन को उपाकर्म का दिन कहा गया है। यह श्रावणी का प्रारम्भ भी माना जाता है। इसे वेद रक्षक ऋषियों को समर्पित शुभ दिन के रूप में माना जाता है। चातुर्मास की परम्परा में चार महीने वैदिक ग्रंथों के स्वाध्याय के लिए बनाए गये। इसलिए चातुर्मास का प्रारम्भ भी इसी के दौरान हुआ करता था। संस्कृत व्याकरण व भाषा के मुताबिक गुरु वह शब्द है जो ज्ञान, प्रेरणा और मार्गदर्शन का प्रतिबिम्ब है। वेद में ईश्वर को सबसे बड़ा और महतोमहान गुरु कहा गया है। जो मानव की अज्ञानता, दरिद्रता और दुख दूर करने वाला है। संसार में चारों तरफ अंधियारा, अज्ञानता और दुख छाया हुआ है। इन्हें दूर करने के लिए गुरु या मार्गदर्शक की जरूरत पड़ती है। सभी तरह के गुरुजनों को सम्मान देना और उनके प्रति हमेशा कृतज्ञता का भाव बनाए रखना शारीरिक तप कहा जाता है। इसलिए गुरु पूर्णिमा तप करने का पर्व भी है। हमारी संस्कृति में अनेक प्रतीकों और चिंहों का खास महत्व है। इन्हीं प्रतीकों में जनेऊ या यज्ञोपवीत भी एक है। यज्ञोपवीत तीन धागों से बनता है। इन तीन धागों में जन्म से लेकर मृत्यु तक जिन तीन गुरुओं का ऋण सबसे ज्यादा होता है वे हैं-माता-पिता, विद्या या शिक्षा देने वाले गुरु और परम्परा से ज्ञान दे रहे हमारे ऋषि-मुनि। जनेऊ के इन तीन धागों में इन तीन गुरुओं के प्रति कृतज्ञता का बोध होता है। गुरु पूर्णिमा के दिन इन तीनों के प्रति कृतज्ञता जताने की परम्परा रही है। आधुनिक समय में गुरु-शिष्य की वैदिक परंपरा भले ही न दिखाई देती हो लेकिन अध्यापक और छात्र का रिश्ता तो है ही। इस रिश्ते की अपनी खास अहमियत है। दोनों के जो कर्तव्य हैं, उन कर्तव्यों का पालन दोनों को करना चाहिए। समाज में आदर्श, शांति, प्रेम, सहिष्णुता और शुभत्व को बढ़ाने के लिए जरूरी है कि दोनों अपने धर्म का ईमानदारी से पालन करें। समाज में विश्वास, परोपकार और सुचिता का माहौल कायम करने के लिए भी जरूरी है गुरु-शिष्य के रिश्ते को पवित्र भाव से निभाया जाए। संत कबीर कहते हैं- गुरु बिन ज्ञान न उपजै, गुरु बिन मिले न मोष। गुरु बिन लखै न सत्य को, गुरु बिन मिटै न दोष। कहने का भाव यह है कि जिसमें हर तरह की गुरुता यानी बड़प्पन और धैर्य धारण करने वाला हो और शिष्य के कल्याण को हो अपने जीवन का मकसद समझता हो, वह ही सच्चा गुरु हो सकता है। इसी तरह शिष्य को भी चाहिए कि वह सीखने, ग्रहण करने और हर अच्छी बात व ज्ञान को ग्रहण करने के लिए हमेशा तैयार रहे। दोनों में, दूसरे के प्रति सज्जनता का भाव हो।वैदिक परम्परा में गुरु की अहमियत सर्वोपरि है, लेकिन यह तभी असरदायक होगा, जब गुरु के सच्चे ज्ञान को हर व्यक्ति अमल में लाए। इससे समाज, संस्कृति, साहित्य और विज्ञान का तो भला होगा ही, मानवता की कमजोर होती धारा को फिर से ताकत मिल सकेगी। गुरु पूर्णिमा पर खास आयोजन वैदिक गुरु-शिष्य परंपरा के अनुसार होना चाहिए। इससे ज्ञान, विज्ञान, भाषा, संस्कार, साहित्य और मूल्यों को फिर से समाज में स्थापना और अपरा विद्या को सबको सुखी बनाने के लिए जीवित करना जाहिए। इससे मानवता का भला होगा ही और एक आदर्श समाज बनाने में मददगार हो सकती है।

(लेखक साहित्यकार, संस्कृतिवेत्ता व चिंतक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## भक्ति करने से हमें लड़ने की मिलती है शक्ति



संकलित
दर्शन

इस विशाल ब्रह्मांड में, एक कालनिरपेक्ष और असीमित ऊर्जा सृष्टि के प्रत्येक पक्ष में प्रकट होती है। ये समय, स्थान, आरंभ-अंत से परे है। अक्सर हम उन लोगों पर दया भाव रखते हैं, जो हमसे अधिक युवा हैं या हम उन्हें कम ज्ञान वाला समझते हैं। इसी प्रकार हम बुजुर्गों द्वारा दिए गए ज्ञान को पुराना और अज्ञान से भरा हुआ मान लेते हैं। लेकिन, हमें ये बात समझने की आवश्यकता है कि दिव्यता बुद्धिमत्ता, आयु या स्वभाव पर ध्यान दिए बिना, सबके हृदय में वास करती है। प्रत्येक व्यक्ति में शिव तत्व का संज्ञान लेने से हमारे भीतर एक समरसता उत्पन्न हो जाती है, जो हमें शिव से एकाकार करती है। पुराने समय के ऋषियों और ज्ञानियों ने हर एक चीज को शिव का ही अंश माना। शिव सर्वव्याप्त हैं। यही वेदों का सार है। वेदांत दूसरी ओर भूला देने और ज्ञान की सीमाओं के परे जाने को भी दर्शाते हैं। वह उसके बारे में भी बताते हैं, जो द्वैत से परे है, अच्छे और बुरे से परे है। वेदांत अद्वैत की वास्तविकता का भी उद्घाटन करते हैं, जो अस्तित्व के मूल में छिपा हुआ है। ईश्वर के सर्वव्याप्त होने की धारणा पर बहुत पुराने समय से प्रश्न उठते आए हैं। यदि ईश्वर सचमुच में सर्वव्याप्त हैं, तो शैतान कहां रहता है। शताब्दियों से धर्मशास्त्रियों ने इस असमंजस पर गुत्थम-गुत्था की है। यदि ईश्वर सर्वव्याप्त हैं, तो कोई शक्ति उन्हें चुनौती कैसे दे सकती है? उत्तर इस समझ में है कि हर एक चीज में ईश्वर है, शैतान में भी। वेदांत दर्शन ने द्वैत की सीमाओं को पार किया और अद्वैत के सत्य को बताया, जो अच्छे और बुरे से परे है।

## अच्छे कार्य करने से गुरु शिष्य को कभी न रोके



संकलित
प्रेरणा

दैत्यों के गुरु शुक्राचार्य बताए गए हैं। भगवान शिव ने शुक्राचार्य को मृत संजीवन विद्या दी थी। इस विद्या से शुक्राचार्य मरे हुए दैत्यों को फिर से जीवित कर देते थे। जब दैत्यराज बलि का राज था। तब एक दिन भगवान विष्णु ने वामन अवतार लिया और बलि के पास पहुंचे। बलि अपनी दानवीरता की वजह से बहुत प्रसिद्ध थे। वे किसी भी मांगने वाले को खाली हाथ नहीं जाने देते थे। राजा बलि उस समय यज्ञ कर रहे थे। बलि ने वामन देव को देखा तो वह उनके पास पहुंचा। वामन देव ने राजा बलि से तीन पग भूमि दान में मांगी। शुक्राचार्य वामन देव को पहचान गए थे कि ये विष्णु जी हैं। इसलिए उन्होंने बलि को दान देने से रोकना चाहा। राजा बलि ने अपने गुरु की बात नहीं मानी और वामन देव को दान देने के लिए तैयार हो गए। तब शुक्राचार्य राजा बलि के कमंडल में सूक्ष्म रूप में बैठ गए, जिससे की पानी बाहर न आए और राजा बलि भूमि दान करने का संकल्प न ले सकें। वामन भगवान जानते थे कि शुक्राचार्य बलि के कमंडल में बैठे हैं। उन्होंने बलि के कमंडल में एक तिनका डाल दिया, जिससे शुक्राचार्य की एक आंख फूट गई। इसके बाद शुक्राचार्य कमंडल से बाहर आ गए और बलि ने वामन देव को भूमि दान दे दी। अगर कोई गुरु अपने शिष्य को नेक काम करने से रोकता है तो उसे इसका बुरा फल भोगना पड़ता है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### विमानन क्षेत्र में सुधार-समीक्षा की दरकार

हाल ही में अहमदाबाद हवाई अड्डे पर बोइंग विमान से जुड़ी एक घटना ने वैश्विक विमानन उद्योग, विशेषकर बोइंग की विश्वसनीयता पर फिर से सवाल खड़े कर दिए हैं। यह घटना न केवल यात्रियों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ाती है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि तकनीकी दिग्गज बोइंग के विमान लगातार दुर्घटनाओं के घेरे में क्यों आते जा रहे हैं। बोइंग विमान को लेकर उठ रहे प्रश्न केवल एक कंपनी तक सीमित नहीं हैं, बल्कि यह संपूर्ण विमानन प्रणाली, उसकी निगरानी और जवाबदेही पर सवाल खड़े करते हैं। नागरिक विमानन महानिदेशालय को चाहिए कि वह बोइंग विमानों की संपूर्ण सुरक्षा समीक्षा करवाए, पुराने मॉडलों की जांच कराए और तय करे कि तकनीकी संदिग्ध विमान को उड़ान से पहले दोबारा जांचा जाए।

*– विकास शर्मा, दुर्ग*

## ट्रेंड

### ब्राजील का आभार



मुझे 'द ग्रैंड कॉलर ऑफ द नेशनल ऑर्डर ऑफ द सदर्न क्रॉस' से सम्मानित किए जाने पर गर्व है। राष्ट्रपति लूला, सरकार और ब्राजील के लोगों के प्रति आभार। यह दिखाता है कि ब्राजील के लोगों का भारत के लोगों के प्रति कितना गहरा लगाव है।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### स्थापना दिवस की शुभकामनाएं



ज्ञान, शील, एकता के मंत्र के साथ राष्ट्रीयता के विचारों को लेकर आगे बढ़ते रहने वाले, विश्व के सबसे बड़े छात्र संगठन अभाविप के स्थापना दिवस की शुभकामनाएं। अनेक ख्याति प्राप्त लोगों के व्यक्तित्व का निर्माण इस संगठन से हुआ है।

-भूपेन्द्र यादव, केंद्रीय पर्यावरण मंत्री

### संविधान-विरोधी ताक़तें



महाराष्ट्र में जनादेश छीना, अब बिहार में मताधिकार - तरीका नया, साज़िश पुरानी। हम इन संविधान-विरोधी ताक़तों को बेनक़ाब करते रहेंगे - जनता और युवाओं के साथ मिलकर मुंहतोड़ जवाब देंगे।

-राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

### कंटेंट व्यवसाय में एआई



कंटेंट व्यवसाय के लोग एआई द्वारा लाए जा रहे बड़े बदलावों से बहुत अनजान हैं। या तो हम बदलाव से डरते हैं, या रेत में सिर छिपाए बैठे हैं। एआई सबसे लोकतांत्रिक तकनीक है। अगर आप कंटेंट व्यवसाय में गेटकीपर हैं, तो आप टिक नहीं पाएँगे।

-शेखर कपूर, फिल्मकार

## करंट अफेयर

# ब्रिटेन के पूर्व पीएम सुनक बैंकिंग जगत में वापस लौटें


ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक बैंकिंग जगत में वापस आ गए हैं और उन्होंने गोल्डमैन सैक्स समूह में वरिष्ठ सलाहकार के रूप में नयी भूमिका संभाली है। सुनक अपनी आय को उस शिक्षा चैरिटी को दान करने की योजना बना रहे हैं जिसे उन्होंने हाल ही में अपनी पत्नी अक्षता मूर्ति के साथ मिलकर स्थापित किया है। राजनीति में प्रवेश करने से पहले सुनक ने अमेरिका स्थित बहुराष्ट्रीय निवेश बैंक में काम किया था। यह घोषणा पिछले वर्ष चार जुलाई को आम चुनाव में हार के बाद ब्रिटिश भारतीय नेता के मंत्री पद का कार्यकाल समाप्त होने के बाद आवश्यक 12 महीने की अवधि बीत जाने के बाद की गयी। ब्रिटेन की व्यावसायिक नियुक्तियों पर सलाहकार समिति, जिसे पूर्व मंत्रियों द्वारा पद छोड़ने के बाद कम से कम दो वर्षों तक लिए जाने वाले किसी भी पद को मंजूरी देना आवश्यक होता है, ने कुछ शर्तों के साथ अपनी स्वीकृति दी। इन शर्तों का उद्देश्य "सरकार के लिए संभावित जोखिमों को कम करना" है, जो कि पूर्व प्रधानमंत्री के रूप में सुनक को प्राप्त विशेषाधिकार प्राप्त जानकारी तक उनकी पहुंच से संबंधित हैं। इसमें यह भी उल्लेख किया गया है कि उनकी नयी नौकरी से मिलने वाला वेतन धर्मार्थ संस्था 'रिचमंड प्रोजेक्ट' को दिया जाएगा जिसकी घोषणा इस वर्ष की शुरुआत में मूर्ति के साथ एक संयुक्त पहल के रूप में की गई थी।



## ऑफ बीट

# क्या युवाओं में कैंसर के लिए रसायन ज़िम्मेदार हैं?

पहले कैंसर को आमतौर पर बुज़ुर्गों की बीमारी माना जाता था लेकिन अब 50 साल से कम उम्र के लोगों में कैंसर के मामले बढ़ रहे हैं, जो चिंताजनक है।



आपके शरीर की प्रत्येक कोशिका में आपके डीएनए की एक प्रति होती है – जो उस कोशिका को ठीक से कार्य करने का निर्देश देती है। हालांकि, डीएनए में ऐसे तरीकों से म्युटेशन हो सकता है जिससे वह कोशिका अपना वह कार्य करना बंद कर देती है जो उसे करना होता है। कुछ म्युटेशन कोशिका को अनियंत्रित रूप से बढ़ने में सक्षम बनाते हैं। कुछ म्युटेशन इसे मरने से बचाते हैं। और कुछ इसे शरीर के अन्य भागों में फैलने में मदद करते हैं जहां यह नहीं होना चाहिए। डीएनए में अधिक मात्रा में म्युटेशन कैंसर को जन्म दे सकता है। जब भी शरीर में नई कोशिका बनती है, तो डीएनए की एक नई प्रति भी बनती है। कभी-कभी संयोगवश गलतियां हो जाती हैं, जिससे म्युटेशन हो सकता है। इसे आप ऐसे समझें जैसे एक फोटोकॉपी की फोटोकॉपी बनाना। इस प्रक्रिया में हर प्रति दूसरे से थोड़ी भिन्न होती है। ज्यादातर डीएनए म्युटेशन हानिरहित होते हैं। लेकिन शरीर में हर दिन अरबों कोशिकाएं बनती हैं। इसलिए जैसे-जैसे उम्र बढ़ती है, शरीर में डीएनए की प्रतियों की संख्या बढ़ती जाती है, जिससे गलतियां होने की संभावना भी बढ़ जाती है।


## अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

# हरियाणा को कृषि एवं किसानों को प्रोत्साहन देने के लिए नई दिल्ली में मिला पॉलिसी लीडरशिप अवार्ड

## केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 16वें एग्रीकल्चर लीडरशिप कॉन्क्लेव -2025 में प्राप्त किया सम्मान

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



हरियाणा को कृषि व किसान कल्याण के क्षेत्र मे उल्लेखनीय कार्य करने के लिए पॉलिसी लीडरशिप अवार्ड मिला है। केंद्रीय उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार देर शाम नई दिल्ली में आयोजित 16वें एग्रीकल्चर लीडरशिप कान्क्लेव -2025 में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को यह सम्मान प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने यह सम्मान प्राप्त कर इस उपलब्धि का श्रेय प्रदेश के कर्मठ और परिश्रमी किसानों को दिया।

सम्मेलन में केंद्रीय उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि हरियाणा कृषि को फायदे का व्यवसाय बनाने के लिए लगातार नई पॉलिसी लागू की हैं। अपने संबोधन में उन्होंने हरियाणा के सर्वांगीण विकास की सराहना करते हुए कहा कि हरियाणा में कृषि के साथ-साथ उद्योग, टाउनशिप डेवलपमेंट, आईटी, स्टार्टअप इकोसिस्टम को लगातार बढ़ा रहा है। उन्होंने कहा कि यह प्रदेश अपने हॉलिस्टिक डेवलपमेंट के साथ आज देश व दुनिया में एक नया मॉडल प्रस्तुत कर रहा है। समिट में उड़ीसा के उप मुख्यमंत्री कनक वर्धन सिंह देव, उत्तर प्रदेश के पशुपालन मंत्री धर्मपाल सिंह, भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडौली, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग हरियाणा के आयुक्त एवं सचिव पंकज अग्रवाल सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

**अन्नदाता को सशक्त उद्यमी बनाने के लिए निरंतर गति से किया कामः सीएम नायब सैनी**

हरियाणा के मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि खेती केवल व्यवसाय नहीं है, यह हमारी संस्कृति है, हमारी आत्मा है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत-2047 का जो संकल्प लिया है उसमें हमारा अन्नदाता उसका एक प्रमुख स्तंभ है। एक विकसित, मजबूत और समृद्ध भारत तभी संभव होगा, जब हमारा किसान खुशहाल और आत्मनिर्भर बनेगा।

उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र में तकनीक के प्रयोग को बढ़ावा देने के विषय पर बोलते हुए कहा कि आज डिजीटल तकनीक ने खेती को बदल दिया है। आज किसान स्मार्ट एग्रीकल्चर की ओर बढ़ रहे हैं। हमारे प्रगतिशील किसान आज खेती में ड्रोन, रिमोट सेंसिंग, एआई और डिजिटल खेती जैसे नवाचारों को अपना रहे हैं। उन्होंने बताया कि ड्रोन तकनीक से अब खेतों में कीटनाशक एवं फर्टिलाइजर्स का छिडक़ाव हो रहा है। फसल बीमा योजना की ऑनलाइन मॉनिटरिंग हो रही है। ई नेम जैसे पोर्टल से किसानों को देशभर की मंडियों तक सीधी पहुंच मिल रही है। उन्होंने कहा कि सरकार का विजन आधुनिक तकनीक के माध्यम से हरियाणा की कृषि को आधुनिक, कुशल और भविष्य के लिए तैयार करना है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में स्टार्टअप्स और कृषि उद्यमिता को लेकर सार्थक पहल की हैं।


## खबर संक्षेप

### महाराष्ट्र में अकेले निकाय चुनाव लड़ेगी कांग्रेस



**मुंबई।** महाराष्ट्र में एमएनएस प्रमुख राज ठाकरे और पूर्व मुख्यमंत्री राज ठाकरे के साथ आने के बाद कई फैसले कठिन हैं। अटकलों के बीच पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पृथ्वीराज चव्हाण ने पार्टी के निकाय चुनाव में अकेले चुनाव लड़ने के संकेत दिए हैं। पार्टी निकाय चुनावों में अकेले चुनाव लड़ने का फैसला करती है, तो उन्हें आश्चर्य नहीं होगा।

### सिसोदिया के पुराने नंबर से ठगी, गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के पुराने मोबाइल नंबर का इस्तेमाल करके उनका करीबी होने का भ्रम पैदा करके ठगी से पैसा बनाने की फिराक में लगे एक ठग गिरोह का पर्दाफाश करते हुए पटियाला पुलिस नेसरगना को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी जाली जमानत बांड और दस्तावेज तैयार करने वाले गिरोह का सरगना रहा है।

### खराब दाल देख विधायक ने कैंटीन वाले को पीटा



**मुंबई।** विधायकों के लिए बनी एमएलए कैंटीन में खराब खाना परोसे जाने को लेकर बड़ा हंगामा खड़ा हो गया है। शिवसेना (शिंदे गुट) के विधायक संजय गायकवाड़ ने खराब दाल मिलने पर गुस्से में कैंटीन संचालक की जमकर पिटाई कर दी। दाल में बदबू आने के बाद उन्होंने कर्मचारियों से बहस की थी। मामला चर्चगेट इलाके की एमएलए कैंटीन का है।

### हनुमानगढ़ में सड़क हादसे में 3 की मौत



**जयपुर।** राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले में बुधवार को रोडवेज बस और डंपर की टक्कर में 3 लोगों की मौत हो गई तथा 12 से अधिक लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह हादसा हनुमानगढ़-संगरिया मार्ग पर नगराना गांव के पास उस समय हुआ जब रोडवेज बस बजरी से भरे डंपर के पिछले हिस्से से टकरा गई। कई लोग घायल हैं।

### जिला अदालतों को बम से उड़ाने की धमकी



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के शिमला, कुल्लू और नाहन की जिला अदालतों को बुधवार को ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिली। अधिकारी तुरंत हरकत में आए और शिमला, नाहन, कुल्लू और रामपुर की जिला अदालतों के परिसरों को खाली करा लिया गया। पुलिस ने बताया कि बम निरोधक और खोजी कुत्तों के दस्ते तैनात कर दिए हैं।

## बिहार बंद के दौरान राहुल गांधी ने चुनाव आयोग पर किया हमला

# विपक्ष ने चुनाव चोरी का महाराष्ट्र मॉडल समझ लिया, इसीलिए बिहार मॉडल लाया

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि चुनाव आयोग भाजपा-आरएसएस के इशारे पर काम कर रहा है और महाराष्ट्र की तरह बिहार में भी विधानसभा चुनाव को चोरी करने की साजिश रची जा रही है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता राहुल गांधी बुधवार को बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के विरोध में पटना में इंडिया गठबंधन द्वारा बुलाए गए 'संपूर्ण बिहार बंद' में हिस्सा ले रहे थे।

इस दौरान उनके साथ राजद नेता तेजस्वी यादव, राजद प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल, सीपीआई एमएल नेता दीपांकर भट्टाचार्य, सीपीआई नेता डी राजा, वीआईपी नेता मुकेश साहनी, सीपीआई (एम) नेता एमए बेबी, कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी कृष्णा अल्लावारू, प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम, विधायक दल के नेता डॉ शकील अहमद खान, विधान परिषद में दल के नेता डॉ मदन मोहन झा, लोकसभा सांसद तारिक अनवर, राज्यसभा सांसद डॉ. अखिलेश प्रसाद सिंह, लोकसभा सांसद डॉ. मोहम्मद जावेद, लोकसभा सांसद मनोज राम समेत अन्य गठबंधन दलों के नेताओं ने इनकम टैक्स गोलंबर से शहीद स्मारक के बीच उमड़े भारी जनसैलाब का नेतृत्व किया।



### राहुल ने चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर गंभीर सवाल उठाए

राहुल गांधी ने चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि पिछले वर्ष इंडिया गठबंधन ने महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव में जीत दर्ज की थी और कुछ ही महीने बाद हुए विधानसभा के चुनाव में उसे हार मिली। इंडिया गठबंधन ने जांच की तो पता लगा कि आश्चर्यजनक तरीके से लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव के बीच लगभग 75 लाख नए मतदाता शामिल हुए। विधानसभा चुनाव में दस प्रतिशत ज्यादा मतदाताओं ने वोट किया। उन्होंने बताया कि जिन क्षेत्रों में वोटर बढ़े, वहां भाजपा ने जीत दर्ज की। उन्होंने उदाहरण दिया कि एक इमारत में चार से पांच हजार वोटर पंजीकृत हुए और गरीबों के वोट काटे गए।

### महाराष्ट्र की मतदाता सूची आज तक नहीं दी

राहुल ने कहा कि इंडिया गठबंधन ने जब आयोग से मतदाता सूची और मतदान केंद्र की वीडियोग्राफी मांगी, तो आयोग चुप्पी साध गया और महाराष्ट्र की मतदाता सूची आज तक नहीं दी गई। वीडियोग्राफी का कानून बदला गया, ताकि सच्चाई छिपाई जा सके। विपक्ष ने चुनाव चोरी करने का महाराष्ट्र मॉडल समझ लिया है, इसीलिए चुनाव आयोग अब बिहार मॉडल लाया है। चुनाव आयोग संविधान की रक्षा करने की बजाय राजनीतिक हित साध रहा है।

### ईसी का काम संविधान रक्षा का

राहुल गांधी ने बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर इंडिया गठबंधन के नेताओं की चुनाव आयोग से मुलाकात का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि उस मुलाकात में चुनाव आयोग भाजपा-आरएसएस की तरह बात कर रहा था। चुनाव आयुक्त भूल गए कि वह किसी राजनीतिक पार्टी के नहीं हैं, उनका काम संविधान की रक्षा करने का है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने चुनाव आयुक्त चुनने की प्रक्रिया में हुए बदलाव का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि पहले चुनाव आयुक्त चुनने का काम प्रधानमंत्री, विपक्ष नेता और सीजीआई करते थे, लेकिन मोदी सरकार ने सीजीआई को हटाकर उनकी जगह चयन समिति में कैबिनेट मंत्री को रख लिया। आज चुनाव आयुक्त सिर्फ भाजपा सरकार द्वारा चुना जाता है। राहुल गांधी ने कहा कि बिहार के लोगों से वोट देने का अधिकार छीनना उनके भविष्य और उनके हक की चोरी है। उन्होंने कहा कि पूरा 'इंडिया' गठबंधन बिहार के साथ खड़ा है और यह चोरी नहीं होने दी जाएगी।

## भाजपा का 'बिहार बंद' को लेकर इंडी पर किया हमला

# वोटर लिस्ट पर सुनवाई होनी है, तो फिर विपक्ष दबाव की राजनीति क्यों कर रहा?

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

- *रविशंकर ने पूछा, क्या ये चाहते हैं कि वोटर लिस्ट में ऐसे लोग बने रहें, जिन्हें उसमें होना नहीं चाहिए, जैसे घुसपैठिए?*
- *क्या राजद, कांग्रेस समेत विपक्षी पार्टियां अवैध रूप से वोटर लिस्ट में शामिल लोगों की पीठ पर राजनीति करना चाहती हैं?*

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने बुधवार को कहा कि विपक्षी दलों ने वोटर रिवीजन के मुद्दे पर आज बुधवार कोबिहार बंद बुलाया है, जबकि बृहस्पतिवार को इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होनी है। उन्होंने कहा कि तो फिर विपक्षी दल आज सड़क पर उतर कर दबाव बनाने की राजनीति क्यों कर रहे हैं?

प्रसाद ने कहा कि सबसे पहले तो यह समझना जरूरी है कि देश में सांसद या विधायक कौन बनेगा, इसका फैसला वोटर करते हैं। वोट वही डाल सकता है, जो भारत का नागरिक हो, जिसकी उम्र 18 साल या उससे अधिक हो, और जो सामान्य रूप से उस स्थान का निवासी हो, जहां से वह वोट डालता है। इसलिए वोटर लिस्ट का पुनरीक्षण हो रहा है, तो इसमें विपक्षी दलों को किस बात की परेशानी है? दूसरी ओर, सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इन सभी लोगों ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है, जो कि उनका अधिकार है। इस मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट में जब कल सुनवाई होनी है, तो फिर विपक्ष आज सड़क पर उतर कर दबाव बनाने की राजनीति क्यों कर रहे हैं?भाजपा सांसद प्रसाद ने राजद, कांग्रेस समेत विपक्षी पार्टियों से सवाल पूछे कि ये लोग या तो अदालत पर भरोसा करें या फिर सड़कों पर। जब सुप्रीम कोर्ट में कल ही सुनवाई होनी है, तो आज सड़क पर उतर कर क्या किसी तरह का दबाव बनाने की कोशिश है? क्या ये चाहते हैं कि वोटर लिस्ट में ऐसे लोग बने रहें, जिन्हें उसमें होना नहीं चाहिए, जैसे घुसपैठिए? क्या यह सच्चाई नहीं है कि कई बार रोहिंग्या या अन्य लोग गलत तरीके से वोटर लिस्ट में नाम दर्ज करवा लेते हैं? जब पूरी ईमानदारी से काम हो रहा है, तो आपत्ति किस बात की है? संकेत साफ है, जो लोग अवैध रूप से वोटर लिस्ट में शामिल हो गए हैं, उनकी पीठ पर ये राजनीति करना चाहते हैं। सीधी बात ये है कि इन्हें लगता है कि वे बिहार चुनाव नहीं जीत पाएंगे, ठीक वैसे ही जैसे हरियाणा, महाराष्ट्र और दिल्ली में हार का सामना करना पड़ा।

उन्होंने कहा कि देश के सामने यह बात रखनी जरूरी है कि आखिर यह किस प्रकार की राजनीति है? राजद, कांग्रेस समेत सभी विपक्षी पार्टियों का यह पूरा रवैया गंभीर सवाल खड़े करती है। अब जहां तक तथ्यात्मक जानकारी की बात है तो बिहार में 7 करोड़ 90 लाख वोटर हैं। इनमें से 4 करोड़ लोगों ने एनुमरेशन फॉर्म भरकर जमा कर दिया है। यानी 50 फीसदी से अधिक लोग भाग ले चुके हैं, और अभी 16 दिन बाकी हैं। यह कार्य प्रगति पर है और तेजी से हो रहा है। जहां तक दस्तावेज की बात है, चुनाव आयोग ने स्पष्ट रूप से कहा है कि 2003 तक जिनका नाम वोटर लिस्ट में है, उन्हें कोई दस्तावेज देने की जरूरत नहीं है, क्योंकि उस समय गहन पुनरीक्षण हुआ था। अब आज देश में 50 करोड़ से अधिक लोगों के बैंक अकाउंट हैं, सबके पास पेंशन, स्कूल सर्टिफिकेट जैसे दस्तावेज हैं। ये सब प्रमाण होते हैं। बिहार में 1 लाख बूथ हैं और 4 लाख बीएलओ इस कार्य में लगे हुए हैं।

## खुलासे के बाद मचा हंगामा

# निजी अस्पताल में युवक की मौत के बाद इलाज करते रहे डॉक्टर

एजेंसी ⏭ पीलीभीत

गौहनिया रेलवे क्रॉसिंग के पास निजी अस्पताल में मरीज की मौत के बाद परिजनों ने जमकर हंगामा किया। आरोप लगाया कि 4 दिन तक आईसीयू में भर्ती रखने के नाम पर मरीज को देखने तक नहीं दिया। मंगलवार को रेफर करने के लिए मरीज को बाहर निकाला तो उसकी मौत हो चुकी थी।

पूरनपुर क्षेत्र के चांट फिरोजपुर निवासी राजेंद्र कुमार ने बताया कि छोटे भाई विष्णु (35) पुत्र प्रेमराज सिरसा चौराहे के पास सड़क हादसे में घायल हो गए थे।पूरनपुर सीएचसी के बाद शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सक को भर्ती करने के लिए 30 हजार रुपए दिए। कुछ घंटे बाद ऑपरेशन के नाम पर 1 लाख और लिए गए। 4 दिन में करीब 3 लाख रुपए जमा कराए। परिजनों को मरीज को देखने नहीं दिया गया।



# कांग्रेस ने गुजरात सरकार के मंत्री खाबड की बर्खास्तगी मांगी, घोटाले का आरोप, सीबीआई जांच की भी मांग की

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

कांग्रेस ने गुजरात मनरेगा घोटाले में संलिप्त प्रदेश के पंचायत एवं कृषि राज्य मंत्री बच्चू भाई खाबड़ को बर्खास्त करने और मामले की अदालत की निगरानी में सीबीआई जांच कराने की मांग की है। इंदिरा भवन स्थित कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए पार्टी सांसद शक्ति सिंह गोहिल ने घोटाले का दस्तावेजों के साथ विवरण देते हुए बताया कि मंत्री और उनके परिवार ने मनरेगा के तहत फर्जी वर्क ऑर्डर के जरिए करोड़ों रुपये का गबन किया है।

गोहिल ने बताया कि मंत्री बच्चू भाई खाबड़ की निजी जमीन पर मनरेगा के तहत कई फर्जी वर्क ऑर्डर जारी किए गए। इनमें स्टॉर्मवाटर ड्रेन, बांध, कैनाल, लैंड लेवलिंग और प्लांटेशन जैसे काम दिखाए गए, जो वास्तव में हुए ही नहीं। जो काम हुआ ही नहीं, उसका नवीनीकरण तक दिखा दिया गया।

### काम कागज पर लेकिन करोड़ों का भुगतान किया



गोहिल ने यह भी खुलासा किया कि बच्चू भाई के बेटे बलवंत खाबड़ की कंपनी राज कंस्ट्रक्शन को मनरेगा के तहत सामग्री आपूर्ति का ठेका दिया गया, जबकि उसने कोई सामग्री आपूर्ति नहीं की। एक छोटे से ब्लॉक में 2,235 वर्क ऑर्डर जारी किए गए, जिनके तहत करोड़ों रुपये का भुगतान हुआ, लेकिन काम कागजों पर ही रहा। गोहिल ने यह भी बताया कि राज कंस्ट्रक्शन ने मनरेगा के तहत करोड़ों रुपये तो लिए, लेकिन जीएसटी का भुगतान नहीं किया।

### ईडी और सीबीआई कार्रवाई क्यों नहीं कर रही

कांग्रेस नेता ने कहा कि जब कांग्रेस के किसी नेता पर छोटा सा आरोप लगता है, ईडी और सीबीआई तुरंत सक्रिय हो जाती है, लेकिन भाजपा सरकार में मंत्री के खिलाफ इतने सबूत होने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हो रही। उन्होंने मांग की कि बच्चू भाई खाबड़ को उनके पद से तत्काल बर्खास्त किया जाए और इस पूरे मामले की कोर्ट की निगरानी में सीबीआई जांच हो। जीएसटी चोरी की जांच के लिए केंद्रीय वित्त मंत्रालय तुरंत कार्रवाई करे। मनरेगा घोटाले के साथ ही उन्होंने नल से जल योजना में हुए भ्रष्टाचार की भी पूरी जांच की मांग की।


### भाजपा के संरक्षण में हो रहा भ्रष्टाचार

इसके साथ ही गोहिल ने बुधवार को वडोदरा के पास महिसागर नदी पर बने मुजपुरा गंभीरा पुल के ढहने की घटना को भी भाजपा के सरंक्षण में हो रहे भ्रष्टाचार से जोड़ा। उन्होंने कहा कि वडोदरा के पास मुजपुरा गंभीरा ब्रिज के ढहने से दस लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हुए। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों और जिला परिषद के पूर्व सदस्यों ने पहले ही प्रशासन को ब्रिज की खराब स्थिति के बारे में चेतावनी दी थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। पुल के नवीनीकरण के लिए दिया गया ठेका भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया। उन्होंने कहा कि गुजरात में एक सिस्टम बन गया है, जहां ठेकेदार को काम मिलने से पहले भाजपा कार्यालय में कमीशन देना पड़ता है। इस भ्रष्टाचार के कारण ठेकेदार अपना काम ठीक से नहीं करते और यही वजह है कि गुजरात में बीते कुछ महीनों में ऐसे हादसे हो रहे हैं।

## वैष्णव ने टेलीफोन के माध्यम से अभियान की प्रगति का जायजा लिया

# रेलमंत्री ने 15 दिवसीय राष्ट्रव्यापी लेवल क्रॉसिंग गेट सुरक्षा निरीक्षण अभियान की समीक्षा की

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव अपने पिता के निधन के एक दिन बाद और व्यक्तिगत शोक व धार्मिक रीति-रिवाजों में व्यस्त होने के बावजूद, बुधवार को रेलवे की महत्वपूर्ण सुरक्षा संबंधी समीक्षा की। उन्होंने टेलीफोन के माध्यम से ब्लॉक सेक्शनों में लेवल क्रॉसिंग (एलसी) गेट्स की सुरक्षा के लिए शुरू किए गए 15 दिवसीय निरीक्षण अभियान की प्रगति का जायजा लिया और 11 प्रमुख कार्रवाई बिंदुओं का निर्णय लिया। यह अभियान कल शुरू किया गया था।

### रेल मंत्री ने लेवल क्रॉसिंग गेट्स पर सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए निम्नलिखित 11 महत्वपूर्ण निर्णय लिए

- **सीसीटीवी सिस्टम की स्थापनाः** सभी लेवल क्रॉसिंग गेट्स पर सीसीटीवी सिस्टम और रिकॉर्डिंग सुविधा अनिवार्य रूप से लगाई जाएगी। सीसीटीवी के लिए बिजली आपूर्ति सौर पैनल, बैटरी बैक-अप, यूपीएस आदि के माध्यम से सुनिश्चित की जाएगी, साथ ही व्यावसायिक बिजली आपूर्ति भी उपलब्ध होगी। यह कार्य मिशन मोड में पूरा किया जाएगा।
- **नीति समीक्षाः** 'रोड ट्रैफिक के लिए बंद' गेट्स को 'रोड ट्रैफिक के लिए खुला' गेट्स में परिवर्तित करने की नीति की समीक्षा की जाएगी।
- **इंटरलॉकिंग की गति बढ़ानाः** लेवल क्रॉसिंग गेट्स की इंटरलॉकिंग को मिशन मोड में तेजी से पूरा किया जाएगा।
- **रेलवे पीएसयू की भागीदारीः** इंटरलॉकिंग कार्यों और निर्माण के लिए रेलवे के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) को शामिल किया जाएगा।
- **टीवीयू सीमा में कमीः** अब 10,000 टीवीयू (ट्रेन व्हीकल यूनिट) से इंटरलॉकिंग शुरू की जाएगी, जो पहले 20,000 टीवीयू थी।
- **10,000 टीवीयू से अधिक के सभी गेट्स का इंटरलॉकिंगः** जिन गेट्स का टीवीयू 10,000 से अधिक है, उन्हें आरओबी/आरयूबी/एलएचएस योजनाओं की परवाह किए बिना इंटरलॉक किया जाएगा।
- **गैर-इंटरलॉक्ड गेट्स पर वॉयस रिकॉर्डिंग की जांचः** गैर-इंटरलॉक्ड लेवल क्रॉसिंग गेट्स पर वॉयस रिकॉर्डिंग का प्रतिदिन कम से कम दो बार रैंडम चेक किया जाएगा।
- **वॉयस लॉगर सिस्टम की कार्यक्षमताः** सभी डीआरएम (मंडल रेल प्रबंधक) गैर-इंटरलॉक्ड गेट्स पर वॉयस लॉगर सिस्टम की कार्यक्षमता सुनिश्चित करेंगे।
- **स्पीड ब्रेकर और चेतावनी बोर्ड का मानकीकरणः** सभी लेवल क्रॉसिंग गेट्स पर स्पीड ब्रेकर और चेतावनी बोर्ड को मानकीकृत और सुधारा जाएगा।
- **एलएचएस/आरयूबी/आरओबी निर्माण में तेजीः** लेवल क्रॉसिंग गेट्स को समाप्त करने के लिए सीमित ऊंचाई वाले सबवे (एलएचएस), रेल अंडर ब्रिज (आरयूबी), और रेल ओवर ब्रिज (आरओबी) के निर्माण को तेज किया जाएगा।
- **संघर्ष-प्रवण गेट्स की सूचीः** उन गेट्स की सूची तैयार की जाएगी जहां जनता का दबाव या कर्मचारियों के साथ दुर्व्यवहार की घटनाएं होती हैं। इन गेट्स पर रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और होम गार्ड की तैनाती सुनिश्चित की जाएगी।

रेल मंत्री ने इस अभियान को रेलवे की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण कदम बताते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन कार्रवाइयों को समयबद्ध और प्रभावी ढंग से लागू किया जाए। यह पहल रेल यात्रियों और सड़क उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा को और मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

## खबर संक्षेप




### अदाणी पावर ने 4000 करोड़ में किया विदर्भ पावर का अधिग्रहण

नई दिल्ली। अदाणी पावर लिमिटेड ने 4,000 करोड़ रुपये में दिवाला प्रक्रिया के जरिये 600 मेगावाट क्षमता वाली विदर्भ इंडस्ट्रीज पावर लिमिटेड का अधिग्रहण पूरा होने की घोषणा की। अदाणी पावर लिमिटेड (एपीएल) ने बयान में कहा कि 18 जून 2025 को राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण (एनसीएलटी) की मुंबई पीठ ने विदर्भ इंडस्ट्रीज पावर लिमिटेड (वीआईपीएल) के लिए उसकी समाधान योजना को मंजूरी दे दी है।

### रुपया छह पैसे की बढ़त के साथ 85.67 प्रति डॉलर

मुंबई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया बुधवार को छह पैसे की बढ़त के साथ 85.67 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि अमेरिका के साथ संभावित व्यापार समझौते को लेकर आशावाद एवं जवाबी शुल्क को कुछ और समय के लिए टालने के फैसले से घरेलू मुद्रा को बल मिला। हालांकि, विदेशी बाजारों में अमेरिकी डॉलर में मजबूती और कच्चे तेल के 70 डॉलर प्रति बैरल के आसपास बने रहने से रुपये का लाभ सीमित रहा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार मे रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.84 पर खुला।

### क्रिजैक का शेयर तय मूल्य से 15 फीसदी बढ़ सूचीबद्ध

नई दिल्ली। एजेंट एवं वैश्विक शिक्षण संस्थानों को जोड़ने वाले शिक्षण मंच क्रिजैक लिमिटेड का शेयर अपने निर्गम मूल्य 245 प्रतिशत से करीब 15 प्रतिशत बढ़त के साथ बुधवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर शेयर निर्गम मूल्य से 14.28 प्रतिशत की बढ़त के साथ 280 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। बाद में यह 20 प्रतिशत चढ़कर 294 रुपये पर पहुंच गया।

# डोनाल्ड ट्रंप यूं ही नहीं तिलमिलाए, 45 साल में डॉलर का हुआ सबसे बुरा हश्र

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप यूं ही नहीं तिलमिलाए हुए हैं। मौजूदा साल के पहले हाफ में डॉलर इंडेक्स में 45 साल में ही सबसे बड़ी गिरावट देखने को मिली है। साल 2025 के पहले 6 महीनों में डॉलर इंडेक्स में करीब 11 फीसदी की गिरावट देखने को मिली है। जानकारों की मानें तो 1980 के बाद किसी छमाही में डॉलर इंडेक्स का इतना बुरा हश्र देखने को मिला है। वहीं दूसरी ओर रुपए में भी इस दौरान गिरावट देखने को मिली है, लेकिन इतनी बड़ी नहीं जितनी बड़ी डॉलर में देखने को मिली है। अगर बात बुधवार की ही करें तो डॉलर के मुकाबले में रुपए में काफी उतार चढ़ाव देखने को मिला। सुबह के समय में रुपए में 20 पैसे से ज्यादा की गिरावट देखने को मिल रही थी। लेकिन कारोबारी सत्र के अंत तक रुपए में ना सिर्फ अपनी गिरावट को रिकवर किया, बल्कि बढ़त के साथ बंद हुआ।

## साल 2025 के पहले छह महीनों में डॉलर इंडेक्स में 11 फीसदी की गिरावट देखने मिली

### रुपए में 6 पैसे की बढ़त

करेंसी मार्केट में रुपया बुधवार को छह पैसे की बढ़त के साथ 85.67 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि अमेरिका के साथ संभावित व्यापार समझौते को लेकर आशावाद एवं जवाबी शुल्क को कुछ और समय के लिए टालने के फैसले से घरेलू मुद्रा को बल मिला। हालांकि, विदेशी बाजारों में अमेरिकी डॉलर में मजबूती और कच्चे तेल के 70 डॉलर प्रति बैरल के आसपास बने रहने से रुपये का लाभ सीमित रहा। इंटरबैंक फॉरेन करेंसी एक्सचेंज मार्केट में रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.84 पर खुला।





### गिरने के बाद कैसे संभला रुपया

एलकेपी सिक्योरिटीज के उपाध्यक्ष अनुसंधान विश्लेषक (कमोडिटी एंड करेंसी) जतिन त्रिवेदी ने कहा कि डॉलर के मुकाबले रुपया 85.90 के आसपास कमजोर खुला, लेकिन शुरुआती गिरावट के बाद थोड़ा संभला। व्यापार समझौते पर जारी बातचीत एवं शुल्क को और कुछ समय के टालने से थोड़ी राहत मिली। इससे रुपए को स्थिरता मिली तथा 86.00 के स्तर के आसपास और गिरावट को रोकने में मदद मिली। रुपए के 85.30 से 86.20 के दायरे में कारोबार करने के आसार हैं।

### डॉलर में 45 साल की सबसे बड़ी तबाही

वहीं दूसरी ओर डॉलर इंडेक्स बुधवार को फ्लैट कारोबार करते हुए 97 के लेवल पर दिखाई दिया हो, लेकिन साल के पहले हाफ में इसमें बीते 45 बरस की सबसे बड़ी तबाही देखने को मिली है। आंकड़ों को देखें तो साल के पहले हाफ में डॉलर में करीब 11 फीसदी की गिरावट देखी गई है, जो कि 1980 के बाद सबसे बड़ी 6 महीने की गिरावट है।

## वित्तीय शोध कंपनी वायसराय रिसर्च ने लगाए आरोप

# अमेरिकी कंपनी ने वेदांता को 'अस्थिर कर्ज पर टिका ताश का घर' बताया, समूह ने आरोपों को नकारा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली


अमेरिका की वित्तीय शोध कंपनी 'वायसराय रिसर्च' ने बुधवार को अरबपति अनिल अग्रवाल की अगुवाई वाली ब्रिटिश कंपनी वेदांता रिसोर्सेज को एक 'परजीवी' बताते हुए कहा कि यह अपनी भारतीय इकाई को 'व्यवस्थित रूप से खत्म' कर रही है। वेदांता समूह ने इन सभी आरोपों को 'चुनिंदा भ्रामक सूचनाओं पर आधारित और आधारहीन' बताते हुए कहा कि इसे समूह से संपर्क किए बगैर तैयार किया गया है। उसने कहा कि इसके पीछे मकसद समूह को बदनाम करने का है। इस अमेरिकी कंपनी ने भारतीय खनन कंपनी वेदांता लिमिटेड की ब्रिटेन स्थित मूल कंपनी वेदांता रिसोर्सेज के कर्ज के खिलाफ 'शॉर्ट पोजीशन' लेने की बात कही है।

**वेदांता ने सभी आरोपों को भ्रामक और आधारहीन बताया**

## शोध कंपनी ने वेदांता रिसोर्सेज को एक परजीवी बताया

### कंपनी का कोई महत्वपूर्ण परिचालन नहीं

उसने आरोप लगाया कि यह समूह 'अस्थिर कर्ज, लूटी गई संपत्तियों और लेखांकन संबंधी कपट की नींव पर बना ताश का घर है।' वायसराय रिसर्च ने अपनी रिपोर्ट में कहा, ''वीआरएल एक 'परजीवी' मूल कंपनी है जिसका अपना कोई महत्वपूर्ण परिचालन नहीं है, जो पूरी तरह से अपने मरते हुए 'मेजबान' वेदांता लिमिटेड (वीडीएल) से निकाली गई नकदी पर निर्भर है।''




### कर्ज कम करने नकदी भंडार खाली कर रही

रिपोर्ट में कहा गया है कि वेदांता रिसोर्सेज अपने कर्ज बोझ को कम करने के लिए वीईडीएल को व्यवस्थित रूप से खाली कर रही है, जिससे परिचालन कंपनी को लगातार बढ़ते ऋणभार को उठाने और अपने नकदी भंडार को समाप्त करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

### वीईडीएल ने तीन साल में 5.6 अरब डॉलर का दिया लाभांश

'वायसराय रिसर्च ने कहा कि पिछले तीन वर्षों में वीईडीएल को दिए गए लाभांश पर 5.6 अरब डॉलर की मुक्त नकदी प्रवाह की कमी का सामना करना पड़ा है जबकि वित्त वर्ष 2021-22 से इसका शुद्ध ऋण 6.7 अरब डॉलर (लगभग 200 प्रतिशत) बढ़ गया है। रिपोर्ट कहती है, ''वीईडीएल ने अपने नकदी भंडार को खत्म कर दिया है और उधारी जुटाने एवं कार्यशील पूंजी मदों के 'परिसमापन' की अपनी क्षमता भी गंवा दी है।''

### रिपोर्ट केवल झूठे प्रचार के मकसद से जारी

इसमें कहा गया, ''यह रिपोर्ट हमसे संपर्क का कोई प्रयास किए बगैर, केवल झूठे प्रचार के मकसद से जारी की गई है। इसमें सिर्फ पहले से ही सार्वजनिक रूप से उपलब्ध विभिन्न सूचनाओं का संकलन है, लेकिन इसे तैयार करने वालों ने बाजार की प्रतिक्रिया से फायदा उठाने के लिए संदर्भ को सनसनीखेज बनाने की कोशिश की है।''

### रिपोर्ट के बाद वेदांता का शेयर तीन फीसदी टूट

वेदांता लि. का शेयर बुधवार को तीन प्रतिशत से अधिक लुढ़क गया। अमेरिका की वित्तीय शोध कंपनी वायसराय रिसर्च की रिपोर्ट के बाद कंपनी का शेयर टूटा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि उद्योगपति अनिल अग्रवाल का खनन समूह 'वित्तीय रूप से नाजुक स्थिति' में है और उसे कर्ज देने वाले वित्तीय संस्थानों के लिए गंभीर जोखिम की स्थिति बन गयी है। वेदांता ने इन सभी आरोपों को 'भ्रामक सूचनाओं पर आधारित और आधारहीन' बताते हुए कहा कि इसके पीछे मकसद समूह को बदनाम करना है। बीएसई में कारोबार के दौरान यह शेयर 7.71 टूटकर 421 रुपये पर आ गया। बाद में, इसने अपनी अधिकांश खोई हुई स्थिति वापस पा ली और 3.38 प्रतिशत की गिरावट के साथ 440.80 रुपये पर बंद हुआ।

## कंपनियों के नतीजों से पहले निवेशक सतर्क

### निवेशकों के सतर्क रुख के बीच सेंसेक्स 176 अंक टूटा

*मुंबई। स्थानीय शेयर बाजार में बुधवार को गिरावट आई और आईटी और तेल एवं गैस शेयरों में बिकवाली से बीएसई सेंसेक्स 176 अंक के नुकसान में रहा। वैश्विक स्तर पर मिले-जुले रुख और कंपनियों के नतीजों से पहले निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया।तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 176.43 अंक यानी 0.21 प्रतिशत की गिरावट के साथ 83,536.08 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 330.23 अंक तक टूट गया था। निफ्टी भी 46.40 अंक यानी 0.18 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,476.10 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में एचसीएल टेक, टाटा स्टील, टेक महिंद्रा, रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स और आईसीआईसीआई बैंक प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनिलीवर, अल्ट्राटेक सीमेंट और पावर ग्रिड शामिल हैं। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''भारतीय शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांक सीमित दायरे में रहे...वैश्विक व्यापार तनाव और शुल्क के बावजूद, निवेशकों का ध्यान घरेलू कंपनियों के वित्तीय नतीजों और संरचनात्मक वृद्धि को प्रभावित करने वाले कारकों की ओर बढ़ रहा है। इसमें शहरी मांग में संभावित सुधार और बुनियादी ढांचे पर आधारित खर्च में तेजी शामिल हैं।''*

### सोना 700 और चांदी 800 रुपये टूटी

नई दिल्ली। कमजोर वैश्विक रुझानों के अनुरूप बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 700 रुपये गिरकर 98,420 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 99,120 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रही थी।वहीं, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 600 रुपये गिरकर 98,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गया। मंगलवार को यह 98,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। इसके अतिरिक्त, बुधवार को चांदी की कीमत 800 रुपये गिरकर 1,04,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गई।

**PAPER PUBLICATION**

Pro. No. 9729 Dt. 16-06-25 (U/o 5 Rule 20 CPC)

**SUMMONS TO DEFENDANT**

**IN THE COURT OF 25th Jt. CIVIL JUDGE SENIOR DIVISION, NAGPUR. Room No. 316**

**R.C.S.No. 1030/2020 Fixed For 21/07/2025**

Plaintiff : Vilas Mahadeo Bhagwate
-Versus-
Defendants: TNS India Private Limited
To,
TNS India Private Limited, C/o 7th Floor, Block 4-B DLF City, Phase III, MG Road, Gurgaon-122002.

Whereas plaintiff has instituted a suit against you **Suit For Declaration & Perpetual Injunction** to appear in this Court in person or by a pleader duly instructed and able to answer all material questions relating to the suit, or who shall be accompanied by some person, able to answer all such questions, on the **Dt. 21/07/2025, at 11-00 O'clock** in the forenoon, to answer the claim and further you are hereby directed to file on that day (or within 30 days from the date of service of this summons) a written statement of your defence and to produce on the said day all documents in your possession or power upon which you base your defence or claim for set-off or counter-claim, and where you rely on any other document whether in your possession or power or not, as evidence in support of your defence or claim for set-off or counter-claim, you shall enter such documents in a list to be annexed to the written statement. Take notice that in default of your appearance on the day before mentioned the suit will be heard and determined in your absence.

Given under my hand and the seal of the Court this day of **16th day of June, 2025.**

Seal — By order of the Court, Asstt. Supdt., Court of Civil Judge Sr.Dn., Nagpur

Prasanna Publicity 09326927622

# एनएसईएल के ब्रोकर के लिए 25 अगस्त से निपटान योजना शुरू

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बाजार नियामक सेबी ने बुधवार को कहा कि अब बंद हो चुके नेशनल स्पॉट एक्सचेंज लिमिटेड (एनएसईएल) मंच पर कारोबार करने वाले शेयर ब्रोकर के लिए 25 अगस्त से एक निपटान योजना की शुरुआत होगी। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने एक बयान में कहा कि यह निपटान योजना 25 फरवरी, 2026 को समाप्त होगी। इस योजना का उद्देश्य उन शेयर ब्रोकर को निपटान का अवसर मुहैया कराना है जिनके




खिलाफ सेबी ने एनएसईएल मंच पर कारोबार करने या कारोबार की सुविधा देने को लेकर आदेश पहले ही पारित किए हुए हैं और जो मामले फिलहाल किसी प्राधिकरण या मंच जैसे न्याय-निर्णय अधिकारी,

### चूककर्ता घोषित ब्रोकर ले पाएंगे हिस्सा

इसके अलावा शेयर बाजारों में चूककर्ता घोषित किए जा चुके ब्रोकर भी इसका हिस्सा नहीं होंगे। हितधारकों की सहायता के लिए सेबी 25 अगस्त, 2025 को अपनी वेबसाइट पर 'अक्सर पूछे जाने वाले सवालों' (एफएक्यू) का विवरण भी जारी करेगा। एनएसईएल मामला 2013 में जिंस एक्सचेंज मंच पर भुगतान चूक से संबंधित है।

प्रतिभूति अपीलीय न्यायाधिकरण या अदालतों के समक्ष लंबित हैं।

बाजार नियामक ने कहा, ''यह निपटान योजना केवल प्रतिभूति कानूनों से संबंधित उल्लंघनों के निपटान के लिए है। इसका उन मामलों से कोई लेना-देना नहीं है जिनकी जांच उनके अधिकार क्षेत्र में आने वाली अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा की जा रही है।'' इस योजना को चुनने से इन ब्रोकर को लंबित कार्यवाही के निपटान और उन्हें शीघ्र निष्कर्ष पर पहुंचाने का अवसर मिलेगा। हालांकि, सेबी ने स्पष्ट किया है कि इस योजना में वे ब्रोकर शामिल नहीं हैं जिनके नाम एनएसईएल मामले में आर्थिक अपराध शाखा, प्रवर्तन निदेशालय या अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा दायर आरोपपत्रों में हैं।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।


## राशिफल


**मेष** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार की सुख-सुविधाओं के लिए खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।


**वृष** — मन प्रसन्न तो रहेगा। परन्तु बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है।


**मिथुन** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।


**कर्क** — परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। भाइयों से मतभेद हो सकते हैं। क्रोध पर नियंत्रण रखें।


**सिंह** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी मित्र के सहयोग से सम्पत्ति में किया गया निवेश लाभप्रद रहेगा। मीठे खानपान में रुचि रहेगी।


**कन्या** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। कुटुम्ब की किसी बुजुर्ग महिला से धन मिल सकता है। लंबे समय से रुके हुए कार्य पूरे होंगे।


**तुला** — वाणी में मधुरता रहेगी। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। आय में वृद्धि होगी।


**वृश्चिक** — मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आयेगी। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी।


**धनु** — क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। कारोबार में किसी मित्र के सहयोग से लाभ में वृद्धि होगी।


**मकर** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें।


**कुंभ** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा। परन्तु आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। धार्मिक आयोजनों में हिस्सा लेंगे।


**मीन** — मन प्रसन्न रहेगा। कर्मक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

# टाटा ऑटोकॉम्प व स्कोडा भारत के लिए रेलवे कलपुर्जे बनाएगा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वाहन कलपुर्जा विनिर्माता कंपनी टाटा ऑटोकॉम्प और स्कोडा समूह ने भारत में रेलवे प्रणोदन प्रणाली और कलपुर्जे बनाने के लिए एक संयुक्त उद्यम के गठन की बुधवार को घोषणा की। इस उद्यम के तहत देश में करोड़ों यूरो का निवेश किया जाएगा। टाटा ऑटोकॉम्प ने बयान में कहा कि इस साझेदारी का उद्देश्य बढ़ते भारतीय रेलवे और परिवहन बाजारों को समर्थन देना है। बयान में कहा गया कि दोनों साझेदारों के संयुक्त स्वामित्व वाली नई कंपनी मध्यम उच्च गति एवं क्षेत्रीय ट्रेन, मेट्रो तथा हल्के रेल वाहनों के लिए कन्वर्टर्स, ड्राइव और सहायक कन्वर्टर्स के विनिर्माण पर ध्यान केंद्रित करेगी। टाटा ऑटोकॉम्प के वाइस चेयरमैन अरविंद गोयल ने कहा, '' स्कोडा समूह के साथ हमारा सहयोग अत्याधुनिक विद्युत प्रणोदन प्रणालियों एवं घटकों की शुरूआत को सक्षम करके भारतीय रेलवे व मेट्रो क्षेत्र में हमारी उपस्थिति को बढ़ाएगा।स्कोडा समूह के मुख्य कार्यपालक अधिकारी एवं निदेशक मंडल के चेयरमैन पेट्र नोवोत्नी ने कहा, '' टाटा ऑटोकॉम्प के साथ मिलकर हम भारत में उन्नत प्रौद्योगिकी एवं विशेषज्ञता ला रहे हैं, जो न केवल चेक गणराज्य में बल्कि अन्य यूरोपीय देशों में भी वर्ष के विकास तथा सिद्ध समाधानों का प्रमाण है।''

### तांबे पर 50 प्रतिशत शुल्क का भारत पर प्रभाव नहीं

*नई दिल्ली। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा तांबे पर प्रस्तावित 50 प्रतिशत आयात शुल्क का भारतीय कंपनियों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा क्योंकि देश में तांबे की कमी है। उद्योग जगत के एक विशेषज्ञ ने यह कहा है। इसके अलावा, कोयला एवं खान मंत्री जी किशन रेड्डी ने बुधवार को कहा कि भारत तांबे पर अमेरिकी शुल्कों के प्रभाव पर चर्चा करेगा। इंटरनेशनल कॉपर एसोसिएशन इंडिया के प्रबंध निदेशक मयूर करमरकर ने कहा, "भारत तांबे की कमी वाला देश है, और इसका निर्यात, वैसे भी, बहुत ज़्यादा नहीं है। कुल निर्यात में से, अमेरिका को होने वाला निर्यात लगभग 10,000 टन ही है।" उन्होंने कहा कि प्रस्तावित शुल्क का भारतीय कंपनियों पर कोई असर नहीं पड़ेगा।*

### भारत का नवीनीकरण ऊर्जा पर ध्यान

इसका कारण घरेलू मांग बहुत ज्यादा है, क्योंकि भारत नवीकरणीय ऊर्जा, इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) और कई अन्य तांबा-प्रधान क्षेत्रों पर जोर दे रहा है। ट्रंप ने इस्पात और एल्युमीनियम पर समान शुल्क लागू करने के बाद मंगलवार को तांबे पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा की। जी किशन रेड्डी द्वारा शुक्रवार को जारी एक दृष्टि-पत्र में 2047 तक तांबे की मांग में छह गुना वृद्धि का अनुमान लगाया गया है और 2030 तक सालाना 50 लाख टन प्रगलन और शोधन क्षमता जोड़ने की योजना की रूपरेखा प्रस्तुत की गई है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **विनय चतरा** पुत्र अमरजीत चतरा, निवासी- आरजेडक्यू 92, निहाल विहार, दिल्ली ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 1189/2022 धारा 33/38 आबकारी अधिनियम, थाना निहाल विहार, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **विनय चतरा** मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **विनय चतरा** फ़रार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **विनय चतरा, प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 1189/2022 धारा 33/38 आबकारी अधिनियम, थाना निहाल विहार, दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **11.08.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
**सुश्री कोमल गर्ग-एलडी**
न्यायिक मजिस्ट्रेट, प्रथम श्रेणी-03
कक्ष संख्या 292, पश्चिमी जिला
तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली


DP/8851/OD/2025

**हरियाणा सरकार — शुद्धिपत्र**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | पुराना संदर्भ / एनआईटी सं. | शुद्धिपत्र की प्रकृति | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/ सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचपीजीसीएल | NIT NO.PTP/POM-100811. SUB:-SUPPLY OF CW PUMP SPARESFOR250MWUNIT-8, PTPS,PANIPAT.(EVENT NO. 2025_HBC_450597_1) | प्रारम्भ तिथि 04.06.2025 अप. 6.00 बजे और अन्तिम तिथि 23.07.2025 अप. 1.00 बजे। | www.hpgcl.org.in | 0180-2566015 xenmp1.ptps@hpgcl.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/36413/I/88/7 दि. 09.07.25

## शब्द पहेली - 5923




**बाएँ से दाएँ**
1.आदत से मजबूर-4
5.एक वाद्य यंत्र (अंग्रेजी-4)
8.हवा,समीर-3
9.रुष्ट,गुस्सा होना-2
11.सफेद,श्वेत-3
12.हमेशा,सदैव-4
14.मस्तूल, नाव पर बांधा जाने वाला कपड़ा-2
15.सिर्फ,महज-3
17.अनाज का कण-2
19.आधुनिक,नया-5
22.एक प्रकार का मसाला, अजमोदा-5
25.सदैव-2
26.ध्वजा-3
27.अधिकार-2
28.असमकक्ष-4
30.चिलमन,नकाब-3
31.वायु रोग-2
33.नल,टोंटी-3
35.आवश्यकता-4
36.शमशीर-4

**ऊपर से नीचे**
2.राजनीतिक पार्टी-2
3.नीच,अपराधी-4
4.बिजली कौंधना-5
5.बंदर,मर्कट-3
6.जूं का अंडा-2
7.दक्षता,होशियारी-4
10.उपकार,दया भार-4
13.कुचलना,दबाना-3
16.आमदनी-3
17.मूल्य,कीमत-2
18.वाद्य यंत्र-2
20.बहादुरी-3
21.इस पर रोटी सेंकते हैं-2
22.नाज,नखरा-2
23.उत्तराधिकारी-3
24.आधुनिकता-4
25.झिझकना-5
26.हौसला, ताकत-4
28.शत्रुता,दुश्मनी-4
29.हूर,परी,अप्सरा (उर्दू-3)
32.पेड़,दरख्त-2
34.औषधि-2

### शब्द पहेली- 5922 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | सो | नि | या | गां | धी | | म | हा | न | ता |
| खा | ना | | प | | र | क्ष | क | | म | ल |
| ना | | म | न | सि | ज | | र | ग | | मे |
| ब | ला | त | | | वा | दा | | म | ह | ल |
| दो | | दा | | क | ला | | आ | | व | |
| श | य | न | क | क्ष | | दि | शा | ही | न | ता |
| | म | | प | | ह | ल | | न | | क |
| का | ज | ल | | शा | म | | | त | ह | त |
| म | | त | य | | व | फा | दा | र | | व |
| चो | र | | की | म | त | | म | | का | र |
| र | म | जा | न | | न | य | न | ज | ल | |



## खबर संक्षेप



### भारत के एंड्योरेंस साइकिलिस्ट जॉन ग्वाइट ने बनाया राष्ट्रीय रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** भारत के अल्ट्रा-एंड्योरेंस साइकिलिस्ट जॉन ग्वाइट ने दुनिया की सबसे चुनौतीपूर्ण स्पर्धाओं में से एक रेस अराउंड पोलैंड (आरएपी) में 10 दिनों से भी कम समय में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया है। ग्वाइट ने 3,600 किलोमीटर की दूरी 237 घंटे (नौ दिन, 21 घंटे) में पूरी करके 274 घंटे के पिछले भारतीय रिकॉर्ड को तोड़ा। इस स्पर्धा में 60 से ज्यादा अंतरराष्ट्रीय अल्ट्रा-साइकलिस्टों ने हिस्सा लिया। प्रतिभागियों ने अकेले और बिना किसी सहायता के प्रतिस्पर्धा की। कोई टीम कार और कोई बाहरी सहायता नहीं थी। आरएपी को यूरोप की सबसे कठिन अल्ट्रा-एंड्योरेंस साइकिलिंग स्पर्धाओं में से एक माना जाता है और यह 'रेस अक्रॉस अमेरिका' के लिए एक क्वालीफायर है।

### 29 अगस्त से शुरू होगा प्रो कबड्डी लीग

**मुंबई।** प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के आयोजकों ने बुधवार को घोषणा की कि इसका 12वां चरण 29 अगस्त से शुरू होगा। नए सत्र में मौजूदा चैंपियन हरियाणा स्टीलर्स अपने खिताब का बचाव करने की कोशिश करेगी। आयोजकों ने कहा, 'हाल में संपन्न नीलामी से सभी 12 फ्रेंचाइजी ने अपनी टीमों को मजबूत किया है और आगामी सत्र में कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिलेगी, जिससे दर्शकों का मनोरंजन होगा।' लीग के आयोजक ने कहा कि मैचों के लिए स्थलों और अन्य चीजों की घोषणा जल्द ही की जाएगी। लीग के 12वें सत्र की नीलामी 31 मई और एक जून को मुंबई में हुई, जिसमें रिकॉर्ड 10 खिलाड़ियों ने 1 करोड़ रुपए से अधिक के अनुबंध हासिल किए।

### 26 दिसंबर से शुरू होगा एसए20 , फाइनल 25 जनवरी को

**जोहानिसबर्ग।** एसए20 के आयोजकों ने बुधवार को कहा कि लीग के चौथे सत्र की शुरुआत 26 दिसंबर को न्यूलैंड्स में गत चैंपियन मुंबई इंडियंस केप टाउन और डरबन के सुपर जायंट्स के बीच 'बॉक्सिंग डे' मुकाबले के साथ होगी, जिसका फाइनल 25 जनवरी को होगा। फिर अगले दिन 27 दिसंबर को सत्र का पहला 'डबल-हेडर' (एक दिन में दो मुकाबले) होगा, जिसमें सेंचुरियन प्रिटोरिया कैपिटल्स और जोबर्ग सुपर किंग्स के बीच एक विशेष मुकाबले की मेजबानी करेगा जबकि पार्ल रॉयल्स और सनराइजर्स ईस्टर्न केप बोलैंड पार्क में भिड़ेंगे।

### मुक्केबाजी के राष्ट्रीय शिविर में निजी कोच को अनुमति नहीं



**नई दिल्ली।** भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) का कामकाज देख रही अंतरिम समिति ने बुधवार को आधिकारिक राष्ट्रीय शिविरों में निजी कोच और सहायक कर्मचारियों को अनुमति नहीं देने की लंबे समय से चली आ रही अपनी नीति को दोबारा लागू किया। भारतीय पुरुष और महिला मुक्केबाजों ने हाल में उल्लेखनीय प्रगति दिखाई है। भारत ने ब्राजील में विश्व मुक्केबाजी कप में छह पदक और इस साल की शुरुआत में अस्ताना में महिला वर्ग में तीन स्वर्ण सहित रिकॉर्ड 11 पदक जीते।

# आईसीसी बल्लेबाजी रैंकिंग : कैरियर की सर्वश्रेष्ठ टेस्ट रैंकिंग पर पहुंचे गिल

## शुभमन 23वें स्थान से 15 पायदान की छलांग लगाकर सर्वश्रेष्ठ छठी रैंकिंग पर पहुंचे

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारतीय कप्तान शुभमन गिल एजबेस्टन में इंग्लैंड के खिलाफ रिकॉर्ड प्रदर्शन के बाद अपने करियर में पहली बार बुधवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) पुरुष टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष 10 में शामिल हो गए।

गिल ने मैच में 269 और 161 रन की पारी खेली थी, जिससे वह टेस्ट की दोनों पारियों में 150 से अधिक रन बनाने वाले इतिहास के दूसरे खिलाड़ी बन गए। इस प्रदर्शन से भारत ने इंग्लैंड को 336 रन से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला 1-1 से बराबर कर ली। भारतीय टेस्ट कप्तान के रूप में यह उनकी पहली जीत भी थी। श्रृंखला से पहले 24 वर्षीय शुभमन 23वें स्थान पर थे और बुधवार को जारी आईसीसी की टेस्ट बल्लेबाजों की ताजा रैंकिंग में 15 पायदान की छलांग लगाकर अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ छठी रैंकिंग पर पहुंच गए।

एजबेस्टन में 430 रन से उन्होंने अभी तक दो टेस्ट में कुल 585 रन बना लिए हैं। अभी श्रृंखला में तीन मैच और खेले जाने हैं। गिल के करियर की पिछली सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग 14 थी जो उन्होंने सितंबर 2023 में हासिल की थी।

### वनडे में गिल बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर

वहीं वनडे में गिल बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर बने हुए हैं जबकि श्रीलंका के चरित असलंका (छठे स्थान पर) और कुसल मेंडिस (10 पायदान के फायदे से 10वें स्थान पर) ने बांग्लादेश पर 2-1 से श्रृंखला जीत के बाद छलांग लगाई है। श्रृंखला में नौ विकेट लेने के बाद वानिंदु हसरंगा एकदिवसीय गेंदबाजी रैंकिंग में 11 पायदान की छलांग लगाकर आठवें स्थान पर पहुंच गए। गेंदबाजों में जसप्रीत बुमराह भले ही कार्यभार प्रबंधन के कारण एजबेस्टन मैच में नहीं खेल पाए हो लेकिन इसके बावजूद टेस्ट क्रिकेट में शीर्ष पर बने हुए हैं। मोहम्मद सिराज अच्छे प्रदर्शन के बाद छह पायदान चढ़कर 22वें स्थान पर पहुंच गए जबकि वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज शमर जोसेफ और अल्जारी जोसेफ को भी फायदा मिला है। इंग्लैंड के हैरी ब्रुक ने एजबेस्टन में पहली पारी में 158 रन बनाकर टेस्ट बल्लेबाजों की रैंकिंग में फिर से नंबर एक स्थान हासिल कर लिया है। जो रूट दूसरे स्थान पर खिसक गए हैं जबकि न्यूजीलैंड के केन विलियमसन तीसरे स्थान पर हैं।



### जायसवाल चौथे और स्मिथ पांचवें स्थान पर

भारत के यशस्वी जायसवाल चौथे और ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ पांचवें स्थान पर हैं। गिल अब ब्रुक से केवल 79 रेटिंग अंक पीछे हैं। इंग्लैंड के विकेटकीपर जेमी स्मिथ ने भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट में नाबाद 184 और 88 रन बनाने के बाद 16 पायदान के फायदे से करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग (10वां स्थान) हासिल की और शीर्ष 10 में जगह बनाई। दक्षिण अफ्रीका के वियान मुल्डर जिम्बाब्वे के खिलाफ नाबाद 367 रन की पारी की बदौलत 34 पायदान चढ़कर 22वें स्थान पर पहुंच गए। मुल्डर टेस्ट ऑलराउंडर सूची में भी तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं जबकि भारत के रविंद्र जडेजा अब भी शीर्ष पर बने हुए हैं।

**इंग्लैंड ने लीड्स में पहला टेस्ट और भारत ने बर्मिंघम में दूसरा टेस्ट मैच जीता, 5 मैच की सीरीज बराबरी पर**

## बुमराह की वापसी से मेजबान टीम के बल्लेबाजों का होगा इम्तेहान

# लॉर्ड्स की चुनौतीपूर्ण पिच पर होगी बल्लेबाजों की कड़ी परीक्षा

**मैच भारतीय समयानुसार आज दोपहर 3:30 पर शुरू होगा**

एजेंसी ▶▶| लंदन

शानदार फॉर्म में चल रहे भारतीय बल्लेबाजों को इंग्लैंड के खिलाफ गुरुवार से शुरू होने वाले तीसरे टेस्ट क्रिकेट मैच में लॉर्ड्स की चुनौती पूर्ण पिच पर सफलता हासिल करने के लिए खुद को अच्छी तरह से तैयार करना होगा जबकि जसप्रीत बुमराह की वापसी से मेजबान टीम के बल्लेबाजों की भी कड़ी परीक्षा होगी।

इंग्लैंड ने लीड्स में पहला टेस्ट जबकि भारत ने बर्मिंघम में दूसरा टेस्ट मैच जीता था और इस तरह से पांच मैच की सीरीज अभी बराबरी पर है। भारत की दूसरे मैच में 336 रन से जीत के बाद हालांकि समीकरण काफी बदल गए हैं। भारत ने अभी तक दोनों मैच में अधिकतर समय अपना दबदबा बनाए रखा है और अगर उसने पहले टेस्ट मैच में कुछ कैच नहीं छोड़े होते और निचले क्रम के बल्लेबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया होता तो वह सीरीज में 2-0 से आगे होता।

### शर्मा और कोहली की नहीं खली कमी

नए कप्तान शुभमन गिल के नेतृत्व में भारतीय टीम की अनुभवहीनता को देखते हुए लग रहा था कि इंग्लैंड की टीम उस पर हावी रहेगी लेकिन अभी तक जिस तरह से भारत ने प्रदर्शन किया है उसे देखते हुए उसे रोहित शर्मा और विराट कोहली की कमी नहीं खली, जिन्होंने इस सीरीज से पहले टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। इससे भारत की मजबूत बेंच स्ट्रेंथ का भी पता चलता है। गिल एंड कंपनी के बनाए गए रनों के पहाड़ ने बेन स्टोक्स की सपाट पिच तैयार करके विपक्षी टीम को मुकाबले से बाहर करने की रणनीति पर फिर से विचार करने के लिए मजबूर कर दिया। सपाट पिचों पर भारतीय बल्लेबाजों की जबरदस्त सफलता मेजबान टीम के लिए नुकसानदेह साबित हुई है। अब उन्हें ऐसे विकेट पर खेलना पड़ सकता है, जिस पर अच्छी सीम मूवमेंट की उम्मीद की जा रही है।



### संभावित टीम

**भारत :** शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (उपकप्तान और विकेटकीपर), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, नितीश रेड्डी, रवींद्र जड़ेजा, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव।

### लॉर्ड्स में ऊपर-नीचे जाने वाली ढलान की अनोखी चुनौती

इसके अलावा, प्रतिष्ठित लॉर्ड्स में ऊपर-नीचे जाने वाली ढलान की अनोखी चुनौती भी है। बुमराह और जोफ्रा आर्चर की वापसी से बल्लेबाजों का काम और कठिन हो जाएगा। आर्चर चार साल में इंग्लैंड के लिए अपना पहला टेस्ट खेलने के लिए तैयार हैं।बल्लेबाजी विभाग में भारतीय टीम के लिए ज़्यादा चिंता की कोई बात नहीं है, सिवाय करुण नायर के फॉर्म के, जो लेंथ से उछलती गेंदों के सामने थोड़े असहज दिखे हैं। इंग्लैंड यशस्वी जायसवाल की शॉर्ट पिच गेंदों से परीक्षा लेने की कोशिश करेगा लेकिन पूरी संभावना है कि भारतीय सलामी बल्लेबाज रन बनाने का कोई न कोई तरीका निकाल ही लेगा।

### इंग्लैंड ने किया टीम में बदलाव टंग की जगह अब खेलेंगे आर्चर

स्टार तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर 2021 के बाद से अपने पहले टेस्ट मैच में खेलने के लिए तैयार हैं क्योंकि इंग्लैंड ने उन्हें भारत के खिलाफ गुरुवार से शुरू होने वाले तीसरे मैच के लिए अपनी अंतिम एकादश में शामिल किया है। पांच मैचों की श्रृंखला इस समय 1-1 से बराबर है और तीसरे टेस्ट से पहले इंग्लैंड ने आर्चर को टीम में शामिल करके अपने गेंदबाजी आक्रमण को मजबूत करने की कोशिश की है। वह टीम में जोश टंग की जगह लेंगे। इंग्लैंड की पुरुष टीम ने लॉर्ड्स में भारत के खिलाफ शुरू हो रहे तीसरे टेस्ट के लिए अपनी एकादश में एकमात्र यही बदलाव किया है।

### *इंग्लैंड की अंतिम एकादश*

*जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रुक, बेन स्टोक्स (कप्तान), जेमी स्मिथ (विकेट कीपर), क्रिस वोक्स, ब्रायडन कार्स, जोफ्रा आर्चर, शोएब बशीर।*

**आयरलैंड को 6-1 से दी मात**

# हॉकी : भारत ने जीत के साथ की यूरोप दौरे की शुरुआत

एजेंसी ▶▶| आइंडहोवन(नीदरलैंड)

भारत ए पुरुष हॉकी टीम ने हॉकी क्लब ओरांजे-रूड में आयरलैंड को 6-1 से हराकर अपने यूरोपीय दौरे की शानदार शुरुआत की।

भारतीय टीम की तरफ से उत्तम सिंह, अमनदीप लाकड़ा, आदित्य लालगे, सेल्वम कार्थी और बॉबी सिंह धामी ने गोल किए। भारत ने मैच में शुरू से लेकर आखिर तक दबदबा बनाए रखा और आयरलैंड को वापसी का कोई मौका नहीं दिया। उत्तम ने भारतीय टीम के लिए पहला गोल किया और बाद में अमनदीप ने टीम की बढ़त को और मजबूत कर दिया। इसके बाद आदित्य ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए लगातार दो गोल दागकर भारत को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया।

फॉरवर्ड सेल्वम कार्ति और बॉबी सिंह धामी ने भी एक-एक गोल करके स्कोरशीट में अपना नाम दर्ज कराया। भारतीय रक्षा पंक्ति ने भी अच्छा खेल दिखाया और आयरलैंड के प्रयासों को अच्छी तरह से नाकाम किया। आयरलैंड की टीम केवल एक गोल ही कर पाई। भारत अब फिर से आयरलैंड का सामना करेगा। इसके बाद वह अगले दो सप्ताह में फ्रांस, इंग्लैंड, बेल्जियम और मेज़बान नीदरलैंड के खिलाफ खेलेगा।



■ आदित्य ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए लगातार दो गोल दागे

### दबाव में घबरा गए मुल्डर, गंवा दिया 400 रन बनाने का मौका : गेल



**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज के बल्लेबाज क्रिस गेल ने दक्षिण अफ्रीका के कार्यवाहक कप्तान वियान मुल्डर की ब्रायन लारा के नाबाद 400 रन के विश्व रिकॉर्ड टेस्ट स्कोर के करीब पहुंचने के बावजूद पारी घोषित करने के लिए आलोचना करते हुए कहा कि 'वह घबरा गए और गलती कर बैठे। मुल्डर जब 367 रन पर खेल रहे थे और लारा के सर्वोच्च व्यक्तिगत टेस्ट स्कोर के रिकॉर्ड को तोड़ने से सिर्फ 34 रन पीछे थे ।

# क्लब विश्व कप : चेल्सी ने फ्लूमिनेंस को हराकर बनाई फाइनल में जगह

■ फाइनल रविवार को खेला जाएगा



एजेंसी ▶▶| ईस्ट रदरफोर्ड (अमेरिका)

■ जोआओ पेड्रो के शानदार दो गोल से चेल्सी ने किया फाइनल में प्रवेश

जोआओ पेड्रो ने चेल्सी के लिए पहली बार शुरुआत करते हुए अपनी बचपन की टीम के खिलाफ दो गोल दागे, जिससे इंग्लैंड के क्लब ने ब्राजील के क्लब फ्लूमिनेंस को 2-0 से हराकर क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। चेल्सी की इस जीत से यह भी सुनिश्चित हो गया कि क्लब विश्व कप का विजेता फिर से यूरोप का ही कोई क्लब बनेगा क्योंकि दूसरा सेमीफाइनल फ्रांस के पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) और स्पेन के रियाल मैड्रिड के बीच खेला जाएगा।

### चेल्सी की निगाह दूसरी बार विश्व चैंपियन बनने पर

जोआओ पेड्रो जब 10 साल के थे तब फ्लुमिनेंस से जुड़ गए थे और 2020 में वाटफोर्ड जाने तक वह इस क्लब की तरफ से खेलते रहे। इस 23 वर्षीय खिलाड़ी ने क्लब विश्व कप के पहले सेमीफाइनल में 18वें और 56वें मिनट में गोल किए और अपने पूर्व क्लब के प्रति सम्मान दर्शाते हुए किसी भी गोल का जश्न मनाने से इनकार कर दिया। वह दो जुलाई को ब्राइटन से चेल्सी में शामिल हुए थे। चेल्सी की निगाह अब दूसरी बार विश्व चैंपियन बनने पर लगी होगी। उसने इससे पहले 2021 में खिताब जीता था। फाइनल रविवार को खेला जाना है। यूरोपीय टीमें अपना लगातार 12वां और 18 प्रयासों में 17वां खिताब जीतेंगी। एकमात्र अपवाद 2012 में ब्राजील के कोरिंथियंस की चेल्सी पर जीत है।

## विंबलडन...



**लंदन।** अमेरिका की अमांडा अनिसिमोवा अपने भतीजे जैक्सन के साथ लंदन में विंबलडन टेनिस चैंपियनशिप में रूस की अनास्तासिया पाव्लुचेनकोवा के खिलाफ महिला एकल क्वार्टर फाइनल मैच जीतने का जश्न मनाती हुई।



### आईपीएल में इस्तेमाल किए गए साल्ट के बल्ले को मिली मंजूरी

**लंदन।** इंग्लैंड के सीमित ओवरों के सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट इंडियन प्रीमियर लीग सहित पिछले दो वर्षों से जिस बल्ले का उपयोग कर रहे थे उसे शुरू में मैदान पर गेज परीक्षण में गलत पाया गया था, लेकिन बाद में आगे की जांच के बाद इसे मंजूरी दे दी गई। इंग्लिश काउंटी क्रिकेट में लंकाशर की तरफ से खेलने वाले 28 वर्षीय साल्ट ने इस साल की शुरुआत में रॉयल चैलेंजर बेंगलुरु की पहली आईपीएल खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाई थी। आईपीएल 2025 में 13 मैचों में 403 रन बनाए थे, जो विराट कोहली (15 मैचों में 657) के बाद उनकी टीम के लिए दूसरे सबसे ज़्यादा रन थे।

# टेस्ट क्रिकेट से संन्यास पर कोहली ने कहा, जब आप हर चार दिन में दाढ़ी रंगते हैं तो समय आ गया है

एजेंसी ▶▶| लंदन

भारतीय स्टार विराट कोहली ने लंदन में युवराज सिंह के 'फंडरेजर' कार्यक्रम में अपने टेस्ट करियर के संन्यास के बारे में बात करते हुए खूब हंसी मजाक किया और कहा कि 'जब आप हर चार दिन में दाढ़ी रंगते हैं तो मतलब है कि समय आ गया है'।

कोहली अब लंदन में रहते हैं। वह हाल में विंबलडन टेनिस ग्रैंडस्लैम में दिखाई दिए, जिसमें वह भूरे रंग के सूट में काफी स्टाइलिश लग रहे थे। इसके बाद वह तुरंत 'यूवीकैन' कैंसर फंडरेजर (धनराशि जुटाना) कार्यक्रम में पहुंच गए। भारतीय टीम भी इस कार्यक्रम में मौजूद थी और कार्यक्रम के प्रस्तुतकर्ता ने कोहली के टीम का हिस्सा नहीं होने का जिक्र क्योंकि उन्होंने इंग्लैंड दौरे से पहले संन्यास की घोषणा कर दी थी। प्रस्तुतकर्ता गौरव कपूर ने कहा, 'मैदान पर हमें आपकी कमी खलती है।'



### कोहली टेस्ट टीम को नई ऊंचाइयों पर ले गए


रवि शास्त्री, क्रिस गेल, केविन पीटरसन और युवराज तब कोहली के बगल में खड़े थे और इस भारतीय सुपरस्टार ने कुछ देर रुककर जवाब दिया, 'मैंने अभी दो दिन पहले ही अपनी दाढ़ी रंगी है। आपको पता है कि जब आप हर चार दिन में अपनी दाढ़ी रंगते हैं तो यह आराम करने का समय होता है।' कोहली इस 'फंडरेजर' कार्यक्रम के बीच में आए लेकिन स्पष्ट रूप से 'शोस्टॉपर' रहे। उन्होंने शास्त्री के साथ अपने रिश्ते के बारे में भी बात की जो उस समय मुख्य कोच थे जब कोहली टेस्ट टीम को नई ऊंचाइयों पर ले गए थे। कोहली ने कहा, 'सच कहूं तो अगर मैं तब उनके साथ नहीं होता तो टेस्ट क्रिकेट में जो हुआ वो मुमकिन नहीं हो पाता। हमारे बीच जो स्पष्टता थी वो ढूंढ पाना बहुत मुश्किल है। क्रिकेटरों के करियर में आगे बढ़ने के लिए यही सब कुछ होता है।'

### डोप टेस्ट में विफल होने पर गोला फेंक खिलाड़ी जैस्मिन अस्थायी रूप से निलंबित

**नई दिल्ली (भाषा)।** राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने भारतीय गोला फेंक खिलाड़ी जैस्मिन कौर को डोप परीक्षण में विफल होने के कारण अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है। यह जानकारी अस्थायी निलंबन के तहत रखे गए खिलाड़ियों की नवीनतम सूची से मिली है। इस साल की शुरुआत में देहरादून में हुए राष्ट्रीय खेलों में 15.97 मीटर के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ स्वर्ण पदक जीतने वाली 22 वर्षीय जैस्मिन का टरबुटेलाइन के लिए परीक्षण पॉजिटिव आया है जो आमतौर पर खांसी की दवाई में पाया जाता है। पंजाब की इस खिलाड़ी ने पिछले साल अंतर विश्वविद्यालय खेलों में 14.75 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ दूसरा स्थान भी हासिल किया था। इस बीच अंडर-20 विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता पहलवान नितिका पर चार साल का प्रतिबंध लगाया गया है जो पिछले साल 28 मई से प्रभावी है।

### *तीरंदाजी विश्व कप*
### भारतीय महिला कंपाउंड टीम फाइनल में, पुरुष टीम क्वार्टर फाइनल में बाहर

**मैड्रिड (भाषा)।** कंपाउंड महिला टीम के बुधवार को यहां फाइनल में पहुंचने से तीरंदाजी विश्व कप के चौथे चरण में भारत का कम से कम एक पदक पक्का हो गया जबकि पुरुष टीम क्वार्टर फाइनल में हार गई। शीर्ष वरीयता प्राप्त ज्योति सुरेखा वेन्नम, परनीत कौर और पदार्पण कर रही 16 वर्षीय पृथिका की महिला तिकड़ी ने सेमीफाइनल में इंडोनेशिया को 230-226 से हराकर शानदार प्रदर्शन किया। अब शनिवार को स्वर्ण पदक के लिए उनका सामना 10वीं वरीयता प्राप्त चीनी ताइपे से होगा। इससे पहले इस तिकड़ी ने क्वार्टर फाइनल में अल सल्वाडोर को 235-226 से हराया था। हालांकि ऋषभ यादव, प्रथमेश फुगे और अमन सैनी की पुरुष कंपाउंड टीम एक अंक से चूक गई और क्वार्टर फाइनल में मैक्सिको से 233-234 से हार गई। क्वालीफिकेशन में शीर्ष पर रहे भारतीयों ने अच्छी शुरुआत की, लेकिन दूसरे राउंड में पिछड़ गए और वापसी नहीं कर सके।




## अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर किसान बने ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला

# प्रयोग के तहत उगा रहे साथ ले गए मेथी और मूंग के बीज

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर अपने 14 दिवसीय प्रवास के 12 दिन पूरे कर चुके हैं। इन 10 दिनों में उन्होंने कई प्रयोग किए। प्रयोगों के क्रम में उन्होंने किसान की भी भूमिका निभाई। उन्होंने अपने साथ ले गए मेथी और मूंग के बीजों का अंकुरण किया। आईएसएस में स्प्राउट्स प्रोजेक्ट को सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण अंकुरण और पौधों के शुरुआती विकास और उन पर पड़ने वाले असर का अध्ययन करने के लिए अंजाम दिया जा रहा है।

बता दें कि पृथ्वी पर स्प्राउट्स प्रोजेक्ट का नेतृत्व कृषि विज्ञान विश्वविद्यालय, धारवाड़ के रविकुमार होसामणि और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, धारवाड़ के सुधीर सिद्धपुरेड्डी कर रहे हैं। एक्सिओम स्पेस की ओर से इस शोध को लेकर जारी बयान में कहा गया है कि पृथ्वी पर वापस आने के बाद इन बीजों को कई पीढ़ियों तक उगाया जाएगा। जिससे कि उनके आनुवंशिकी, सूक्ष्मजीवी पारिस्थितिकी तंत्र और पोषण प्रोफाइल में होने वाले परिवर्तनों की जांच की जा सके।


'स्प्राउट्स प्रोजेक्ट' में पौधों के अंकुरण शुरुआती विकास का अध्ययन किया

### गर्व है इसरो दुनियाभर के संस्थानों के साथ मिलकर काम कर रहा

अपने प्रयोगों को लेकर शुभांशु ने एक्सिओम स्पेस की मुख्य वैज्ञानिक डॉ. लूसी लोव से बात की। इस बातचीत में भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुक्ला ने उनके द्वारा किए जा रहे वैज्ञानिक प्रयोगों की जानकारी दी और बोले की वे बेहद व्यस्त हैं। शुभांशु शुक्ला ने कहा कि 'जब से हम यहां आए हैं, तब से ही काफी व्यस्त हैं। हम अंतरिक्ष स्टेशन पर बहुत सारे प्रयोग कर रहे हैं, जिन्हें लेकर मैं बेहद उत्साहित हूं। इस मिशन से माइक्रोग्रैविटी के लिए रास्ते खुलेंगे और इससे भारतीय वैज्ञानिकों के लिए नई राह खुलेगी। मुझे बेहद गर्व है कि इसरो दुनियाभर के संस्थानों के साथ मिलकर काम कर रहा है।

स्टेम सेल की स्टडी

### कई और वैज्ञानिक प्रयोग कर रहे शुभांशु

शुभांशु ने बताया कि वह कई वैज्ञानिक प्रयोग कर रहे हैं, जिनमें स्टेम सेल का अध्ययन, माइक्रोग्रैविटी में बीजों का विकास, अंतरिक्ष में मस्तिष्क पर पड़ने वाला असर आदि प्रयोग शामिल हैं। शुभांशु ने कहा कि वे स्टेम सेल के अध्ययन वाले प्रयोग को लेकर बेहद उत्साहित हैं। क्या सप्लीमेंट्स लेने से चोट की रिकवरी तेज होती है या नहीं। भारतीय अंतरिक्ष यात्री ने कहा कि वैज्ञानिकों और अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन के बीच पुल बनना मेरे लिए गर्व की बात है।

## खबर संक्षेप

### 26 साल से फरार चल रही मोनिका गिरफ्तार



**वॉशिंगटन।** सीबीआई ने कथित आर्थिक अपराधी मोनिका कपूर को अमेरिका से हिरासत में ले लिया है। 26 साल से फरार चल रही मोनिका को सीबीआई की टीम भारत लाएगी। न्यूयॉर्क स्थित यूनाइटेड स्टेट्स डिस्ट्रिक्ट कोर्ट (ईस्टर्न डिस्ट्रिक्ट) ने भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय प्रत्यर्पण संधि के तहत उनके प्रत्यर्पण को मंजूरी दी थी। मोनिका कपूर 1999 में कथित धोखाधड़ी के बाद अमेरिका भाग गई थी। इससे भारतीय राजस्व को लगभग 5.7 करोड़ रुपए) से अधिक का नुकसान हुआ था। भारत ने अक्तूबर 2010 में प्रत्यर्पण मांगा।

### लिंडा ने सीईओ पद से दिया इस्तीफा



**नई दिल्ली।** एलन मस्क की सोशल मीडिया कंपनी एक्स की सीईओ लिंडा याकारिनो ने अपने पद से इस्तीफा देने का ऐलान किया है। उन्होंने यह फैसला उस समय लिया जब कंपनी कई चुनौतियों से जूझ रही है। अपने दो साल के कार्यकाल को उन्होंने अद्भुत बताया और कहा कि उन्हें टीम की उपलब्धियों पर गर्व है। याकारिनो ने कहा कि एक्स टीम पर मुझे बेहद गर्व है हमने मिलकर जो ऐतिहासिक बदलाव किया है वह वाकई काबिले तारीफ है। याकरिनो का कार्यकाल छोटा जरूर रहा लेकिन बेहद चुनौतीपूर्ण और चर्चित रहा।

## वायुसेना ने दिए घटना की जांच के आदेश

**इस साल जगुआर विमान से जुड़ी हुई तीसरी दुर्घटना है**

# राजस्थान में दुर्घटनाग्रस्त हुआ जगुआर विमान, दोनों पायलटों की हुई मौत

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय वायुसेना का एक जगुआर ट्रेनर लड़ाकू विमान बुधवार दोपहर 1 बजकर 25 मिनट पर राजस्थान के चूरू में भनोडा गांव के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जिसमें सवार दोनों पायलटों की मौत हो गई है। वायुसेना ने घटना से जुड़े हुए असल कारणों का पता लगाने के लिए जांच यानी कोर्ट ऑफ इंक्वायरी (सीओआई) के आदेश दे दिए हैं। हादसे से पहले यह विमान राज्य के सूरतगढ़ एयरबेस से अपनी नियमित उड़ान के मिशन पर था। यह जानकारी वायुसेना ने एक्स पर एक पोस्ट के जरिए दी।

जिसमें बताया कि वायुसेना का एक दो सीटों वाला जगुआर ट्रेनर लड़ाकू विमान 9 जुलाई को राजस्थान के चूरू के पास अपने एक नियमित प्रशिक्षण मिशन के दौरान दुर्घटना का शिकार हो गया। हादसे में दोनों पायलटों की मृत्यु हो गई है। जबकि जानमाल को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। पायलटों की मौत पर वायुसेना ने दुख जताते हुए शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी शोक संवेदनाएं प्रकट की हैं। साथ ही इस दुर्घटना से जुड़े कारणों का पता लगाने के लिए जांच के आदेश दे दिए हैं।



### 2025 में जगुआर की तीसरी दुर्घटना

गौरतलब है कि इस साल 2025 में जगुआर लड़ाकू विमान से जुड़ा हुआ यह तीसरा हादसा है। पहली घटना 7 मार्च-2025 को हरियाणा के पंचकूला में हुई थी। जिसमें पायलट के सुरक्षित ढंग से विमान से बाहर निकलने में कामयाब होने की वजह से उसकी जान बच गई थी। विमान ने वायुसेना के अंबाला एयरबेस से उड़ान भरी थी। दूसरी घटना जगुआर विमान के रात्रि अभियान से जुड़ी हुई है और यह गुजरात के जामनगर के पास सुवर्दा गांव में 2 अप्रैल 2025 को हुई थी। उस दौरान जगुआर विमान में सवार दो में से एक पायलट की मौत हो गई थी। जबकि दूसरा विमान से सुरक्षित बाहर निकलने में सफल रहा। जगुआर वायुसेना का दो इंजन के साथ ही एक और दो सीटों वाला लड़ाकू विमान है। भारत ने फ्रांस से इनकी खरीद की और वायुसेना में वर्ष 1979 में इन्हें तैनात किया गया था। जगुआर नियमित निगरानी से लेकर बमबारी अभियानों को सफलतापूर्वक अंजाम देने में सक्षम है। दशकों से यह लड़ाकू विमान वायुसेना का हिस्सा हैं और देश की सीमाओं की निगरानी की जिम्मेदारी को बखूबी निभा रहे हैं। हालांकि इनके सेवाकाल की अवधि काफी लंबी हो चुकी है। लेकिन वायुसेना ने इन विमानों का अपग्रेडेशन भी किया है।

### वायुसेना के पास 120 जगुआर विमान

वायुसेना के पास जगुआर लड़ाकू विमानों की कुल करीब 6 स्क्वाड्रन हैं। जिनमें 120 लड़ाकू विमान देश की अलग-अलग सीमाओं की सुरक्षा में रणनीतिक रूप से तैनात हैं। वायुसेना की लड़ाकू विमानों की एक स्क्वाड्रन में कुल 16 से 18 लड़ाकू विमान होते हैं। जिनमें से 16 रणनीतिक रूप से तैनात होते हैं और बाकी बचे हुए 2 विमान आपात परिस्थिति के लिए स्टैंडबाय पर रखे जाते हैं।

### सीएम ने प्रकट की शोक संवेदनाएं

घटना को लेकर राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दुख के साथ अपनी शोक संवेदनाएं प्रकट की हैं। उन्होंने एक्स पोस्ट में लिखा, चूरू के रतनगढ़ क्षेत्र में भारतीय वायुसेना के जगुआर विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने का दुखद समाचार प्राप्त हुआ। हादसे के बाद से प्रशासन अलर्ट मोड पर है। राहत और बचाव कार्य के लिए अधिकारियों को निर्देश दे दिए गए हैं।

ईश्वर दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान दे और शोकाकुल परिजनों को यह असीम दुःख सहन करने की शक्ति दें। राजस्थान के गवर्नर हरिभाऊ किशनराव बगाडे ने भी हादसे पर दुख जताया है। वहीं, राजलदेसर के एसएचओ कमलेश ने बताया कि वायुसेना का एक लड़ाकू विमान दोपहर करीब 1 बजकर 25 मिनट पर भनोडा गांव के एक खेत में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जिसके बाद उसके आस-पास मानव शरीर के अवशेष गिरे मिले। स्थानीय लोगों के साथ राजलदेसर और रतनगढ़ की पुलिस, फायर ब्रिगेड अधिकारी और एंबुलेंस भी तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। इलाके की घेराबंदी कर दी गई है। प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि दुर्घटनाग्रस्त होने से पहले विमान का हवा में संतुलन बिगड़ते हुए देखा गया और उसके बाद वह आग का गोला बनकर तेजी से नीचे गिरा।

## ... फिर बेनकाब हुआ पाकिस्तान





# लश्कर आतंकी को लेकर झूठ बोल गईं पूर्व विदेश मंत्री हिना रब्बानी

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

पाकिस्तान आतंकियों की पनाहगाह है, ये बात पूरी दुनिया जानती होगी, लेकिन पाकिस्तान की सरकार और वहां के नेता अभी भी इसे मानने को तैयार नहीं हैं और लगातार इससे इनकार करते आए हैं। अब एक बार फिर पाकिस्तान बेनकाब हो गया है। पाकिस्तान की पूर्व विदेश मंत्री हिना रब्बानी खार एक इंटरव्यू के दौरान अपने ही बयान में फंस गईं और फिर कैमरे पर साफ झूठ बोलकर अपनी और अपने देश की फजीहत करा बैठीं। हिना रब्बानी खार ने दावा किया कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत के हवाई हमले में मारे गए आतंकियों के जनाजे की नमाज पढ़ने वाला लश्कर आतंकी अब्दुल रऊफ आतंकी नहीं बल्कि आम आदमी है।

### चेहरे का रंग उड़ गया

पत्रकार ने एक तस्वीर दिखाकर हिना से कहा कि जो व्यक्ति नमाज पढ़ रहा है, वह अमेरिका द्वारा घोषित आतंकी है। इस बारे में उनका क्या कहना है? इस पर हिना ने कहा कि मैं पूरे दावे और अधिकार से कह रही हूं कि तस्वीर में दिख रहा व्यक्ति अंतरराष्ट्रीय रूप से घोषित आतंकी अब्दुल रऊफ नहीं बल्कि पाकिस्तान का आम व्यक्ति है और ऐसे अब्दुल रऊफ पाकिस्तान में लाखों हैं। इस पर पत्रकार ने बताया कि पाक सेना ने खुद प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी और उस व्यक्ति को आतंकी बताया था। साथ ही पाकिस्तानी सेना ने तस्वीर में दिख रहे व्यक्ति की नेशनल आईडी भी साझा की थी, जो अमेरिका द्वारा घोषित आतंकी की नेशनल आईडी से मेल खाती है। इस पर हिना रब्बानी खार के चेहरे का रंग उड़ गया।

### तुर्की के विदेश और रक्षा मंत्री पहुंचे पाक

तुर्की के विदेश मंत्री हाकन फिदान और रक्षा मंत्री यासर गुलर पाकिस्तान के दौरे पर हैं। फिदान और गुलर बुधवार को इस्लामाबाद पहुंचे हैं। दोनों मंत्रियों की पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ और विदेश मंत्री मोहम्मद इशाक डार के अलावा सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर के साथ मुलाकात होनी है। तुर्की के दोनों नेता, पाकिस्तानी नेताओं और सैन्य अफसरों के साथ बैठक में अर्थव्यवस्था, व्यापार, सैन्य मामलों और रक्षा उद्योग जैसे क्षेत्रों में सहयोग पर बात करेंगे। दोनों देशों के नेता इस साल फरवरी में इस्लामाबाद में हुई उच्च-स्तरीय सामरिक सहयोग परिषद की बैठक की समीक्षा और अगले साल तुर्की में होने वाली अगली बैठक की तैयारी पर चर्चा करेंगे।

## यूपी के मुरादाबाद में हुआ था जन्म

# एप्पल के नए सीओओ बने भारतीय मूल के सबीह खान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एप्पल ने भारतीय मूल के सबीह खान को अपना नया चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर (सीओओ) नियुक्त किया है। वे जेफ विलियम्स की जगह लेंगे, जो इस साल के अंत में रिटायर हो रहे हैं। सबीह खान पिछले 30 साल से एप्पल में काम कर रहे हैं और वर्तमान में ऑपरेशंस के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट हैं। वे जेफ विलियम्स की जगह लेंगे, जो इस महीने के अंत में अपनी जिम्मेदारियां छोड़ देंगे। सबीह खान का जन्म 1966 में यूपी के मुरादाबाद में हुआ था। स्कूली दिनों में वे अपने परिवार के साथ सिंगापुर चले गए और बाद में अमेरिका आकर बस गए। उन्होंने टफ्ट्स यूनिवर्सिटी से अर्थशास्त्र और मैकेनिकल इंजीनियरिंग में डिग्री हासिल की और फिर आरपीआई से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में मास्टर्स किया।



**सप्लाई चेन के मास्टरमाइंड:** एप्पल के सीईओ टिम कुक ने सबीह खान को कंपनी की सप्लाई चेन का मास्टरमाइंड बताया है। उन्होंने कहा कि सबीह एक शानदार रणनीतिकार हैं, जिन्होंने एप्पल के उत्पादों को दुनिया भर में पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने नई मैन्युफैक्चरिंग तकनीकों को बढ़ावा दिया, अमेरिका में उत्पादन बढ़ाया और पर्यावरण संरक्षण के लिए एप्पल के कार्बन फुटप्रिंट को 60% तक कम किया। कुक ने जेफ विलियम्स को भी श्रेय दिया और कहा कि एप्पल की वैश्विक सफलता में उनका बहुत बड़ा योगदान रहा है।

## छह दिन में 1.11 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किए बाबा के दर्शन



**नई दिल्ली।** इस वर्ष अमरनाथ यात्रा के पहले छह दिनों में 1.11 लाख से अधिक श्रद्धालु पवित्र गुफा में बाबा बर्फानी के दर्शन कर चुके हैं। बुधवार को जम्मू के भगवती नगर यात्री निवास से 7,579 श्रद्धालुओं का नया जत्था कश्मीर की ओर रवाना हुआ। अधिकारियों ने बताया कि यात्रा की शुरुआत 3 जुलाई से हुई थी और तब से लेकर अब तक 1.11 लाख से ज्यादा यात्रियों ने दर्शन किए हैं। सुरक्षाबलों की निगरानी में दो अलग-अलग जत्थे रवाना किए गए। पहले जत्थे में 133 वाहन शामिल थे, जिनमें 3,031 यात्री थे, जो सुबह 3:25 बजे बालटाल बेस कैंप के लिए रवाना हुए। वहीं, दूसरे जत्थे में 169 वाहन और 4,548 यात्री थे, जो सुबह 3:40 बजे नुनवान (पहलगाम) बेस कैंप के लिए रवाना हुए। ऑन-द-स्पॉट रजिस्ट्रेशन कर रहे श्री अमरनाथजी श्राइन बोर्ड के अधिकारियों के मुताबिक जम्मू के भगवती नगर यात्री निवास से पहुंचने वालों के अलावा, कई श्रद्धालु सीधे बालटाल और नुनवान (पहलगाम) बेस कैंप पर जाकर ऑन-द-स्पॉट रजिस्ट्रेशन कर यात्रा में शामिल हो रहे हैं।

## रूस का यूक्रेन पर अब तक का सबसे बड़ा हमला

# दागे 728 ड्रोन और 13 मिसाइलें, बिजली और संचार नेटवर्क ठप

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ कीव

यूक्रेन पर रूस ने मंगलवार रात को रिकॉर्ड 728 ड्रोन और 13 मिसाइलें दागीं। यूक्रेन की वायुसेना ने इस हमले को अब तक का सबसे बड़ा हमला करार दिया है। इन ड्रोनों में ईरान निर्मित 'शाहिद' ड्रोन और कई डिकॉय ड्रोन शामिल थे। हमले का मुख्य निशाना यूक्रेन का पश्चिमी वोलिन क्षेत्र और उसकी राजधानी लुत्स्क रहा, जो पोलैंड और बेलारूस की सीमा से सटा हुआ है। यह हमला रातभर चला और इसका असर कई इलाकों में बिजली सप्लाई और संचार नेटवर्क पर पड़ा। इससे नागरिकों में दहशत फैल गई। यूक्रेनी ने 296 ड्रोनों और 7 मिसाइलों को मार गिराया। बाकी 415 ड्रोन या तो रडार से गायब हो गए या फिर इलेक्ट्रॉनिक जैमिंग तकनीक से निष्क्रिय कर दिए गए।



### रूस ने अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन किया

*यूरोप की शीर्ष मानवाधिकार अदालत ने बुधवार को अपने फैसले में कहा कि रूस ने यूक्रेन में अंतरराष्ट्रीय कानून का घोर उल्लंघन किया है। साथ ही अदालत ने 2014 में विमान 'एमएच 17' को मार गिराए जाने के लिए भी रूस को जिम्मेदार ठहराया। यूक्रेन पर 2022 से जारी रूस के हमलों के बीच पहली बार किसी अंतरराष्ट्रीय अदालत ने मॉस्को को मानवाधिकारों के हनन के लिए जिम्मेदार ठहराया है। यह भी पहली बार है जब किसी अंतरराष्ट्रीय अदालत ने 2014 की विमान त्रासदी के लिए रूस को जिम्मेदार ठहराया है, जिसमें 298 लोगों की जान चली गई थी।*

**मैं पुतिन से खुश नहीं हूं: राष्ट्रपति ट्रंप:** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि उन्होंने यूक्रेन को अतिरिक्त हथियार भेजने को मंजूरी दी है और वे रूस पर नए प्रतिबंधों पर विचार कर रहे हैं। ट्रंप ने मंगलवार को व्हाइट हाउस में एक कैबिनेट बैठक के दौरान रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर नाराजगी जताते हुए कहा कि मैं पुतिन से खुश नहीं हूं। रूसी और यूक्रेनी सैनिक हजारों की संख्या में मर रहे हैं। हम यूक्रेन को कुछ हथियार भेज रहे हैं और मैंने इसकी मंजूरी दी है। हम रूस पर व्यापक प्रतिबंध लगाने वाले एक द्विपक्षीय सीनेट बिल का समर्थन करने पर विचार कर रहे हैं।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109